শর্মা হার্ডওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 181 | गुवाहाटी | सोमवार, 23 जनवरी, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

मोस्टवांटेड कार चोर को पुलिस ने मारी गोली पेज 3
भारत-फ्रांस की नौसेनाओं ने द्विपक्षीय अभ्यास 'वरुण' में दिखाई ... पेज 4
औद्योगिक नगरी कानपुर निवेश सम्मेलन में रखा जाएगा पचास हजार करोड़ का प्रस्ताव पेज 5
सरकार आज 26 परियोजनाओं के एमओयू पर करेगी हस्ताक्षर पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

Door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*कार्य का स्वरुप निर्धारित हो जाने के बाद वह कार्य लक्ष्य बन जाता है।*

– आचार्य चाणक्य

*सीजेआई चंद्रचूड़ ने की घोषणा*

# हिंदी सहित भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होंगे सुप्रीम कोर्ट के फैसले



**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की प्रति अब जल्द ही हिंदी सहित देश की अन्य भाषा में उपलब्ध कराई जाएगी। इससे लोगों को अपनी भाषा में अदालत के फैसले की जानकारी मिलेगी। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड ने शनिवार को बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा (बीसीएमजी) की ओर से मुंबई के दादर स्थित योगी सभागृह में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि देश के अंतिम व्यक्ति को सस्ते में व तेजी से न्याय मिले, इसके हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। जब तक हमारे देश के नागरिक को उस भाषा में अदालत के फैसले की जानकारी नहीं मिलेगी जिस भाषा को वह समझता है तब तक न्याय व्यवस्था की सार्थकता साबित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में तकनीक की मदद से व्यापक बदलाव लाया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से सुप्रीम कोर्ट के फैसले हर भाषा में उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य शुरु है। व्यवस्था को व्यक्ति के लिए बनाया गया है। इसलिए व्यवस्था व्यक्ति के ऊपर नहीं हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने अदालत की कार्यवाही के सीधे प्रसारण पर भी जोर दिया और कहा कि मेरा मिशन है कि न्यायालय कागज रहित और तकनीक सुगम बने। उन्होंने न्यायपालिका में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ने की सराहना करते हुए युवा व नए वकीलों को ज्यादा अवसर देने पर जोर दिया। कहा कि मैं रोजाना आधे घंटे युवा वकीलों को सुनता हूं। इससे देश की नब्ज की जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बीआर गवई व बॉम्बे हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसवी गंगापुरवाला ने मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के न्यायिक विवेक की प्रशंसा की। वहीं, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने मुख्य न्यायाधीश के कानूनी पेशे के सफर का परिचय दिया। कार्यक्रम में बार काउंसिल आफ इंडिया के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा, हाईकोर्ट के मौजूदा व पूर्व न्यायमूर्तियों के अलावा बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा के चेयरमैन मिलिंग थोबड़े, बीसीएमजी के सचिव प्रवीण रणपिसे सहित बड़ी संख्या में वकील उपस्थित थे। चीफ जस्टिस ने बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा (बीसीएमजी) की ओर -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यायालय के फैसलों को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराना सराहनीय : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसलों को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने पर प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के जोर देने की रविवार को सराहना की। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि हाल में एक कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय के फैसलों को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने की बात कही। -शेष पृष्ठ दो पर



## किरेन रिजिजू ने जज का इंटरव्यू किया शेयर



**नई दिल्ली।** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के विचारों का समर्थन करने की मांग की, जिन्होंने कहा था कि उच्चतम न्यायालय ने खुद न्यायाधीशों की नियुक्ति का फैसला कर संविधान का अपहरण किया है। गौरतलब हैं कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव रहा है। रिजिजू ने दिल्ली कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर एस सोढ़ी (सेवानिवृत्त) के एक साक्षात्कार का वीडियो साझा करते हुए कहा कि यह एक न्यायाधीश की आवाज है और अधिकांश लोगों के समान समझदार विचार हैं। न्यायमूर्ति सोढ़ी ने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

## असम पुलिस में बड़ा फेरबदल



**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम पुलिस में बड़े स्तर पर पदोन्नति और स्थानांतरण किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निंबालकर वैभव चंद्रकांत को डीआईजी सीमा शाखा के रूप में पदोन्नत किया गया है, वहीं 10वीं पुलिस बल के कप्तान शिलादित्य चेतिया को डीआईजी प्रशासन शाखा में पदोन्नत किया गया। विशेष शाखा की पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह को पदोन्नत कर डीआईजी विशेष शाखा में भेजा गया है। राज्य सरकार ने सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी पुलिस अधीक्षक विजय गिरि कुलीग्राम को पदोन्नत किया और डीआईजी (एनआर) तेजपुर के लिए स्थानांतरित कर किया गया। आईजीपी बीटीएडी डिफू के डीआईजी (सीआर) सत्यराज हजारिका को पदोन्नत देकर आईजी बीटीएडी का प्रभार सौंपा गया है। डीआईजी (एनईआर) तिनसुकिया -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### नगालैंड में छापेमारी नशीले पदार्थ सहित 18 करोड़ रुपए जब्त

**कोहिमा/शिलांग।** नगालैंड विधानसभा चुनाव में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए नगालैंड पुलिस ने पूरे राज्य भर में छापे और तलाशी ली है। राज्य पुलिस ने इस एक सप्ताह में हथियार और गोला-बारूद सहित कुल 18 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जब्त की है। पुलिस ने यह जानकारी दी है। मालूम हो कि चुनाव आयोग ने 18 जनवरी को राज्य में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी। आयोग के मुताबिक, नगालैंड में इस साल 27 फरवरी को चुनाव होंगे। आधिकारिक जानकारी में कहा गया है कि इस सप्ताह पुलिस विभाग ने -शेष पृष्ठ दो पर

### चुनाव प्रचार के लिए 6 फरवरी को त्रिपुरा आएंगी ममता

**अगरतला (हि.स.)।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर त्रिपुरा आएंगी। वे 6 फरवरी को अगरतला पहुंचेगी और रात्रि विश्राम भी करेंगी। रविवार को पार्टी के एक राज्य स्तरीय नेता ने बताया कि पिछले शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव और सांसद अभिषेक -शेष पृष्ठ दो पर

### 26 को लांच होगी नाक से दी जाने वाली वैक्सीन

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या के बीच भारत के लिए एक अच्छी खबर है। देश में गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को नाक से दी जाने वाली पहली कोरोना वैक्सीन लॉन्च की जाएगी। भारत बायोटेक अपनी इंट्रानेजल कोविड-19 वैक्सीन इनकोवैक लॉन्च करेगी। कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कृष्णा एला ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। कृष्णा एला ने गाय और अन्य मवेशियों को अपनी -शेष पृष्ठ दो पर


## बैडमिंटन एसोसिएशन की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली/गुवाहाटी (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा रविवार को नई दिल्ली में बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की कार्यकारी समिति की बैठक में शामिल हुए। डॉ शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बैंडमिंटन एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। रविवार को डॉ. शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि देश में खेल को आगे बढ़ावा -शेष पृष्ठ दो पर




## शाहरुख ने फोन कर *पठान* के खिलाफ प्रदर्शनों पर जताई चिंता : सीएम हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अभिनेता शाहरुख खान ने रविवार को फोन पर उनसे बात करके शहर में फिल्म *पठान* के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों पर चिंता जताई है। शर्मा ने शाहरुख को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार फिल्म के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों के बारे में पता करेगी और सुनिश्चित करेगी कि फिर से कोई अप्रिय घटना ना हो। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने कहा था कि कौन हैं शाहरुख खान? मैं उनके या उनकी फिल्म पठान के बारे में कुछ नहीं जानता। मुख्यमंत्री ने फिल्म के खिलाफ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के हिंसक प्रदर्शन को लेकर पूछे गए सवाल पर यह टिप्पणी की थी। गौरतलब है कि शुक्रवार को शहर के नारेंगी सिनेमाघर पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धावा बोल दिया था, जहां फिल्म का प्रदर्शन होना है। दक्षिणपंथी समूह के कार्यकर्ताओं ने फिल्म के पोस्टर फाड़ दिए थे और उन्हें आग के हवाले कर दिया था। शर्मा ने अपने ट्वीट में कहा है कि बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने मुझे फोन किया और आज तड़के दो बजे हमने बातचीत की। उन्होंने गुवाहाटी में अपनी फिल्म के प्रदर्शन के दौरान हुई घटना पर चिंता जतायी। मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हम पता करेंगे और सुनिश्चित -शेष पृष्ठ दो पर



## अगर घाटे से उबर चुके हैं तो दाम घटाएं : पेट्रोलियम मंत्री



**नई दिल्ली।** 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम होने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने भी तेल कंपनियों से पेट्रोल-डीजल के दाम घटाने की अपील की है। उन्होंने रविवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें नियंत्रण में हैं। तेल कंपनियां भी अब घाटे से उबर चुकी हैं, ऐसे में मेरा अनुरोध है कि कंपनियां पेट्रोल-डीजल के दाम कम करें। पुरी ने कुछ राज्यों के वैट नहीं घटाने पर भी निशाना साधा। पुरी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने के बावजूद केंद्र सरकार ने नवंबर 2021 और मई 2022 में एक्साइज ड्यूटी कम की थी, लेकिन कुछ राज्य सरकारों ने वैट -शेष पृष्ठ दो पर

## रामचरित मानस बकवास, बैन लगना चाहिए : स्वामी प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर के बाद अब यूपी में समाजवादी पार्टी के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी रामचरित मानस को लेकर विवादित बयान दिया है। मौर्य ने रविवार को कहा कि कई करोड़ लोग रामचरित मानस को नहीं पढ़ते। यह तुलसीदास ने अपनी खुशी के लिए लिखा है। सरकार को रामचरित मानस के आपत्तिजनक अंश हटाना चाहिए या इस पूरी पुस्तक को ही बैन कर देना चाहिए। बता दें कि 10 दिन पहले बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर ने भी धर्मग्रंथ के बारे में विवादित टिप्पणी की थी। तब उन्होंने रामचरित मानस को नफरत फैलाने वाली हिंदू धर्म की पुस्तक बताया था। एक न्यूज चैनल से बातचीत में मौर्य ने आगे कहा कि ब्राह्मण भले ही दुराचारी, अनपढ़ या गंवार हो, लेकिन वह ब्राह्मण है। उसको पूजनीय कहा गया है, लेकिन शूद्र कितना भी पढ़ा-लिखा या ज्ञानी हो। उसका सम्मान मत करिए। क्या यही धर्म है? अगर, धर्म यही है, तो मैं ऐसे धर्म को नमस्कार करता -शेष पृष्ठ दो पर



## ऑपरेशन अलर्ट के जरिए दुश्मनों के मंसूबे नाकाम करेगी बीएसएफ


**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को कहा कि आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर बीएसएफ ने गुजरात के कच्छ जिले और राजस्थान के बाड़मेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए *ऑपरेशन अलर्ट* अभ्यास शुरू किया है। बीएसएफ गुजरात फ्रंटियर ने एक विज्ञप्ति में कहा कि शनिवार से शुरू हुई यह कवायद गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान राष्ट्रविरोधी तत्वों के -शेष पृष्ठ दो पर



**बर्फीले तूफान का अलर्ट**


## अगले 24 घंटे में कश्मीर के 8 और हिमाचल के 4 जिलों में एवलांच की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने कश्मीर के 8 और हिमाचल प्रदेश के 4 जिलों में अगले 24 घंटे में बर्फीले तूफान का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर की आपदा प्रबंधन अथॉरिटी ने कहा है कि राज्य के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, रामबन, बांदीपोर और कुपवाड़ा जिलों में मध्यम खतरे के स्तर का हिमस्खलन और बारामुला और गांदरबल जिलों में कम खतरे के स्तर का हिमस्खलन होने की संभावना है। अथॉरिटी ने लोगों को सावधानी बरतने और इन क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। हिमाचल प्रदेश के 4 जिलों में खतरे की आशंका जताई गई है। स्नो एंड एवलांच स्टडी एस्टेब्लिशमेंट (एसएएसई) मनाली ने चेतावनी जारी करते हुए कुल्लू, लाहौल स्पीति, चंबा के पांगी और किन्नौर जिले में ग्लेशियर व हिमखंड गिरने की आशंका जताई हे। ऐसे में सैलानियों और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। एसएएसई मनाली की ओर से जारी चेतावनी के अनुसार, जिला कुल्लू के नेहरू कुंड, कुलंग, पलचान, कोठी, रोहतांग -शेष पृष्ठ दो पर



## कैलिफोर्निया में चीनी न्यू ईयर फेस्टिवल में गोलीबारी, 10 की मौत

**मोंटेरे पार्क।** अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के लॉस एंजिलिस से अंधाधुंध गोलीबारी की खबर सामने आ रही है। इस गोलीबारी में 10 लोगों के मारे जाने की सूचना मिली है। पुलिस ने बताया कि लॉस एंजिलिस के पूर्व में स्थित मोंटेरे पार्क में चीनी चंद्र नववर्ष समारोह के बाद शनिवार देर रात गोलीबारी की घटना हुई। जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। हालांकि, पुलिस जांच में जुटी हुई है। लॉस एंजिलिस काउंटी शेरिफ विभाग के सार्जेंट बॉब बोस ने बताया कि यह गोलीबारी मोंटेरे पार्क के गारवे एवेन्यू में हुई। एक व्यक्ति ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। 60,000 निवासियों वाले शहर मोंटेरे पार्क में बड़ी संख्या में एशियाई -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# शिखर सम्मेलन से पूर्व असम में होंगी जी-20 की पांच बैठकें

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** जी-20 शिखर सम्मेलन देश में पहली बार होने जा रहा है। इसमें 29 देश हिस्सा लेंगे। इससे पहले देशभर में बैठकें की जा रही हैं। इसी क्रम में पांच बैठकें असम में होंगी। पांच बैठकों में से एक डिब्रूगढ़ में होगी और बाकी सभी गुवाहाटी में होंगी। पहली बैठक 2 और 3 फरवरी को गुवाहाटी को होगी। जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले होने वाली बैठकों के लिए असम सरकार पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। बैठकों के क्रम में यूथ-20 ग्रुप की पहली बैठक 6 से 8 फरवरी तक गुवाहाटी में होगी। असम के 34 जिलों के 50 से अधिक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लगभग 12 हजार छात्र शिखर सम्मेलन के पांच विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। यह विचार-विमर्श और सुझाव वाई-20 बैठक के दौरान प्रतिनिधियों के साथ साझा किए जाएंगे। असम के चार सौ चयनित छात्र 7 फरवरी को आईआईटी-गुवाहाटी में केंद्रीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा सरकार ने इन बैठकों के लिए सभी इंतजाम पहले ही कर लिए हैं। इसके मद्देनजर गुवाहाटी नगर निगम को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें शहर की हर सड़क, बाईपास को खूबसूरती से सजाने, सड़कों को ठीक करने, कचरा हटाने, पुराने बैनर-होर्डिंग को हटाने के लिए भी कड़े निर्देश दिये हैं। इसके लिए नगर निगम विशेष कदम उठा रही है। नगर निगम ने निर्माण कार्य वाले स्थानों को कवर करने के साथ फ्लाईओवर, डिवाइडर की सफाई करने तथा कचरा निष्कासन का दायित्व नगर निगम को सौंपा गया है। कुल मिलाकर गुवाहाटी को सुंदर बनाने के लिए सभी तरह के कदम राज्य सरकार ने उठा रही है, ताकि यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों को एक सुंदर गुवाहाटी नजर आए।




# आदिवासी उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण



**तेजपुर ( निसं )।** सरकार के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के चार महीने बाद ऑल आदिवासी नेशनल लिबरेशन आर्मी (आनला) के 46 से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रविवार को असम के सोनितपुर जिले में आत्मसमर्पण करने के साथ अपने हथियार डाल दिए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।एएएनएलए के पूर्व उग्रवादियों ने ढेकियाजुली में आयोजित एक समारोह में जिला पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को हथियार सौंपे। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) और पुलिस उपाधीक्षक (सीमा) भी मौजूद रहे। एएएनएलए असम में स्थित उन आठ आदिवासी उग्रवादी संगठनों में से एक था, जिसने 15 सितंबर, 2022 को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की उपस्थिति में केंद्र सरकार के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि उग्रवादियों द्वारा जमा किए गए हथियारों में आठ पिस्तौल, छह राइफलें और गोला-बारूद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एएएनएलए के 46 से अधिक सदस्यों ने हथियार डाल दिए हैं। उनके अध्यक्ष डी नायक, जो पहले ही आत्मसमर्पण कर चुके थे, भी इस अवसर पर मौजूद थे। डी नायक ने कहा कि एएएनएलए के उग्रवादियों ने हथियार डाल दिए हैं क्योंकि उनका मानना है कि शांति समझौता, चाय की खेती करने वाली जनजातियों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके विकास को सुनिश्चित करने में सक्षम होगा।

# ग्लोबल टेररिस्ट मक्की बोला कश्मीर पाक का राष्ट्रीय मुद्दा

**नई दिल्ली।** आंतकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी अमीर अब्दुल रहमान मक्की ने कश्मीर को पाकिस्तान का राष्ट्रीय मुद्दा बताया है। उसने कहा- कश्मीर के संबंध में मैं कहना चाहूंगा कि हम इसे पाकिस्तान का राष्ट्रीय मुद्दा मानते हैं। इसे संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के प्रस्तावों के मुताबिक हल किया जाना चाहिए, ताकि कश्मीर के लोगों के खिलाफ अत्याचार खत्म हो सके। अब्दुल रहमान मक्की ने संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) के ग्लोबल आतंकी घोषित किए जाने के बाद पाकिस्तान की कोट लखपत जेल से अपना एक वीडियो जारी किया है। इसी वीडियो में उसने कश्मीर को घसीटा। पाकिस्तान लश्कर-ए-तैयबा के लीडर अब्दुल रहमान मक्की ने आतंकी संगठन अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े होने के आरोपों को खारिज किया। उसने कहा कि इन दोनों आतंकी संगठनों की विचारधारा उससे बिल्कुल अलग है। कई आतंकी हमलों के आरोपी



मक्की ने यह भी कहा कि वो अल-कायदा और आईएसआईएस की ओर से किए गए सभी हमलों की निंदा करता है। आतंकी अब्दुल रहमान मक्की ने अपने वीडियो में इस बात को भी नकारा है कि वो साल 1980 में इस्लामिक युनिवर्सिटी ऑफ इस्लामाबाद में फैकल्टी मेंबर रहते हुए अल कायदा और अफगान कमांडरों से मिला था। मक्की पाकिस्तान के पंजाब राज्य की जेल में साल 2019 से कैद है। साल 2020 में मक्की को दो और आतंकी हमलों का भी दोषी ठहराया जा चुका है।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**ग्वालपाड़ा ( हि.स. )।** ग्वालपाड़ा जिला के अगिया थाना अंतर्गत टुकूरा इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि जिला के अगिया थाना अंतर्गत टुकूरा इलाके में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-17 पर मिनी ट्रक (डब्लूबी-51सी-0109) और बाइक (एएस-18के-3867) के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने गंभीर रूप से घायल बाइक चालक जहिरूर इस्लाम को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

## वन विभाग ने दो लकड़ी मिल को किया सीज

**हैलाकांदी ( हि.स. )।** हैलाकांदी जिला की वन विभाग की टीम ने वन माफिया और अवैध लकड़ी मिल के खिलाफ अभियान चलाकर भारी मात्रा में लकड़ी जब्त किया है। वन विभाग ने रविवार को बताया कि जिला के आयनाकाल इलाके में दो अवैध लकड़ी मिलों में वन विभाग ने अभियान चलाया।

# कांग्रेस राहुल गांधी की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेगी, जम्मू में हुए विस्फोटों पर बोले जयराम रमेश

**जम्मू।** जम्मू के बाहरी इलाके में दो बम विस्फोटों में नौ लोगों के घायल होने के एक दिन बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यात्रा गुरुवार शाम पंजाब होते हुए जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में दाखिल हुई थी। शनिवार को एक दिन के विराम के बाद यात्रा रविवार को हीरानगर से शुरू हुई और 23 जनवरी को जम्मू पहुंचेगी। यात्रा सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। पार्टी नेताओं के अनुसार, गांधी जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे बनिहाल में लोगों के साथ गणतंत्र दिवस मना सकते हैं। गांधी परिवार की सुरक्षा के बारे में रमेश ने कहा कि आतंकवाद पर पार्टी का रुख स्पष्ट है और आतंकवाद के षड्यंत्रकारियों या प्रायोजकों से निपटने में कोई समझौता नहीं होगा। सांबा के चक नानक में रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि गांधी की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम सुरक्षा एजेंसियों के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से पालन कर रहे हैं। हीरानगर से 21 किमी की दूरी तय करने के बाद यात्रा रात के लिए सांबा में रुकेगी। पार्टी की जम्मू-कश्मीर प्रभारी रजनी पाटिल, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख विकार रसूल वानी और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रविंदर शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार समाप्त होगी। वानी ने कहा कि राहुल गांधी केंद्र शासित प्रदेश में यात्रा कर रहे हैं और गणतंत्र दिवस पर जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे बनिहाल में तिरंगा फहरा सकते हैं। जम्मू के बाहरी हिस्से के एक व्यस्त इलाके में शनिवार को दो विस्फोट में नौ लोग घायल हो गए। पुलिस को संदेह है कि नरवाल के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में मरम्मत की एक दुकान में खड़ी एसयूवी और पास के कबाड़खाने में एक वाहन में विस्फोट करने के लिए आईईडी का इस्तेमाल किया गया था। हमले की निंदा करते हुए पार्टी प्रवक्ता शर्मा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में यात्रा का अंतिम चरण सुरक्षा एजेंसियों के परामर्श से तय किया गया था। उन्होंने कहा कि हम अपने नेता की सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं। एक दिन पहले दोहरे विस्फोट से सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठा है। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से सतर्क हैं और अपना काम संतोषजनक ढंग से कर रही हैं, लेकिन ऐसी घटनाओं के मद्देनजर सरकार का यह दावा झूठा साबित होता है कि आतंकवाद को खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर को, उन्होंने (सुरक्षा एजेंसियों ने) दावा किया था कि आतंकवाद का सफाया हो गया है और अगले दिन राजौरी के धंगरी गांव में हमला हुआ, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के सात लोग मारे गए। पार्टी प्रवक्ता ने यह भी कहा कि यात्रा कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार इसकी योजना बनाई गई है। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के संचार, प्रचार एवं मीडिया विभाग के प्रभारी रमेश ने



आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश में *अघोषित* आपातकाल लगाया है। उन्होंने कहा कि घोषित आपातकाल से ज्यादा खतरनाक अघोषित आपातकाल है... भाजपा ने देश में लोकतंत्र की भावना को समाप्त कर दिया है। हालांकि, चुनाव हो रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम लोकतांत्रिक हैं। संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर पार्टी के रुख के बारे में पूछे जाने पर, कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है, लेकिन अभी जो अधिक गंभीर है, वह जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक गतिविधियों की बहाली है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर गृह मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय बन गया है। केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कब होंगे और इसे पूर्ण राज्य का दर्जा कैसे मिलेगा, जैसे वास्तविक मुद्दे हैं।

# पृष्ठ एक का शेष

## हिंदी सहित भारतीय...

से तैयार की गई सीविल व क्रिमिनल प्रैक्टिस हैंडबुक का विमोचन किया। इसके साथ ही उन्होंने बीसीएमजी के एयर न्यूज व व्यूज चैनल की भी शुरुआत की। बीसीएमजी देश का पहला बार काउंसिल है जिसने युवा वकीलों के लिए अपनी तरह की अनूठी प्रैक्टिस हैंड बुक का प्रकाशन किया है। 50 हजार युवा वकीलों को इस हैंडबुक की प्रति निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में कई भाषाएं हैं जो हमारी सांस्कृतिक जीवंतता को जोड़ती हैं। केंद्र सरकार भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रयास कर रही है, जिसमें इंजीनियरिंग और चिकित्सा जैसे विषयों को अपनी मातृ भाषा में पढ़ने का विकल्प शामिल है।

## न्यायालय के फैसलों ...

उन्होंने इसके लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग का भी सुझाव दिया। यह एक प्रशंसनीय विचार है, जो कई लोगों की मदद करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई में बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश के संबोधन के संबंधित वीडियो क्लिप को भी साझा किया। अतीत में प्रधानमंत्री ने न्यायिक निर्णयों को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराकर आम आदमी के लिए अधिक सुलभ बनाने की लगातार हिमायत की है। मोदी ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि भारत में कई भाषाएं हैं, जो हमारी सांस्कृतिक जीवंतता को बढ़ाती हैं। केंद्र सरकार भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रयास कर रही है, जिसमें इंजीनियरिंग और चिकित्सा जैसे विषयों को अपनी मातृ भाषा में पढ़ने का विकल्प शामिल है।

## किरेन रिजिजू ने ...

कि कानून बनाने का अधिकार संसद के पास है। कानून मंत्री ने यह भी कहा कि वास्तव में अधिकांश लोगों के समान विचार हैं। यह केवल वे लोग हैं जो संविधान के प्रावधानों की अवहेलना करते हैं और लोगों के जनादेश को लगता है कि वे भारत के संविधान से ऊपर हैं। मंत्री ने ट्वीट किया कि भारतीय लोकतंत्र की असली सुंदरता इसकी सफलता है। लोग अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से खुद पर शासन करते हैं। चुने हुए प्रतिनिधि लोगों के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं और कानून बनाते हैं। हमारी न्यायपालिका स्वतंत्र है और हमारा संविधान सर्वोच्च है। साक्षात्कार में न्यायमूर्ति सोढ़ी ने यह भी कहा कि शीर्ष अदालत कानून नहीं बना सकती क्योंकि उसके पास ऐसा करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कानून बनाने का अधिकार संसद का है। क्या आप संविधान में संशोधन कर सकते हैं? केवल संसद संविधान में संशोधन करेगी। लेकिन यहां मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार संविधान का अपहरण किया है। *अपहरण* के बाद उन्होंने कहा कि हम (न्यायाधीशों) की नियुक्ति करेंगे। जस्टिस सोढ़ी ने हिंदी में कहा कि हमारी और सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं होगी। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक प्रमुख संघर्ष बिंदु बन गई है। जबकि रिजिजू ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम प्रणाली को भारतीय संविधान के लिए विदेशी बताया है, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम (एनजेएसी) और एक संबंधित संविधान संशोधन को रद करने के लिए शीर्ष अदालत पर सवाल उठाया है। एनजेएसी कानून लाकर सरकार ने 1992 में अस्तित्व में आई कॉलेजियम प्रणाली को उलटने की कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों की नियुक्तियों को मंजूरी देने में देरी पर शीर्ष अदालत ने सरकार से सवाल किया है। पिछले हफ्ते, सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने दूसरी बार कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए दो अधिवक्ताओं के नामों को शीघ्रता से दोहराया था, यह कहते हुए कि सरकार बार-बार एक ही प्रस्ताव को वापस भेजने के लिए खुली नहीं थी। पिछले हफ्ते, सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने दूसरी बार कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए दो अधिवक्ताओं के नामों को शीघ्रता से दोहराया था, यह कहते हुए कि सरकार बार-बार एक ही प्रस्ताव को वापस भेजने के लिए खुली नहीं थी।

## असम पुलिस में बड़ा ...

जीतमल दलै को आईजीपी (एनईआर) के रूप में पदोन्नत किया गया है। असम पुलिस हाउस निर्माण के प्रबंध निदेशक अरविंद कलिता को पदोन्नत कर उन्हें आईजीपी बीआई (ईओ) का प्रभार सौंपा गया है। सुरक्षा विभाग के डीआईजी इमदादुल हुसैन बोरा को पदोन्नत किया गया है और आईजीपी सुरक्षा विभाग सौंपा गया है। डीआईजी, सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी, देवज्योति मुखर्जी को आईजीपी (सीआर) नागांव के रूप में पदोन्नत किया गया है। दूसरी ओर विशेष पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह को सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया। आईजीपी सुरेंद्र कुमार को एडीजीपी के रूप में पदोन्नत करते हुए सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईजीपी (टी एंड एपी) को उसी विभाग में एडीजीपी के पद पर पदोन्नत किया गया है।

## बैडमिंटन एसोसिएशन...

देने पर बैठक में चर्चा की गई। उन्होंने कहा है कि अधिक से अधिक युवाओं को आकर्षित करने और उनके कौशल को और बेहतर बनाने के लिए उन्हें एक उचित मंच प्रदान करने के लिए एसोसिएशन की ओर से सभी आवश्यक पहल की जाएगी।

## शाहरुख ने फोन कर...

करेंगे कि कोई अप्रिय घटना न हो। गौरतलब है कि शाहरुख खान के इस मामले में फोन करने से पहले ही मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा था कि अगर कानून-व्यवस्था का उल्लंघन होता है, तो कार्रवाई की जाएगी। विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री के पूर्व के बयान और हालिया टिप्पणी को लेकर उनपर निशाना साधा। शाहरुख पर मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ प्रवक्ता बबीता शर्मा ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री को इस तरह की बातें करने की आदत है। एक दिन उन्होंने कहा था कि वह हमारे वरिष्ठ नेता जयराम रमेश को नहीं जानते, जबकि शर्मा दशकों तक कांग्रेस में रहे। असम राज्य फिल्म वित्त और विकास निगम की पूर्व अध्यक्ष और अदाकारा शर्मा ने कहा कि यह ध्यान आकर्षित करने के लिए एक तरह का पब्लिसिटी स्टंट हो सकता है। बबीता शर्मा ने सोशल मीडिया पर यह भी लिखा कि शाहरुख ने गुवाहाटी में गोल्ड सिनेमा फ्रेंचाइजी के मालिक को भी फोन किया था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इसके एक थियेटर के सामने प्रदर्शन किया था। वहीं, असम जातीय परिषद (एजेपी) के महासचिव और सांस्कृतिक कार्यकर्ता जगदीश भुइयां ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए ट्वीट किया कि शाहरुख खान कौन हैं? मुख्यमंत्री ने शाहरुख खान से रात 2 बजे क्यों बात की, जिन्हें वह जानते भी नहीं हैं?

## अगर घाटे से उबर ...

नहीं घटाया। इस वजह से उन राज्यों में अब भी तेल की कीमतें ज्यादा हैं। हरदीप पुरी बनारस में गंगा घाट पर सीएनजी बोट रैली में बोल रहे थे। इस साल 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। त्रिपुरा में 16 फरवरी को मतदान होगा। मेघालय और नगालैंड में 27 फरवरी को वोटिंग होगी। सभी राज्यों के नतीजों का ऐलान 2 मार्च को होगा। जबकि, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिजोरम, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना में भी इस साल के अंत तक चुनाव होने हैं। इन चुनावों को 2024 के लोकसभा चुनाव के सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। मध्य प्रदेश, त्रिपुरा और कर्नाटक में भाजपा की सरकार है, जबकि नगालैंड, मेघालय और मिजोरम की सत्ता पर क्षेत्रीय दल काबिज है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी वहां सहयोगी दल के तौर पर काबिज है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस तो तेलंगाना मेंचष्ट्रकी पार्टी बीआरएस की सत्ता है। इसके अलावा अगर सरकार चाहेगी तो जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव हो सकते हैं। वहां राज्य चुनाव आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि यह दस राज्यों का चुनावी साल हैं। चुनावों में डीजल-पेट्रोल की कीमतें बढ़ा मुद्दा होती हैं, ऐसे में सरकार चाहेगी कि इनके दाम कम हों।

## रामचरित मानस बकवास...

हूं। जो धर्म हमारा सत्यानाश चाहता है, उसका सत्यानाश हो। मौर्य ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि इस देश का दुर्भाग्य है कि धर्म के ठेकेदार ही धर्म को बेच रहे हैं। तमाम समाज सुधारकों की कोशिश से देश आज तरक्की के रास्ते पर है, लेकिन ऐसी सोच वाले बाबा समाज में रूढ़िवादी परम्पराओं और अंधविश्वास पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। धीरेंद्र शास्त्री ढोंग फैला रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसे लोगों को जेल में डाल देना चाहिए जो भारत के संविधान की भावनाओं को आहत करते हों। उन्होंने कहा कि जब सभी बीमारियों की दवा बाबा के पास है, तो सरकार बेकार में मेडिकल कॉलेज, अस्पताल चला रही है। सभी लोग जाकर बाबा के यहां दवा ले लें। तुलसीदास ने जब रामचरितमानस लिखी। तब महिला और दलितों को पढ़ने-लिखने का अधिकार नहीं था। इन्हें पढ़ने का अधिकार अंग्रेजों ने दिया था। मौर्य ने कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, लेकिन कोई भी धर्म किसी भी जाति या वर्ग विशेष के लोगों को अपमानित नहीं करता है। लेकिन रामचरितमानस में एक चौपाई का अंश है, जिसमें कहा गया है कि जे बरनाधम तेलि कुम्हारा। स्वपच किरात कोल कलवारा। इसमें जिन जातियों का जिक्र है। ये सभी हिंदू धर्म को मानने वाली हैं। इसमें सभी जातियों को नीच और अधम कहा गया है। धर्म इंसान को जातियों में नहीं बांटता है।

## ऑपरेशन अलर्ट के ...

किसी भी बुरे मंसूबे को विफल करने के लिए की जा रही है। इसमें कहा गया है कि ऑपरेशन अलर्ट अभ्यास 21 जनवरी को शुरू हुआ था और 28 जनवरी तक सर क्रीक (दलदली क्षेत्र) से भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ-साथ गुजरात में कच्छ के रण और राजस्थान के बाड़मेर जिले तक जारी रहेगा। बयान में कहा गया है कि बीएसएफ इस कवायद के तहत अग्रिम और गहराई वाले क्षेत्रों के साथ-साथ खाड़ियों और *हरामी नाला* में विशेष अभियान चलाएगा। गुजरात में कच्छ के साथ भारत-पाकिस्तान सीमा संवेदनशील है क्योंकि कई पाकिस्तानी नागरिक अतीत में मछली पकड़ने के लिए भारतीय जल क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद नावों के साथ पकड़े गए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीएसएफ ने 2022 में गुजरात के इस क्षेत्र से 22 पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा था। इसके अनुसार बीएसएफ ने मछली पकड़ने की 79 नाव और 250 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन और 2.49 करोड़ रुपए मूल्य की चरस जब्त की थी।

## अगले 24 घंटे में कश्मीर...

पास, सोलंगनाला, धुंधी, व्यासकुंड, साउथ पोर्टल और बंजार, आनी उपमंडल को आपस में जोड़ने वाले जलोड़ी दर्रा में पहाड़ियों से हिमस्खलन होने का खतरा है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में कोकसर, सिसु, तांदी, दारचा, सरचू, उदयपुर, कीर्तिंग, छतड़ू, बातल, लोसर, सूमदो आदि क्षेत्रों में पहाड़ियों से ग्लेशियर गिरने की चेतावनी जारी की गई है। किन्नौर जिले के कल्पा और पूह की पहाड़ियों से हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी की गई है, जबकि चंबा के किलाड क्षेत्र में भी कई जगह हिमखंड गिरने की संभावना बनी हुई है। डेफेंस जियो इंफोर्मेटिक्स रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट की ओर से भी ग्लेशियर और हिमखंडों के गिरने की चेतावनी जारी की गई है। साथ ही आपदा प्रबंधन के माध्यम से लोगों को ऐसे क्षेत्रों की ओर न जाने की सलाह दी गई है, जहां हिमखंडों के गिरने का खतरा बना हो। जिला प्रशासन कुल्लू और लाहौल स्पीति ने भी पर्यटकों के साथ-साथ लोगों से आग्रह किया है कि वे हिमस्खलन क्षेत्र की ओर न जाएं। मौसम साफ होने के बाद हिमखंड और ग्लेशियर गिरने का खतरा ज्यादा होता है।

## कैलिफोर्निया में चीनी...

आबादी रहती है। यह शहर लॉस एंजिल्स से करीब 16 किलोमीटर दूर है। गोलीबारी वाले स्थान के पास में स्थित एक रेस्त्रां के मालिक सेउंग वोन चोई ने बताया कि तीन लोग उनके रेस्त्रां में आ गए और उन्हें दरवाजा बंद करने के लिए कहा। इस दौरान लोगों ने सेउंग वोन चोई को बताया कि मशीन गन लिए हुए एक शूटर के पास कई राउंड की गोलियां भी मौजूद थी। रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार गोलीबारी की घटना रात 10 बजे हुई। बता दें कि दक्षिणी कैलिफोर्निया के बड़े चंद्र नववर्ष कार्यक्रमों में से एक दो दिवसीय उत्सव की शुरुआत शनिवार को हुई थी। इससे पहले फ्लोरिडा के फोर्ट पियर्स में गोलीबारी की घटना हुई थी। जिसमें कम से कम 8 लोग घायल हो गए थे। फोर्ट पियर्स के इलौस एलिस पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में लाइव म्यूजिक, बच्चों के लिए कई तरह के खेलों का भी आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान गोलीबारी हुई थी।

## नगालैंड में छापेमारी ...

कुल 18,49,73,650 रुपए की राशि जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, विभाग द्वारा जब्त किए गए समानों में 3,43,53,025 रुपए के नशीले पदार्थ, 14,84,14,000 रुपए के प्रतिबंधित समान, 50,900 रुपए के हथियार और गोला-बारूद, 21,25,725 रुपए के भारत में बनाए गए विदेशी शराब और 30,000 रुपए की अन्य समान बरामद किए गए हैं। पुलिस विभाग ने इस दौरान राज्य में आदर्श आचार संहिता के कार्यान्वयन के लिए लोगों से समर्थन की मांग की है। मालूम हो कि चुनाव आयोग ने 18 जनवरी को पूर्वोत्तर राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में इस साल फरवरी-मार्च में होने वाले विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की थी। तीनों राज्यों के नतीजे 2 मार्च 2023 को घोषित किए जाएंगे। त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में 16 फरवरी को और नगालैंड और मेघालय में 27 फरवरी को होगा। इस बीच मेघालय में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रशासन ने पूर्वी जयंतियां हिल्स जिले के एक गांव से करीब 10 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं, जिनका कोई लेखा-जोखा नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि सुतंगा-साईपुंग विधानसभा क्षेत्र के उम्किआंग गांव में तीन अलग-अलग अभियानों में असम से आने वाले वाहनों से यह नकदी जब्त की गई है। चुनाव आयोग (ईसी) प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल और चुनाव की सत्यनिष्ठा पर सोमवार से शुरू हो रहे दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। चुनाव आयोग ने रविवार को एक बयान में कहा कि दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन यहां मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार करेंगे। इसमें कहा गया है कि 17 देशों/ चुनाव प्रबंधन निकायों के लगभग 43 प्रतिभागियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के छह प्रतिभागियों के इसमें शामिल होने की उम्मीद है।


## चुनाव प्रचार के लिए ...

बनर्जी ने आगामी त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक बैठक की। इस बैठक में पार्टी की रणनीति तय करने पर मंथन हुआ। इसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चुनाव प्रचार कार्यक्रम की घोषणा की गई। जानकारी के अनुसार ममता बनर्जी के 6 जनवरी की दोपहर को दो दिवसीय दौरे पर त्रिपुरा पहुंचेंगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 7 फरवरी की सुबह अगरतला से उदयपुर स्थित माता त्रिपुरसुंदरी मंदिर भी जाएंगी। त्रिपुरासुंदरी की पूजा के बाद अगरतला में पार्टी के प्रचार के लिए ममता बनर्जी रोड शो भी करेंगी। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी का कार्यक्रम तय करने के लिए तृणमूल कांग्रेस की राज्य चुनाव समिति रविवार को बैठक करेगी।

## 26 को लांच होगी ...

चपेट में लेने वाली लंपी त्वचा रोग के लिए भी स्वदेशी टीका लंपी-प्रोवैकइंड लॉन्च करने की बात भी कही। इसे अगले महीने तक लॉन्च किया जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, नेजल वैक्सीन को अभी बूस्टर डोज के तौर पर दिया जाएगा। मतलब जिन लोगों को कोवैक्सिन या कोवीशील्ड के दो-दो डोज लग चुके हैं, उन्हें ये नेजल वैक्सीन बूस्टर डोज के रूप में दी जाएगी। हालांकि जिन लोगों को वैक्सीन की एक डोज भी नहीं लगी है, उन्हें इसे प्राइमरी वैक्सीन के तौर पर भी दिया जा सकता है। इसके चार ड्रॉप्स हर एक शख्स को दिए जाएंगे।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **सप्तम अध्याय**

**( विरह )**

**शब्द घटा घन घेरि कर, दहु दिशि धाये आय।**
**अमिय वृष्टि :रि लाइया, जलती आग बुझाय॥ 23॥**

**शब्दार्थ :** (शब्द) परम पुरुष, पूर्ण स्वामी (घन) बादल (घटा) उमड़ना (घेरि) मंडल (दहु दिशि) दसों ओर (बुझाय) शान्त।

**भाष्य :** शब्द, सत्पुरुष का बादल दशों दिशाओं से घेर कर आ गया और अमृत की वर्षा करने लगा, जिससे हृदय की जलती हुई आग बुझ गयी।

**नयन वयन मन श्रवण में, आश मिलन प्रभु रूप।**
**रोम रोम से प्रकट है, अद्भुत शब्द स्वरूप॥ 24॥**

**शब्दार्थ :** (नयन) चक्षु (वयन) वाणी (मन) इन्द्रियों का प्रेरक (श्रवण) कान (रोम-रोम) अंग-प्रत्यंग (अद्भुत) अलौकिक (शब्द) आनंदस्वरूप परब्रह्म।

**भाष्य :** विरही को चक्षु, वाणी, कान, मन अं अंग-प्रत्यंग से शब्दस्वरूप परम पुरुष के मिलने की आशा लगी हुई है।

# मोस्टवांटेड कार चोर को पुलिस ने मारी गोली



**कछार ( हि.स. )।** जिले के मुख्यालय सिलचर शहर में रविवार को पुलिस की फायरिंग में चोरी के मामले में आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार यह कार चोरी मामलों में मोस्ट वांटेड है। आरोपी ने चाकू से हमला कर एक पुलिसकर्मी को घायल कर दिया था। दोनों घाययों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कछार के पुलिस अधीक्षक नोमल महतो ने बताया कि जिला के कई थानों में कार चोरी समेत कई मामलों में आरोपी कछार जिला के दुर्गानगर इलाके का रहने वाले अफजाल हुसैन बरभुइयां के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। वह पिछले कुछ दिनों से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि अफजल शहर के गोपालगंज इलाके में छिपे होने की जानकारी शनिवार रात मिली थी। इस पर पुलिस ने रविवार की सुबह करीब आठ बजे गोपालगंज इलाके में उसे पकड़ने गई, इस पर उसने पुलिस से हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान अफजल ने चाकू से अनवर हुसैन नामक पुलिसकर्मी पर हमला कर बड़ी मस्जिद की तरफ भागने की कोशिश की। मजबूरन पुलिस को गोली चलानी पड़ी। गोली लगने से घायन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस फायरिंग में घायल अफजाल हुसैन और अफजल के चाकू से घायल पुलिसकर्मी अनवर हुसैन को सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफजल की हालत गंभीर बनी हुई है। सूत्र ने कहा कि गोली उसके पेट के निचले हिस्से में घुसी और उसकी नाभि से होते हुए निकल गई।

## दिग्गज अभिनेता प्रणजीत दास का निधन

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के प्रसिद्ध अभिनेता प्रणजीत दास का निधन हो गया। अभिनेता ने गुवाहाटी के मेट्रो अस्पताल में रविवार की सुबह करीब 10 बजे अंतिम सांस ली। अभिनेता प्राणजीत दास को मोबाइल थिएटर में लोकप्रिय अभिनेताओं में गिना जाता था। मुख्यमंत्री ने दिग्गज अभिनेता दास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अभिनेता दास कुछ दिन पहले उस समय बीमार पड़ गए थे, जब वह सूर्या थियेटर में परशुरामनाथ के प्रिय नामक नाटक का मंचन के दौरान वह गिर गए थे। अभिनेता को हाटशिंगिमारी सिविल अस्पताल ले जाया गया। कलाकार को बाद में बेहतर इलाज के लिए गुवाहाटी रेफर कर दिया गया और मेट्रो अस्पताल के आईसीयू में उसका इलाज चल रहा था। ब्रेन स्ट्रोक से पीड़ित अभिनेता की मौत हो गई। अभिनेता दास के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ. हेमेन्त विश्वशर्मा ने शोक जताया। अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि उनके अभिनय और एक्शन के अंदाज को लंबे समय तक याद किया जाएगा, अपने अनोखे अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे।

# गौहाटी विवि के वाणिज्य विभाग ने मनाया प्लेटिनम जुबली समारोह



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** पूर्वोत्तर में उच्च शिक्षा के अग्रणी संस्थान गौहाटी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग का रविवार को प्लेटिनम जुबली और पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने हिस्सा लिया। समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के साथ द मर्चेंट नामक एक स्मारिका का विमोतन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि गौहाटी विश्वविद्यालय का वाणिज्य विभाग पूर्वोत्तर में अन्य वाणिज्य शिक्षा संस्थानों के अभिभावक की तरह है। गौहाटी विश्वविद्यालय का वाणिज्य विभाग असम और पूर्वोत्तर में व्यावसायिक शिक्षा के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रतापज्योति हैंडिक, वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमृतपाल सिंह, प्लेटिनम जुबली समिति के पदाधिकारियों, एसआरडी ग्रुप के निदेशक अनुपम डेका, प्रोफेसर, पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थी और गण्यमान्य व्यक्ति उपास्थित थे।

## दो दिवसीय श्री नारायणी नमो नमो भजन उत्सव संपन्न



**गुवाहाटी ( नसं )।** श्री नारायणी नमो नमो भजन उत्सव का 26 वां दो दिवसीय कार्यक्रम में आज दुसरे दिन संपन्न हुआ। गौरतलब है कि पहले दिन मां कामाख्या धाम मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ था। इस अवसर पर प्रथम दिन नीलांचल पहाडी स्थित कामाख्या धाम में शोभायात्रा के साथ प्रवेश कर सौभाग्य कुंड में स्नान के साथ पंडितों द्वारा गंगा के महा आरती की गई थी। दूसरे दिन के आयोजन में ग्यारह सौ महिलाओं ने पारंपरिक पोशाक पहनकर मंगल पाठ में हिस्सा लिया। प्रसिद्ध गायक कुंवर तेजस राणा ने संगीतमय मंगल पाठ प्रस्तुत किया। मंगल पाठ के प्रसंगों के बीच में प्रस्तुत भजनों की लय पर महिला पुरुष सभी नृत्य करने को मजबूर हो गए। इस अवसर पर सजाए गए नारायणी के भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र बना रहा।मंगल पाठ के पश्चात संध्या मे कोलकाता के प्रसिद्ध गायक सौरव मधुकर ने भजनों की लड़ी प्रस्तुत की। बनारस से आए हुए पंडितों द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर नारायणी की आरती की गई। इसके पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# सिलचर कोचिंग मेंटेनेंस डिपो के 125 वर्ष पूर्ण




**गुवाहाटी ( हि.स. )।** सिलचर स्थित कोचिंग मेंटेनेंस डिपो ने अपने 125 साल पूरे कर लिये हैं। वर्ष 1898 में शुरू हुआ यह डिपो ब्रिटिश काल से पूर्वोत्तर में ट्रेन सेवाओं की शुरुआत से जुड़ा है। असम बंगाल रेलवे मार्ग, जो पूर्व-विभाजित भारत के सिलेट जिले से तत्कालीन कछार जिला के करीमगंज होकर बदरपुर तक पहुंचा।पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए संचार के इतिहास में सही मायने में यह मील का पत्थर साबित हुआ था। यह पहली बार था, जब पूर्वोत्तर का एक हिस्सा शेष भारत के साथ सीधा जुड़ गया था। बाद में, यह मार्ग हाफलंग होकर लमडिंग तक विस्तारित होने पर बदरपुर-लमडिंग हिल सेक्शन के रूप में प्रचलित हुआ। पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने रविवार को एक बयान में बताया है कि वर्ष 1898 में स्थापित यह पूर्वोत्तर का पहला कोचिंग डिपो है। सिलचर का कोचिंग डिपो पूरे पूर्वोत्तर में विभाजन से पहले और बाद के समय में ट्रेन परिचालन में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शुरुआत में इसने मीटर गेज कोचिंग डिपो के रूप में काम करना शुरू किया। बाद में वर्ष 2015 में इसे ब्रॉड गेज कोचिंग डिपो में परिवर्तित कर दिया गया। यह असम बंगाल रेलवे के अधीन निर्मित भारत के सबसे पुराने कोचिंग रखरखाव डिपो में से एक है। वर्तमान में, यह डिपो पूसीरे के लमडिंग मंडल के अधीन तीन कोच अनुरक्षण डिपो में से एक है। यह असम- मिजोरम और असम-मणिपुर रेलवे कनेक्टिविटी के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## रोटरी क्लब का स्वास्थ्य शिविर




रोटरी क्लब ऑफ गुवाहाटी वेस्ट के तत्वावधान में श्री गोविंदजी गौरिया मठ के प्रांगण में नारायणा हॉस्पिटल के डॉ. और तकनीकी सहायकों की मदद से संपन्न किया। ज्ञातव्य हो कि रोटरी क्लब जनसाधारण की स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये इस तरह शिविर समय समय पर करते रहता है। आज के इस शिविर में पाण्डु इलाका के 125 लोगों की स्वास्थ्य का परीक्षण में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ई सी जी के साथ साथ दवाई भी दिया गया। आज के इस कार्यक्रम में मठ के स्वामी, प्रेसिडेंट महेश संतानी जो रोटरी क्लब ऑफ गुवाहाटी वेस्ट के उपाध्यक्ष भी हैं और नारायणा हॉस्पिटल के डॉक्टरों, सहायकों के साथ संपन किया गया। अगला स्वास्थ्य शिविर एक फरवरी को पुनः होगा।इस आशय की जानकारी क्लब प्रेसिडेंट प्रेम कांत चौधरी ने दिया।

# डाउनटाउन अस्पताल, गुवाहाटी में स्वास्थ्य सेवा संगठनों की दूसरी कार्यकारी समिति की बैठक



**गुवाहाटी ( नसं )।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया, नॉर्थईस्ट चैप्टर 1 (एएचपीआई एनई 1) की दूसरी कार्यकारी समिति की बैठक डाउनटाउन अस्पताल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री निलव मृदुल मजूमदार ने की। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (इंडिया) भारत में अधिकांश स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह लाभ के लिए नहीं संगठन के रूप में काम करता है और मुद्दों पर सरकार, नियामक निकायों और अन्य हितधारकों के साथ वकालत करता है, जो बड़े पैमाने पर समुदाय को उचित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए अपने सदस्य संगठनों को सक्षम करने पर असर डालता है। यह कहा गया है कि उपयोगी चर्चा के बाद, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और अन्य सहायक कर्मचारियों के प्रशिक्षण और विकास सहित स्वास्थ्य सेवा संगठनों के कल्याण के लिए कई निर्णय लिए जाते हैं। पूर्वोत्तर 1 अध्याय में असम, मेघालय और अरुणाचल शामिल हैं। बैठक में महासचिव रोहित उपाध्याय, कोषाध्यक्ष मयूराक्षी दत्ता, सलाहकार- डॉ. जे पी शर्मा, डॉ. जीत पटवारी और सदस्य मनोज डेका, एम सत्यब्रत बरुआ, डॉ. किशोर बर्मन, हितेश बर्मन, डॉ. गीतार्थ रॉयमेधी उपस्थित थे।

## रंगिया रेलवे स्टेशन से चार संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा

**रंगिया ( निसं )।** रंगिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक अभियान चलाकर रेलवे स्टेशन से चार संदिग्ध व्यक्तियों को एक ऑडी और रेनॉल्ट स्काला वाहनों के साथ गिरफ्तार किया है जिनसे पास से नकली सेना का पहचान पत्र भी बरामद किया गया है। पुलिस ने इस अभियान मे 1. नवीन कुमार (27 वर्ष) पुत्र- वीरेंद्र सिंह गांव- मिलनपुर जिला- हिसार, हरियाणा, 2. जीवन (25 साल) पुत्र- सुभाष गांव- दनिदा कालन जिला- जींद, हरियाणा 3. सरजीत (32 साल) पुत्र- बलवान सिंह ग्राम : खैरी जिला हिसार, हरियाणा 4. मोनू शर्मा (28 साल) पुत्र- राम निवास ग्राम : अलेवा जिला- जींद, हरियाणा को पकड़ने में सफलता हासिल की है। वहीं पुलिस द्वारा पकड़े गए लोगों से पूछताछ जारी है।

# फ्लाई ओवर के लिए अत्याधुनिक फुट ब्रिज को तोड़ने का काम जारी



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** आम लोगों की सुविधा के लिए सरकार ने 2016-17 के बजट में 53 लाख रुपए खर्च कर मालीगांव में फुट ब्रिज के आधुनिकीकरण की योजना बनाई थी। यह फुट ब्रिज अत्याधुनिक सुविधाओं वाला लिफ्ट सहित पहला फुटब्रिज था। इसके पहले बहुत दिनों तक पुराना फुट ब्रिज बेकार पड़ा था। जिसके कारण लोगों को आनेजाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। फुट ब्रिज को बंद कर आम लोगों की यातायात के लिए करीव 20 मीटर दूर एक रास्ता बनाया गया था। पुराने फुट ब्रिज की हालत काफी खराब हो गया था। ब्रिज नीचे से टूट गया था और कई जगह से दरारे पड़ गई थी। वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान में रखते हुए फुट ब्रिज के दोनों ओर दो अत्याधुनिक लिफ्ट लगाई गई, लेकिन उचित रखरखाव के अभाव में कुछ महीनों के बाद दोनों लिफ्ट खराब हो गई। आम लोगों को बड़ी मुश्किल से सड़क पार करनी पड़ती है। वर्तमान में पैदल पुल भिखारियों के रहने का अड्डा बन गया है। सरकार ने इस फुट ब्रिज के रखरखाव के लिए कोई विशेष उपाय नहीं किया है। इस फुट ब्रिज के कारण मालीगांव में फ्लाई ओवर के निर्माण में बाधा उत्पन्न हो गई। जिसके चलते सरकार की ओर से फुट ब्रिज को गिराने की योजना बनई गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकार के पास सटिक परियोजना के अभाव में काफी पैसा खर्च कर एकबार सड़क बना दी गई और फिर उस सड़क को तोड़कर फुट ब्रिज बनाया गया और फिर एकबार फुट ब्रिज को तोड़ा जा रहा है। सरकार लाखों रुपए की लागत से बने फुट ब्रिज को गिराना शुरू कर दिया है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से फुट ब्रिज तोड़ने के बाद आम लोगों को सड़क पार करने की व्यवस्था मुहैया कराने की गुहार लगाई है, ताकि पांडू के वरिष्ठ नागरिक बिना किसी परेशानी के इलाज के लिए मालीगांव केंद्रीय अस्पताल जा सकें।

## वार्षिक काली पूजा को लेकर नगरबेड़ा में उत्साह का माहौल



**नागरबेड़ा ( निसं )।** नगरबेड़ा के मेधिपारा, शगुनबाही स्थित पारंपरिक श्रीश्री कालीमाई के चरण जुगल में होम यज्ञ पूजा अर्चना के अवसर पर अनगिनत भक्तों की भीड़ देखी गई है। नगरबेड़ा के मेधीपाड़ा और शगुनबाही क्षेत्र के लोगों द्वारा मां काली थान में शनिवार सुबह से ही दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ 122वीं श्री काली पूजा मनाई गई। काली मां के मंदिर में सेवा करने के लिए अन्य वर्षों की तरह, इस साल की श्रीश्री काली पूजा में भी भक्तों और असम के विभिन्न हिस्सों के लोगों की उपस्थिति में उत्साह का माहौल देखा गया है। मनोकामना पूरी करने के लिए काली माई के नाम से कई भक्तों ने अगरबत्ती और दीप जलाकर पूजा दी,बली विधान नहीं लेकिन वे भेजे गए बकरे-पक्षियों को चढ़ाते नजर आए। कुल मिलाकर, काली पूजा के आसपास लोगों की भीड़ से हजारों भक्तों में उत्साह का माहौल तैयार किया काली माइ के थान पर।

## दो एटीएम चोर गिरफ्तार

**शोणितपुर ( हि.स. )।** शोणितपुर जिला मुख्यालय शहर तेजपुर से दो शातिर एटीएम चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि तेजपुर के शालिनीबारी पुलिस चौकी अंतर्गत डेकारगांव में स्थित स्टेट बैंक के एटीएम मशीन को पांच चोर काटने की कोशिश कर रहे थे। एटीएम कक्ष का शटर गिराकर गैस कटर के जरिए एटीएम से चोर पैसा निकालने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची। पेट्रोलिंग टीम को कुछ शक हुआ एटीएम के करीब पहुंचकर जायजा लिया। जैसे ही पुलिस की टीम एटीएम के पास पहुंची, इसी दौरान तीन चोर फरार होने में सफल रहे। जबकि पुलिस ने दो एटीएम चोरों को गिरफ्तार कर लिया। एटीएम चोरों की पहचान रफीक और जाहिर के रूप में की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपित हरियाणा के रहने वाले बताए गए हैं। 18 जनवरी को हरियाणा से आकर चोरों का दल तेजपुर के बालीपाड़ा इलाके में एक लॉज में रह रहे थे।

# वुमानियाज का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**गुवाहाटी ( विभास )।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से गठित वुमानियाज के दूसरी वर्षगांठ पर रंगारंग कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिदिन समूह की प्रबंध निदेशिका स्मीताक्षी बी गोस्वामी, एएम टेलिविजन की निदेशिका डॉ. अक्षता नारायण तथा जानीमानी मॉडल तथा ब्लोगर सुकन्या गोगोई उपस्थित थे। वुमानियाज की संस्थापक दिव्या सियोटिया, नूपुर अग्रवाल व नीति शर्मा ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर आनंदमार्ग आश्रम के बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुती दी गई। वहीं वहीं सानिया जैन ने अपने नृत्य तथा0नन्हे गायक रुद्र गौड़ ने भी अपने गीतों से सभी का मन मोह लिया। जिसके बाद ड्रीम हाउस प्रोडक्शन की ओर से निदेशक नीता शर्मा द्वारा गायक रूद्र को रिकॉर्डिंग का ऑफर भी दिया गया। इस मौके पर प्रिया तिवारी द्वारा शायरी भी प्रस्तुत की गई। संस्थापिका नीति शर्मा ने बताया कि वुमानियाज पिछले 2 वर्षों में वट वृक्ष का रूप ले चुका है। ऐसे में वुमानिजाय के अंतर्गत पांच नई शाखाओं को आज औपचारिक रूप से लांच किया गया। संस्थापिका दिव्या सियोटिया ने बताया कि इनमें आर्थ, वाटर, एयर, फायर व स्काई शामिल हैं। संस्थापिका नूपुर अग्रवाल ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह में बड़ी संख्या में सदस्याओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वुमानियाज की सिटी हेड स्वीटी अग्रवाल व जानवी बजाज ने बताया कि इस दौरान संस्था की ओर से सर्वश्रेष्ठ महिला उद्यमी बिजनज गिवर एंड रिसिवर ऑफ द इयर, राइजिंग स्टार, वुमानियाज ऑफ द इयर सहित कई श्रेणियों में कुल 29 लोगों को अवार्ड दिए गए। संस्थापिका दिव्या सियोटिया व नूपुर अग्रवाल ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में वुमानियाज की सभी सदस्याओं का भरपूर सहयोग रहा।



# भारत-फ्रांस की नौसेनाओं ने द्विपक्षीय अभ्यास 'वरुण' में दिखाई मजबूत रणनीतिक साझेदारी

**- भारत-फ्रांस के रणनीतिक द्विपक्षीय संबंधों की पहचान बना नौसैन्य अभ्यास**
**- दोनों समुद्री बलों ने हिंद महासागर में क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा का प्रदर्शन किया**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और फ्रांस की नौसेनाओं ने पश्चिमी समुद्र तट पर पांच दिनों तक चले द्विपक्षीय अभ्यास 'वरुण' के जरिए दोनों देशों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी को स्पष्ट किया। दोनों समुद्री बलों ने हिंद महासागर में क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने के लिए संकल्प और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। दोनों नौसेनाओं के बीच 1993 में शुरू हुए इस द्विपक्षीय अभ्यास को 2001 में 'वरुण' नाम दिया गया था। अब यह नौसैन्य अभ्यास भारत-फ्रांस के बीच रणनीतिक द्विपक्षीय संबंधों की पहचान बन गया है। भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास 'वरुण' का 21वां संस्करण 16 जनवरी को शुरू हुआ था। इस अभ्यास में भारतीय नौसेना की ओर से स्वदेशी गाइडेड मिसाइल स्टेल्थ डिस्ट्रॉयर आईएनएस चेन्नई, गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तेग, समुद्री गश्ती विमान पी8आई और डोर्नियर, कई हेलीकॉप्टरों और मिग29के लड़ाकू विमान ने हिस्सा लिया। फ्रांसीसी नौसेना का प्रतिनिधित्व विमानवाहक पोत चार्ल्स डी गॉल, एफएस फोर्बिन और प्रोवेंस, समर्थन पोत एफएस मार्ने और समुद्री गश्ती विमान अटलांटिक ने किया। पश्चिमी समुद्र तट गोवा में पांच दिनों तक चला यह नौसैनिक अभ्यास उन्नत वायु रक्षा अभ्यास, सामरिक युद्धाभ्यास, सतह पर गोलीबारी, पुनःपूर्ति और अन्य समुद्री संचालन का गवाह बना। इस दौरान दोनों नौसेनाओं ने समुद्र में अपने युद्ध-विरोधी कौशल को सुधारने का प्रयास किया। इसके साथ ही समुद्री क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए एक एकीकृत बल के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया गया। इस अभ्यास ने समुद्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दोनों नौसेनाओं के बीच परिचालन स्तर की बातचीत की सुविधा प्रदान की, जो वैश्विक समुद्री कॉमन्स की सुरक्षा और स्वतंत्रता के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पांच दिनों के विविध अभ्यासों के समापन पर 'वरुण' ने फिर से फ्रांस और भारत के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी को स्पष्ट रूप से चित्रित किया। दोनों समुद्री बलों के बीच सहयोग को और मजबूत करते हुए इस अभ्यास ने क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने के लिए उनके संकल्प और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। वरुण अभ्यास हिंद महासागर में भारतीय और फ्रांसीसी नौसेनाओं के बीच उत्कृष्ट सहयोग का प्रतिनिधित्व करता है। फ्रांसीसी नौसेना का कैरियर स्ट्राइक ग्रुप वर्तमान में हिंद महासागर में तैनाती पर है। इसमें परमाणु ऊर्जा से चलने वाला विमानवाहक पोत चार्ल्स डी गॉल भी शामिल है। कैरियर स्ट्राइक ग्रुप ने भारतीय नौसेना के साथ बड़े पैमाने पर 'वरुण' हवाई-समुद्री संयुक्त अभ्यास किया। भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनिन ने अभ्यास के समापन पर कहा कि हमारी नौसेनाओं ने वायु-समुद्र संयुक्त अभ्यास 'वरुण' का समापन किया, जो अपने अस्तित्व के 40वें वर्ष का जश्न भी मना रहा है। हमारी भारत के साथ साझेदारी बहुत मजबूत है और इतिहास में हम एक-दूसरे के लिए हमेशा से साथ रहे हैं। हम परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में भी भारत का समर्थन करते रहे हैं। फ्रांस और भारत के बीच बहुत अधिक विश्वास है, जो दोनों देशों को संयुक्त रूप से न केवल प्रौद्योगिकी हस्तांतरण बल्कि महत्वपूर्ण उपकरणों का सह-विकास और सह-उत्पादन करने के लिए व्यापक रणनीतिक कार्यक्रम चलाने की अनुमति देता है। फ्रांसीसी सेना के संयुक्त कमांडर रियर एडमिरल इमैनुएल सालर्स ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून का हर जगह, हर कोई सम्मान करे। भारतीय नौसेना के साथ काम करना वास्तव में बहुत अच्छा है, जो यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने के साथ ही समुद्र में अवैध तस्करी के विरोध में लड़ाई मिलजुलकर लड़ी जाए।

## 'प्रौद्योगिकी का उपयोग और चुनावी सत्य-निष्ठा' पर दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कल से




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** चुनाव आयोग (ईसीआई) 23-24 जनवरी को नई दिल्ली में प्रौद्योगिकी का उपयोग और चुनावी सत्यनिष्ठा विषय पर दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। चुनाव आयोग की ओर से समिट फॉर डेमोक्रेसी में बने चुनावी सत्य-निष्ठा पर बने कॉहोर्ट का नेतृत्व कर रहा है। उल्लेखनीय है कि समिट फॉर डेमोक्रेसी अमेरिकी राष्ट्रपति की एक पहल थी। दूसरा शिखर सम्मेलन 29-30 मार्च 2023 को आयोजित होने वाला है। इस शिखर सम्मेलन के बाद दो प्लेटफॉर्म फोकल ग्रुप और डेमोक्रेसी कॉहोर्ट्स बनाए गए थे। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार करेंगे। समापन सत्र की अध्यक्षता चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पाण्डेय करेंगे। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल पहले तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

सम्मेलन में 17 देशों के लगभग 43 और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 6 प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा नई दिल्ली में स्थित कई विदेशी मिशनों के प्रतिनिधियों के भी सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। चुनाव आयोग के अनुसार सहयोगी दृष्टिकोण अपनाते हुए आयोग की ओर से ग्रीस, मॉरीशस और इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) को कॉहार्ट का सह-नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## सशस्त्र बलों के जनजातीय नृत्य महोत्सव का गवाह बनेगा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम

**- 'आदि शौर्य-पर्व पराक्रम का' महोत्सव में 23-24 जनवरी को भाग लेंगे 1200 से अधिक कलाकार**
**- भारतीय सेनाओं के जवान नेवी बैंड, एयर वारियर ड्रिल और मार्शल आर्ट में कौशल दिखाएंगे**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 23 एवं 24 जनवरी को एक बार फिर संगीतमय प्रस्तुति के साथ जनजातीय नृत्य महोत्सव का गवाह बनने जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में पहली बार सशस्त्र बलों के दो दिन होने वाले 'आदि शौर्य-पर्व पराक्रम का' महोत्सव में 1200 से अधिक कलाकार भाग लेंगे। यह कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती मनाने के लिए किया जायेगा। नेताजी की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। इस मौके पर पहली बार रक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल समन्वयक की भूमिका निभा रहा है। सशस्त्र बलों के संगीतमय तथा जनजातीय नृत्य महोत्सव को 'आदि शौर्य-पर्व पराक्रम का' नाम दिया गया है। नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 23-24 जनवरी को जनजातीय नृत्य शैली पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान पर प्रकाश डालना है। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए प्रारंभिक अभ्यास सत्र 10 जनवरी को शुरू हुआ था। सेना के ड्रम्स तथा ट्रम्पेट्स की गूंज ने देश की अनूठी सांस्कृतिक धरोहरों का प्रतिनिधित्व करने व 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को उत्साह देने के लिए पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन के लिए मंच तैयार किया है। लगभग 1200 से अधिक कलाकारों ने अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक दिन रिहर्सल की है। इस दौरान प्रत्येक समूह ने अपनी अनूठी और रंगीन वेशभूषा, संगीत वाद्ययंत्र तथा लयबद्ध नृत्य बीट्स के साथ भारतीयता को जीवंत किया है। मुख्य कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले पारंपरिक नृत्य में गौर मारिया, गद्दी नाटी, सिद्दी धमाल, बैगा परधोनी, पुरुलिया, बगुरुंबा, घुसाड़ी, बाल्टी, लम्बाडी, पाइका, राठवा, बूंदी गली, सोंगीमुखवाते, कर्मा, मंघो, का शाद मस्तीह कुम्मीकली, पलैयार, चेराव और रेखम पाड़ा शामिल हैं। इन कार्यक्रमों एवं समूहों का समन्वय जनजातीय मामलों का मंत्रालय कर रहा है। इस दौरान भारतीय सेनाओं के जवान पैरामोटर ग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून, हॉर्स शो, खुकुरी डांस, गतका, मल्लखंब, कलरीपयट्ट, थांग-टा, मोटरसाइकिल डिस्प्ले, एयर वारियर ड्रिल, नेवी बैंड और मार्शल आर्ट के जरिए अपना कौशल दिखाएंगे। कार्यक्रम के ग्रैंड फिनाले में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर की प्रस्तुति भी होगी। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इस शानदार कार्यक्रम के साक्षी बनने के इच्छुक लोग www.book-myshow.com के माध्यम से अपने मुफ्त टिकट बुक कर सकते हैं। इस दौरान 10 सैन्य टैटू प्रदर्शन और 20 जनजातीय नृत्य देखने को मिलेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 60,000 दर्शकों के भाग लेने की उम्मीद है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच कठुआ के हीरानगर से आगे बढ़ी राहुल की भारत जोड़ो यात्रा चक नानक में करेगी रात्रि विश्राम



**जम्मू (ईएमएस)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा जम्मू में शनिवार को हुए दो विस्फोटों के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर से रविवार सुबह फिर शुरू हुई। पदयात्रा एक दिन के विश्राम के बाद जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास हीरानगर से सुबह 7 बजे के आसपास शुरू हुई। पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने पूरे राजमार्ग को सील कर दिया है। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष विकार रसूल वानी कार्यकारी अध्यक्ष रमन भल्ला और तिरंगा थामे सैकड़ों स्वयंसेवकों के साथ राहुल ने सुबह लगभग आठ बजे लोंदी जांच चौकी पार करने के बाद सांबा जिले के तपयाल-गगवाल में प्रवेश किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर खड़े उत्साही कार्यकताओं और समर्थकों ने उनका स्वागत किया। रविवार को लगभग 25 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद ह्यभारत यात्री चक नानक में रात्रि विश्राम करेंगे। सोमवार सुबह वे सांबा के विजयपुर से जम्मू की तरफ बढ़ेंगे। अधिकारियों ने कहा कि राहुल की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं और पुलिस केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) व अन्य सुरक्षा एजेंसियां शांतिपूर्ण मार्च सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रख रही हैं। जम्मू शहर के बाहरी इलाके नरवाल में शनिवार को हुए दो विस्फोटों के मद्देनजर पूरे केंद्र-शासित प्रदेश में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इन विस्फोटों में नौ लोग घायल हो गए थे। पुलिस को संदेह है कि नरवाल के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में एक दुकान में खड़ी एसयूवी और पास के कबाड़खाने में मौजूद वाहन में विस्फोट करने के लिए आईईडी का इस्तेमाल किया गया था। ये विस्फोट ऐसे समय हुए हैं जब जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस की ह्यभारत जोड़ो यात्रा और आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। तमिलनाडु के कन्याकुमारी से 7 सितंबर 2022 को शुरू हुई ह्यभारत जोड़ो यात्रा 19 जनवरी को पंजाब से जम्मू-कश्मीर में दाखिल हुई थी। यह पदयात्रा 30 जनवरी 2023 को श्रीनगर में समाप्त होगी जब राहुल गांधी वहां स्थित कांग्रेस मुख्यालय में तिरंगा फहराएंगे।

## दिल्ली में 24 से 26 तक हल्की बारिश की संभावनाः आईएमडी

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां पहाड़ों में बर्फबारी हो रही है तो वहीं मैदानी इलाकों में लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली हुई है लेकिन आने वाले दिनों बारिश लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है। अगले हफ्ते जम्मू और कश्मीर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश होने की संभावना है जबकि दिल्ली उत्तर प्रदेश में 24 से 26 जनवरी के बीच हल्की बारिश और आसमान में बादल छाए रहने के आसार हैं। आईएमडी वैज्ञानिक एसएस रॉय के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू-कश्मीर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 24 और 25 जनवरी को भारी बारिश होने की संभावना है। दिल्ली में 24 से 26 जनवरी तक हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना है। अभी तापमान में गिरावट है अगले 5 दिन ये गिरावट जारी रहेगी। मौसम विभाग की तरफ से ये भी बताया गया है कि अगले हफ्ते के आखिर में न्यूनतम तापमान में बढ़ेगाऔर अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी।

## महाराष्ट्र में पुरानी पेंशन योजना लागू होगी!



**मुंबई (ईएमएस)।** महाराष्ट्र में पुरानी पेंशन योजना को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बड़ा बयान दिया है। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना को लेकर सकारात्मक है। आगामी विधान परिषद चुनाव के लिए एक प्रचार रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि राज्य का शिक्षा विभाग पुरानी पेंशन योजना का अध्ययन कर रहा है।

शिंदे ने यह भी कहा कि राज्य सरकार हाल ही में आयोजित दावोस शिखर सम्मेलन में निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर के संबंध में विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों का अपने काम से जवाब देगी। शिंदे ने कहा कि सरकार शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए पुरानी पेंशन योजना और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षण के लिए सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग पुरानी पेंशन योजना का अध्ययन कर रहा है।

दावोस बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि कुछ विदेशी कंपनियां प्रत्यक्ष निवेश करने के बजाय संयुक्त उद्यमों में जाना पसंद करती हैं। इसलिए दावोस सम्मेलन में कई उद्योगपति भारत से हैं लेकिन यह विदेशी निवेश ही होगा। मुख्यमंत्री ने पिछली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार द्वारा हस्ताक्षरित समझौतों पर भी सवाल उठाया और कहा कि उस सरकार में कुछ नहीं हुआ।

## राष्ट्रपति आज 11 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी

**आशीष वर्मा**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज विज्ञान भवन में आयोजित गरिमामय समारोह में ग्यारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 11 बच्चों को छह श्रेणियों में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी। पुरस्कृत होने वालों में छह लड़के और पांच लड़कियां हैं। हर बच्चे को एक पदक, एक लाख रुपये और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन बच्चों से मंगलवार को बातचीत करेंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी भी बच्चों से संवाद करेंगी। कला और संस्कृति श्रेणी में चार, बहादुरी में एक, नवाचार में दो, समाज सेवा में एक और खेल में तीन बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है यह पुरस्कार छह श्रेणियों में देश के सभी क्षेत्रों के 5 - 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए जाते हैं। यह श्रेणियां हैं-कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, शैक्षिक, सामाजिक सेवा और खेल।

## भारतीय वायु सेना फरवरी में चीन सीमा पर करेगी 'पूर्वी आकाश' हवाई अभ्यास

**- राफेल और सुखोई-30 लड़ाकू विमान हासीमारा, तेजपुर और चबुआ हवाई अड्डों से उड़ान भरेंगे**
**- वायु सेना पूर्वोत्तर में सभी प्रमुख हवाई ठिकानों को शामिल करते हुए अभ्यास प्रलय भी करेगी**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय वायु सेना की पूर्वी वायु कमान फरवरी के पहले सप्ताह में चीन सीमा पर वार्षिक कमांड स्तरीय अभ्यास 'पूर्वी आकाश' आयोजित करेगी। वास्तविक नियंत्रण रेखा के पूर्वी क्षेत्र में तनाव के बीच अरुणाचल प्रदेश, असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में सैन्य अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास कोरोना महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद होगा। इस हवाई अभ्यास में कमान के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान शामिल होंगे। वायु सेना के प्रवक्ता विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के पूर्वी क्षेत्र में तनाव के बीच अरुणाचल प्रदेश, असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में सैन्य अभ्यास किया जाएगा। इस हवाई अभ्यास में परिवहन और अन्य विमानों के साथ-साथ राफेल और सुखोई-30 लड़ाकू विमानों सहित वायु सेना की प्रमुख लड़ाकू संपत्तियां दिखाई देंगी। इसमें राफेल और सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान हासीमारा, तेजपुर और चबुआ हवाई अड्डों से उड़ान भरेंगे। पिछले साल 9 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से में भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच हुई झड़पों के बाद वायुसेना ने पिछले महीने पूर्वोत्तर में दो दिवसीय अभ्यास भी किया था। पूर्वी लद्दाख सेक्टर में 32 महीने से चल रहे सैन्य गतिरोध में भारतीय और चीनी दोनों सेनाएं आमने-सामने हैं। चीन ने 2020 के गलवान संघर्ष के बाद लगातार सर्दियों के लिए पूर्वी लद्दाख सीमा पर तैनात 50 हजार से अधिक सैनिकों और भारी हथियारों को तैनात रखा है। चीन के साथ चल रहे गतिरोध के बीच भारतीय वायु सेना पूर्वोत्तर में अपने सभी प्रमुख हवाई ठिकानों को शामिल करते हुए अभ्यास प्रलय भी करेगी, जिसमें हाल ही में पूर्वोत्तर में स्थानांतरित ड्रोन स्क्वाड्रन भी शामिल होगी। यह अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है, जब भारतीय वायु सेना ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में एस-400 वायु रक्षा स्क्वाड्रन को तैनात और सक्रिय कर दिया है जो 400 किमी. की रेंज में दुश्मन के किसी भी विमान या मिसाइल को दूर से ही मार गिराने में सक्षम है। भारतीय वायुसेना ने हाल ही में सिक्किम और सिलीगुड़ी कॉरिडोर सेक्टर के साथ प्रतिकूल गतिविधियों की निगरानी की अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ड्रोन की एक स्क्वाड्रन को अन्य ठिकानों से उत्तर पूर्व में स्थानांतरित किया है। अधिकारियों के अनुसार चीनी सेना भी डोकलाम क्षेत्र में अपनी गतिविधियां बढ़ा रही है और भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। शिलॉन्ग में भारतीय वायु सेना की पूर्वी कमान के पास चीन सीमा की निगरानी के लिए पूरे पूर्वोत्तर में हवाई क्षेत्र हैं। चीनी वायु सेना ने कई बार एलएसी के बहुत करीब उड़ान भरकर भारतीय इलाकों की ओर बढ़ने की कोशिश की है, लेकिन भारतीय लड़ाकू विमानों ने उन्हें खदेड़ दिया। चीन ने 2020 के बाद से लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के साथ अपने सभी प्रमुख हवाई क्षेत्रों को अपग्रेड किया है, जिसमें होटन, काशगर, गरगुंसा और शिगात्से शामिल हैं, जिनमें लंबे रनवे हैं।

## इलाज के बाद मुफ्त में घर पहुंचाएगा एम्स

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली की सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने इलाज के बाद ठीक हुए दिल के मरीजों को निशुल्क घर तक पहुंचाने का फैसला लिया है। एम्स की ओर से अभी यह सेवा केवल दिल के मरीजों को मिलेगी। दरअसल एम्स के कार्डियो न्यूरोसाइंसेज सेंटर ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद मरीजों को उनके घर तक मुफ्त पहुंचाने की सेवा शुरू की है। फिलहाल कार्डियो न्यूरोसाइंसेस सेंटर (सीएनसी) वार्ड से छुट्टी पाने वाले मरीज ही इस सेवा का लाभ उठा पाएंगे। प्राइवेट वार्ड के मरीजों और डे-केयर रोगियों के लिए यह सुविधा नहीं है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के फैसले के मुताबिक दिल्ली की सीमा के अंदर रहने वाले मरीजों को ही घर तक पहुंचाया जाएगा। अगर मरीज का घर दिल्ली में है तो उसे यह सुविधा मिलेगी। दिल्ली के बाहर के मरीजों को यह सुविधा नहीं मिलेगी। दिल्ली एनसीआर के मरीजों को भी मुफ्त घर पहुंचाने की सुविधा नहीं मिलेगी। घर तक मुफ्त पहुंचाने की यह सेवा पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर सोमवार से शनिवार तक सुबह दस बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मिलेगी। आपको यह बता दें कि यह सेवा एम्बुलेंस सेवा से अलग है। यानि यह एंबुलेंस सेवा नहीं है। इसके अलावा जिन रोगियों को लेटी हुई स्थिति में ले जाने की जरूरत है वे भी इस सेवा का लाभ नहीं उठा पाएंगे।




## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में नड्डा देंगे विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र



**जयपुर, (हि.स.)।** प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गहलोत सरकार को सदन से लेकर सड़क तक घेरने की रणनीति तैयार करने में प्रदेश भाजपा जुट गई है। फरवरी से भाजपा गहलोत सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार करेगी। इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि गहलोत सरकार को हर मोर्चे पर घेरने और विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी की रविवार से दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय बैठकों का दौर शुरू हो रहा है। रविवार शाम को भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक होगी, तो अगले दिन सोमवार सुबह 10 बजे जवाहर सर्किल ईपी में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी नेताओं को विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र देंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ाए जाने के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा होगा। सोमवार को प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सतीश पूनियां, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, सह प्रभारी विजय राहटकर, पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, कैलाश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित अन्य सदस्य भी शामिल होंगे।

## खुले या छत पर खाना परोसने के लिए लाइसेंस लेना हुआ आसान

**राकेश शर्मा**




**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत रेस्टोरेंट और होटल व्यापारियों की सुविधा के लिए एक विशेष पहल की है और खुले क्षेत्रों छत या छत पर भोजन परोसने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की सुविधा को ऑनलाइन कर दिया है। इच्छुक व्यापारी एमसीडी पोर्टल पर लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक को एमसीडी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी संबंधित दस्तावेजों को पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करना होगा साथ ही ऑनलाइन मोड के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। इसके अलावा दिल्ली नगर निगम की ओर से लाइसेंस देने की सारी प्रक्रिया भी ऑनलाइन माध्यम से ही पूरी की जाएगी। आवेदक को भोजन सेवा क्षेत्र के रूप में खुले स्थान या छत का उपयोग करने के लिए भूमि के संबंधित स्वामी से कानूनी अधिभोग और/या अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। भवन में अन्य दुकानों के सामने खुले स्थान या छतों का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। पंजीकृत स्ट्रक्चरल इंजीनियर से बिल्डिंग स्ट्रक्चरल सेफ्टी सर्टिफिकेट जमा करना होगा साथ ही आवेदक को क्षतिपूर्ति बांड भी जमा करना होगा।

## टोक्यो में रेंकोजी मंदिर में रखे हैं नेताजी के अवशेष उन्हें भारत लाया जाना चाहिए : अनिता बोस फाफ

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की बेटी अनिता बोस फाफ ने अपने एक भावनात्मक बयान में अपने पिता की मौत के मिथक को खत्म करने की मांग की है। उन्होंने लिखा मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि मेरे पिता नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण 8 सितंबर 2022 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। मेरे पिता ने भारत की स्वतंत्रता के लिए निस्वार्थ भाव से लड़ाई लड़ी। उन्होंने भारत की स्वंतत्रता के लिए बलिदान दिया। वह पूरे भारत और सभी देशवासियों के लिए राष्ट्रप्रेम और समर्पण का एक बेहतरीन उदाहरण हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में या स्वतंत्र भारत की अनंतिम सरकार और इंडियन नेशनल आर्मी के नेता के रूप में उन्होंने सांप्रदायिक सद्भाव व देश की एकता के लिए कार्य किया। उन्होंने लिखा परिवार और मेरे पिता के आदर्श को मानने वालों के लिए उत्सव के इस क्षण में जब स्वतंत्र भारत राजधानी के दिल में उनकी प्रतिमा स्थापित कर उनकी वीरता को मान्यता दे रहा है मैं भारतीयों को याद दिलाना चाहती हूं कि मेरे पिता के नश्वर अवशेष अभी भी टोक्यो में पड़े हुए हैं और 77 वर्षों से अधिक समय से अंतिम संस्कार के लिए भारत नहीं लाए जा सके हैं। 18 अगस्त 1945 को ताइपे में एक विमान दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। भारत सरकार ने सूचना के अधिकार के तहत दिए गए अपने जवाब में इस बात की पुष्टि की है। मेरे पिता के बारे में संदेह दूर होना चाहिए और पिछले विवाद को हमेशा के लिए समाप्त कर देना चाहिए। हालांकि अगर भारत सरकार जोर देती है तो अवशेषों का डीएनए परीक्षण का प्रयास किया जा सकता है हालांकि उपलब्ध सबूतों के मद्देनजर यह आवश्यक नहीं है। स्वतंत्र भारत का अनुभव मेरे पिता की महत्वाकांक्षा थी।

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री योगी

**–बैठक में प्रदेश सरकार के मंत्री, उप्र से केन्द्रीय मंत्री समेत करीब 700 प्रतिनिधि हो रहे शामिल**



**लखनऊ, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज लखनऊ में गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रारम्भ होगी।

प्रदेश कार्यसमिति के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह उपस्थित रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में हो रही प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सहित उत्तर प्रदेश से केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारियों सहित 700 से अधिक प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रस्तुत होने वाले प्रस्तावों व एजेंडे पर पार्टी नेताओं ने चर्चा कर ली है। हो रही प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को लेकर कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है। पूरे शहर को होर्डिंग, बैनर व झंडों से सजाया गया है। देर रात तक पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने कार्यसमिति स्थल पर मौजूद रहकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे ने बताया सारी तैयारी हो चुकी है। प्रदेश कार्यसमिति का उद्घाटन 10.30 बजे होगी।

# औद्योगिक नगरी कानपुर निवेश सम्मेलन में रखा जाएगा पचास हजार करोड़ का प्रस्ताव

**–एमएसएमई मंत्री राकेश सचान व कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी करेंगे अध्यक्षता**



**कानपुर, (हि.स.)।** उप्र की राजधानी लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पूर्व सूबे के मंडल मुख्यालयों पर इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कानपुर में रविवार को मर्चेंट चैम्बर सभागार में लगभग पचास हजार करोड़ निवेश का प्रस्ताव रखा जाएगा। एमएसएमई मंत्री और औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के अध्यक्षता में आयोजित होगा। जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्तर पर 575 निवेश प्रस्ताव तैयार कराया है। आज होने वाले निवेश सम्मेलन के लिए 35 हजार 683 करोड़ 60 लाख रुपये का निवेश प्रस्ताव तैयार है। लगभग पचास हजार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव की आज औपचारिक घोषणा की जाएगी। कानपुर नगर उद्योग उपायुक्त सुधीर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी विभागों के समन्वय के साथ निवेश का प्रस्ताव तैयार कराए गए हैं। 35 हजार करोड़ का प्रस्ताव तैयार हो चुका है। पन्द्रह हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव की फाइल भी तैयार हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने 2408 करोड़, पर्यटन विभाग 688 करोड़, नगर विकास विभाग 1236 करोड़, यूपीडा 503 करोड़, यूपीसीडा 8337 करोड़, एमएसएमई व निर्यात प्रोत्साहन 9229.91 करोड़, खाद्य नागरिक आपूर्ति 150 करोड़, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन 121 करोड़, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट 2982 करोड़, कृषि विभाग 125 करोड़, डेयरी विकास विभाग 425 करोड़, चिकित्सा शिक्षा विभाग 867.49 करोड़, उद्यान विभाग 131.84 करोड़, आवास विभाग 5117.51 करोड़, वन विभाग 50 करोड़, हैंडलूम और टैक्सटाइल 361.51 करोड़, आइटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट 2820 करोड़ के प्रस्ताव तैयार किए गये है। इस तरह लगभग पचास हजार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव का आज औपचारिक घोषणा की जाएगी।

# अपनी जन्म भूमि को न छोड़ें, यह पूर्वजों के त्याग से बसाई गई है: अजय भट्ट

**–सोमवार को समापन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने की है संभावना**



**लखनऊ, ( हि.स.)।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित पं. गोविंद वल्लभ पंत सांस्कृतिक उपवन में चल रहे उत्तरायणी कौथिग मेला जैसे -जैसे अपने अंतिम पड़ाव की ओर पहुंच रहा है, वैसे ही यहां पर लोगों की भीड़ भी आ रही है। यहां पहाड पर बिकने वाले ऊनी कपड़े , खाद्य पदार्थ व और बहुत सी दूसरी चीजें लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इसके अलावा इस शहर के वासियों को पहाड़ की संस्कृति भी खूब भा रही है। कौथिग में पर्वतीय अंचल के पहनावे में महिलाएं और पुरुष अपनी संस्कृति की छटा बिखेर रहे हैं। भगवान बागनाथ जी के आशीर्वाद से ही यहां कार्यक्रम हो रहा है। भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट बतौर मुख्य अतिथि कौथिग में शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर कहा कि हम लोग यहां पर रहकर अपनी संस्कृति को जीवंत रखे हैं, यह अच्छी बात है ।लेकिन आप लोगों को अपने पैतृक गांव भी जाना चाहिए। अपनी जन्म भूमि को कतई न छोड़ें, क्योंकि यह पूर्वजों के त्याग से बसाई गयी धरोहर है। कोरोना काल में कई लोग जो अपने गांव वापस गए, उनके आसरे का एकमात्र सहारा उनके गांव ही बने। कौथिग में विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में कार्य कर रही कर्मठ विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसमें डॉ. एम सी पंत चिकित्सा सम्मान डॉ. रितेश जुयाल, दीवान सिह डोलिया कला सम्मान गणेश जोशी, गोपाल उपाध्याय साहित्य सम्मान महेश चन्द सकलानी, युवा सम्मान शंकर पाण्डेय, गौरा देवी सम्मान चित्रा काण्डपाल, खेल सम्मान यश वर्धन सिह नेगी, बी.एम.शाह नाट्य सम्मान पीयूष पाण्डेय व उत्तरायणी विशेष सम्मान पूरन जोशी को दिया गया। उत्तराखण्ड संस्कृति विभाग के सहयोग से खटीमा उत्तराखण्ड से शंकर सिंह, अशोक खड़का एवं कोमल राणा के निर्देशन में व्याख्या जनजागृति सांस्कृतिक समिति द्वारा प्रस्तुति दी गई। इसमें किरण राणा गायिका, रविराज गायक नन्दा राजजात यात्रा , एवं देवीधुरा का बग्वाल नृत्य पर मनोहर सिह, अमित, शिव राज ,मधु राणा ,पूजा एवं शीतल शामिल थीं। सप्ताह का आखिरी होने से कौथिग मैदान आने वाले लोगों से खचाखच भरा हुआ था। उत्तराखण्ड अल्मोड़ा से बाल मिठाई के विक्रेता दीवान सिह बिष्ट व लाल सिह ने बताया कि लोग बाल मिठाई को काफी पसन्द कर रहे हैं। कौथिग के मंच से रेडक्रॉस सोसाइटी से आए शफीक जमा, रजनीश डोबरियाल (आपदा राहत प्रभारी) व रासवेन्द्र शाही द्वारा वृद्ध, मजदूर सफाई कर्मचारी एवं जरूरतमंदों को लगभग सौ से अधिक कम्बल दिए गए। इसके अलावा सुबह से कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कौथिग के मीडिया प्रभारी हेमंत सिंह गड़िया से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को कौथिग के समापन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने की संभावना है।

## सिर्फ शिकायतों का निस्तारण ही नहीं करना बल्कि शिकायतकर्ता को संतुष्टि देनी है : डीएम



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने से जनपद की ग्रीडिंग खराब हो रही है, हमें न केवल शिकायतों का निस्तारण करना है बल्कि शिकायत कर्ता को सही बात बताकर संतुष्टि भी देनी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण समय के साथ निस्तारण करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से आईजीआरएस शिकायतों की निरन्तर मानिटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन कार्यालय में एक घण्टा बैठकर जनशिकायतों को अवश्य सुने ताकि शासन की मंशानुरुप शिकायतों का समय से निदान हो। यदि कहीं भ्रमण पर जाना है तो मूवमेंट रजिस्टर में एंट्री करके ही भ्रमण पर जाये। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं को ठीक प्रकार से क्रियान्वयन करें तथा पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ अवश्य मिलें। उन्होंने कहा कि हम और बेहतर करने की दिशा में सब मिलकर प्रयास करें, ताकि जनपद का बेहतर फीडबैक बना रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार नितिन तेवतिया, नायब तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेना दिवस पर सैन्य हथियार और उपकरण प्रदर्शनी देख छात्रों ने जाना जवानों का पराक्रम



**वाराणसी, (हि.स.)।** सेना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को 39 जीटीसी परिसर में आयोजित मिनी मैराथन में 500 जवानों ने विपरीत मौसम के बावजूद उत्साह से भागीदारी की। इसके बाद देश के युवाओं में देशभक्ति की भावना और सशस्त्र बलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए "अपनी सेना को जानें " विषयक सैन्य बैंड प्रदर्शन, सैन्य हथियार और उपकरण प्रदर्शनी लगाई गई। जिसे देखने के लिए स्कूली छात्र भी पहुंचे। आर्मी पब्लिक स्कूल वाराणसी, निजी स्कूल, और केन्द्रीय विद्यालय 39 जीटीसी के छात्रों ने मिलिट्री इक्विपमेंट डिस्प्ले का भ्रमण किया और सैन्य प्रदर्शनी उत्साह से देखी। सैन्य अफसरों ने स्कूली छात्रों को हथियारों के बारे में जानकारी दी। एनसीसी के कैडेटों ने सैन्य हथियारों के बारे में रुचि के साथ जानकारी ली। गौरतलब हो कि 15 जनवरी को केएम करिअप्पा भारतीय सेना के कमाडर-इन-चीफ ( बाद में फील्ड मार्शल बने ) बने थे। उनकी याद में यह कार्यक्रम आयोजित होता है। इसके तहत 17 जनवरी 2023 से मिलिट्री बैंड डिस्प्ले और 39 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र के मोटिवेशन हॉल से कार्यक्रमों की शृंखला शुरू हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डिप्टी कमांडेंट कर्नल हितेश दुग्गल (सेना मेडल) भी शामिल हुए।

# हजारीबाग में हैवानों की शिकार बनी महिला ने 15 दिनों बाद अस्पताल में तोड़ा दम

**रांची, (हि.स.)।** हजारीबाग के चरही में पिछले सात जनवरी को एक महिला के साथ कुछ बदमाशों ने सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। साथ ही उसका हाथ बांधकर जिंदा जला दिया। गंभीर रूप से झुलसी महिला को रिम्स में भर्ती कराया, जहां वह मौत से जंग लड़ रही थी। आखिरकार 15 दिन बाद रविवार को उसने दम तोड़ दिया। पीड़ित के पिता ने बताया कि पिछले 15 दिन से उनकी बेटी का इलाज रिम्स के सर्जरी वार्ड में डॉ. आरएस शर्मा की निगरानी में चल रहा था। डॉक्टरों ने पहले ही बता दिया था कि उसकी बेटी 70 फीसदी जल चुकी है, ऐसे में उसका बचना मुश्किल है।

उन्होंने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है। उनकी बेटी ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया था कि उसके पति के दो भांजे और पड़ोसियों समेत चार लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और खटिया में बांधकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की। पुलिस ने पीड़ित परिवार को इंसाफ का भरोसा दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी की कोशिश जारी है। उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि घटना सात जनवरी को दोपहर एक बजे की है। तीन साल पहले ही शादी हुई थी।

# जिला स्तरीय तरंग मेघा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 24 एवं 25 जनवरी को




**कटिहार, (हि.स.)।** जिले के डीएस कॉलेज एवं एमबीटीए इस्लामिया उच्च विद्यालय के मैदान में 24 जनवरी से 25 जनवरी तक दो दिवसीय जिला स्तरीय तरंग मेघा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन किया जाएगा। कला संस्कृति एवं युवा विभाग, शिक्षा विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में अंडर 12, 14 एवं 17 वर्ष के छात्र-छात्राओं के बीच एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो एवं फुटबॉल की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। प्रखंड स्तर से चयनित लगभग 850-900 बच्चे उक्त प्रतियोगिता में भाग लेंगे। दलीय प्रतियोगिता (फुटबॉल कबड्डी एवं खो-खो) में प्रत्येक ग्रुप में एक विजेता एवं एक उपविजेता तथा एथलेटिक्स में प्रत्येक विधा के लिए प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वालों का चयन किया जाना है। दलीय खेल प्रतियोगिता में अंडर -17 आयुवर्ग के प्रतिभागी फुटबॉल, कबड्डी एवं खो-खो तथा एथलेटिक्स में अंडर - 12 आयुवर्ग के प्रतिभागी 300 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं लेदर डयूज बॉल, अंडर-14 आयुवर्ग के प्रतिभागी 800 मीटर की दौड़, ऊंची कूद, थ्रो बॉल व लंबी कूद तथा 17 आयुवर्ग के प्रतिभागी 800 मीटर की दौड़, ऊंची कूद, गोला प्रक्षेपण एवं लंबी कूद में भाग लेंगे। तरंग मेघा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता को लेकर जिला प्रशासन की ओर से की जा रही तैयारियां अंतिम चरण में है।

# आधी रात से शुरू होगा भाकपा माओवादियों का बंद, झारखंड पुलिस अलर्ट

**रांची, (हि.स.)।** भाकपा माओवादी संगठन का रविवार रात 12 बजे से झारखंड बंद शुरू हो जाएगा । नक्सलियों ने बंद 24 घंटे का बुलाया है। बंद के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी एसपी को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। नक्सल प्रभावित इलाकों में बंद के दौरान रविवार सुबह से ही सीआरपीएफ और पुलिस सर्च अभियान चला रही है। उल्लेखनीय एमपी माओवादी संगठन के रिजनल कमेटी मेंबर और 15 लाख के इनामी कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के खिलाफ बंद की घोषणा की गई है। भाकपा माओवादी झारखंड रिजनल कमेटी के प्रवक्ता आजाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बंद का ऐलान किया है। बंद से अस्पताल, एम्बुलेंस, दूध, पानी, अखबार, मेडिकल को मुक्त रखा गया है। नक्सलियों के प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 13 जनवरी को पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा डुमरी के फतेहपुर गांव से भाकपा माओवादी झारखंड रिजनल कमेटी सदस्य सह उत्तरी छोटानागपुर जोनल कमेटी के सचिव कृष्णा हांसदा को एक अन्य साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि रेणूका मुर्मू को देवघर के जसीडीह थाना इलाके के चपरिया गांव से गिरफ्तार किया गया।

# कैश कांड में कांग्रेस के तीनों विधायक को ईडी ने दोबारा भेजा समन



**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ साजिश से जुड़े कैश कांड में ईडी ने कांग्रेस के तीनों विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को दोबारा समन भेजा है। तीनों विधायक को ईडी ने समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी के रांची जोनल ऑफिस में बुलाया है। ईडी द्वारा भेजे गये समन में इरफान अंसारी को छह फरवरी को, राजेश कच्छप को सात फरवरी और नमन विक्सल कोंगाड़ी आठ फरवरी ईडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी ईडी ने तीनों निलंबित विधायकों को समन भेजा था। ईडी ने विधायक इरफान अंसारी को 13 जनवरी, राजेश कच्छप को 16 जनवरी और नमन विक्सल को 17 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन तीनों अनुपस्थित रहे थे। तीनों ने अपने वकील के माध्यम से ईडी से दो सप्ताह का समय मांगा था। इससे पहले ईडी ने सरकार के खिलाफ साजिश मामले में ही 24 दिसंबर, 2022 को मामले के शिकायतकर्ता कांग्रेस के बेरमो विधायक अनूप सिंह से तकरीबन दस घंटे पूछताछ की थी। पूछताछ में अनूप सिंह ने जो तथ्य एजेंसी को दिये हैं, उसका सत्यापन और मिलान तीनों आरोपित विधायकों से की जायेगी।

# बिरसा कृषि विवि का दीक्षांत समारोह दो फरवरी को

**रांची, (हि.स.)।** कांके स्थित बिरसा कृषि विवि का दीक्षांत समारोह दो फरवरी को होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल रमेश बैस के शामिल होंगे। इसमें करीब 12 सौ डिग्रियां बांटी जाएगी। इसकी तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक दीक्षांत समारोह में यूजी, पीजी, पीएचडी डिग्री विद्यार्थियों को दी जाएगी। इसमें यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल और चांसलर गोल्डी मेडल भी दिया जाएगा। बिरसा कृषि विवि स्थापना वर्ष 1981 में हुई है।

इसके बाद से अब तक छह दीक्षांत समारोह हुए हैं। इसमें विद्यार्थियों को डिग्री बांटी गई है। ये 7वां दीक्षांत समारोह होगा। करीब तीन साल के अंतराल पर दीक्षांत समारोह आयोजित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में विवि के अंतर्गत 10 कॉलेज संचालित हैं। इसमें उद्यान, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, डेयरी टेक्नोलॉजी, फिशरीज और कृषि संकाय भी शामिल हैं।

# जब अचानक ही लोक कलाकारों के साथ बैठकर रामधुन करने लगे सांसद



**बेगूसराय, (हि.स.)।** राष्ट्रवादी विचारक और राज्यसभा सदस्य प्रो. राकेश सिन्हा ना केवल देश के विभिन्न सुदूरवर्ती इलाकों के समग्र विकास और राष्ट्रवाद को नई ऊंचाई देने के प्रयास में लगे रहते हैं। बल्कि जहां कहीं भी मौका मिलता है लोक कलाकारों के साथ उनके कार्यक्रम में शामिल हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा दिखा बीते रात बेगूसराय जिला के मनसेरपुर में। बेगूसराय के विभिन्न ने कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राकेश सिन्हा बीते रात करीब 12 बजे जब अपने गांव मनसेरपुर पहुंचे तो मंदिर पर से रामधुनी की आवाज आ रही थी। यह जानते ही वे खुद भी मंदिर पर पहुंच गए और रामधुनी कर रहे लोक कलाकारों के साथ सुर लय ताल मिलाकर झाल बजाने लगे। उन्होंने में हरे राम हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे का भजन सुर पकड़ा हुआ था। राकेश सिन्हा भी अपने आप को रोक नहीं पाए और लोक कलाकारों के साथ हाथ में झाल लेकर बैठ गए एवं रामधुनी में कलाकारों के सुर में मिलकर भजन करने लगे। बलिया मंडल भाजयुमो अध्यक्ष श्यामसुंदर कुमार ने बताया कि मनसेरपुर गांव के मंदिर पर रामधुनी का आयोजन हो रहा है।

संयोगवश प्रो. राकेश सिन्हा का कार्यक्रम भी तय हो गया। देर रात करीब 12 बजे वे अचानक रामधुनी स्थल पर पहुंचे, जहां ग्रामीणों से मुलाकात के बाद रामधुनी में लीन हो गए। प्रो. सिन्हा का यह बताता है कि आदमी को अपने लोक संस्कृति, धर्म और समाज से निचले पायदान तक हमेशा जुड़े रहना चाहिए। आज लोग कुर्सी पाते ही अपने गांव-समाज की समाज की मयार्दा और प्रेम भाव भूल जाते हैं। लेकिन उन्होंने जिस प्रकार से कलाकारों के साथ बैठकर भजन किया, यह एक सुखद संदेश है, आने वाले समय में रामधुनी की प्रथा और बढ़ावा मिल सकेगा। इस मौके पर हरिहरनाथ, बालकृष्ण, गौरव, राहुल, प्रमोद, राजीव रंजन, कृपाल, सुमन सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## 26 जनवरी को होगा जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम



**समस्तीपुर, (हि स )** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर पटेल मैदान में ध्वजारोहण का जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जहां वरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण करेंगे। जिला स्तरीय सभी 32 विभाग की झांकी भी निकाली जाएगी। गणतंत्र दिवस पर इस बार 5 प्लाटून परेड में भाग ले रही है इसमें बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल बीएमपी, महिला व पुरूष डीएपी के अलावा गृहरक्षक वाहिनी होमगार्ड व एनसीसी के स्काउट व गाइड शामिल रहेंगे। इसको लेकर सभी प्लाटून के जवानों ने शनिवार को परेड की रिहर्सल की। सार्जेन्ट मेजर नयन कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस की परेड में अब तक 5 प्लाटून का शामिल होना तय हुआ है। जिसमें बीएमपी प्लाटून की कमान रविन्द्र भारती संभालंगे। डीएपी महिला प्लाटून की कमान प्रियंका कुमारी, डीएपी पुरूष प्लाटून की कमान रविकांत व होमगार्ड प्लाटून की कमान अभिषेक भारती संभालेंगे। मेजर ने बताया कि बीते कई दिनों से परेड को लेकर सुबह में रिहर्सल किया जा रहा है। वहीं बताया गया कि 24 जनवरी को कपूर्री जयंती में सीएम का कार्यक्रम होने से फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को कराने को लेकर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है। जल्द ही फाइनल रिहर्सल को लेकर तिथि व समय तय किया जाएगा। उससे पूर्व प्रतिदिन परेड रिहर्सल का कार्य किया जाएगा।

# किसान भाई बेहतर मुनाफा के लिए करे सूरजमुखी की खेती : आशीष राय



**मोतिहारी, (हि.स.)।** सूरजमुखी न केवल एक महत्वपूर्ण तिलहनी फसल है,बल्कि इसकी बढती मांग के कारण आज यह महत्वपूर्ण नकदी फसल के रूप जाना जा रहा है। 4000 से 4500 रुपए प्रति किण्टंवल की दर बिकने वाली सूरजमुखी की खेती के लिए उत्तर बिहार की भूमी काफी उपयुक्त है। इसकी जानकारी देते हुए जिले के पहाड़पुर प्रखंड स्थित परसौनी कृषि विज्ञान केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक डा.आशीष राय ने बताया कि ऐसे तो सूरजमुखी की बुवाई साल में तीन बार की जा सकती है।लेकिन फरवरी माह में इसकी बुवाई सबसे उपयुक्त मानी गयी है। प्रत्यारोपण तकनीक के प्रयोग से पौधे से पौधे की दूरी 30 सेमी व पंक्ति से पंक्ति की दूरी 60 सेमी रखते हुए सूरजमुखी के साथ किसान भाई अन्य फसल भी उगा सकते है।

**कैसे करे खेत की तैयारी –** सूरजमुखी की बेहतर पैदावार के लिए भूमि अच्छी नमी के साथ मिट्टी का भूरभूरा होना चाहिए। सिंचिंत भूमि में पहली जुताई हैरो से व दुसरी जुताई कल्टीवेटर या रोटावेटर करनी चाहिए। रसायनिक खाद की अपेक्षा वर्मी, जैविक या गोबर खाद इसके उत्पादन के लिए श्रेयस्कर है।

**कब करे बुआई –** जनवरी के दुसरे सप्ताह से फरवरी के तीसरे सप्ताह तक का समय सूरजमुखी के बुआई के सबसे उत्तम माना गया है। क्योकी ऐसे समय का तापमान इसके बीजो के अंकुरण में सहयोगी होता है।

**कितना रखे बीज की मात्रा –** उन्नत किस्मों का 4 किग्रा (ई.सी.68415 सी) तथा संकर किस्मों का 1.5 से 2 किग्रा बीज प्रति एकड़ पर्याप्त होता है।

**बीज उपचार व बुआई विधि –** शीघ्र अंकुरण के लिए बीज को चार से छः घण्टे तक भिगो दे। फिर बुआई के पूर्व छायादार जगह पर इसे सुखा ले। आमतौर पर सूरजमुखी में फफूंद की समस्या होती है, ऐसे में फफूंदनाशी दवा कैप्टान, थिराम, बैविस्टिन, काबेन्डाजिम में से किसी एक दवा से बीजोपचार करे।फिर सीधे बुआई कर सकते है। अगर इसके साथ अन्य फसल लगा रहे हो तो प्रत्यारोपण विधि का इस्तेमाल कर पौधे से पौधे की दूरी 30 सेमी व पंक्ति से पंक्ति की दूरी 60 सेमी रखे।

**कब और कितना करे सिंचाई –** बुआई के 20-25 दिन के बाद पहली सिंचाई करें।वही फूल आने पर खेत में नमी बरकरार रखने के लिए 10-15 दिन के अंतराल पर सिंचाई करें।

## संपादकीय

# घेरे में कुश्ती महासंघ

**अंतरराष्ट्रीय** मुकाबलों में मेडल जीत कर देश का नाम ऊंचा करने वाले पहलवान जिस तरह से राजधानी के जंतर-मंतर में धरने पर बैठे हैं, वह हमारे देश में खेल प्रबंधन पर बेहद कड़वी टिप्पणी है। वर्ल्ड चैंपियनशिप, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में मेडल जीत चुकी पहलवान विनेश फोगाट और उनके साथ खड़े साथी पहलवानों का यह आरोप बहुत गंभीर है कि रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (WFI) के अध्यक्ष समेत कई कोच महिला खिलाड़ियों का यौन शोषण करते हैं। ध्यान रहे, भारतीय खेल जगत में ऐसे आरोप पहली बार नहीं लगाए जा रहे। बास्केटबॉल, टेनिस, हॉकी, एथलेटिक्स में करियर बनाने की कोशिश कर रही कई महिला खिलाड़ियों ने समय-समय पर ऐसी शिकायतें की हैं। ऐसे में कुश्ती संघ के ताजा मामले को हलके में नहीं लिया जा सकता। वैसे, WFI के अध्यक्ष ने इन आरोपों को गलत बताया है। सच यह भी है कि मामले की जांच होने तक किसी को भी दोषी नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन यह कैसे और क्यों हुआ कि इन तमाम खिलाड़ियों को फेडरेशन के अंदर या खेल मंत्रालय के बनाए ढांचे में कहीं भी अपनी बात पर सुनवाई का भरोसा नहीं हुआ और वे अपनी मांगों के साथ जंतर-मंतर पर धरना देने को मजबूर हो गए? खेल मंत्रालय से गुरुवार को इन खिलाड़ियों की बातचीत का पहला दौर बेनतीजा रहा है। ये खिलाड़ी फेडरेशन को पूरी तरह भंग करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक सरकार की तरफ से इसे लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। जहां तक इन विक्टिम को आगे करके पुलिस में मामला दर्ज कराने और कानूनी प्रक्रिया से मुजरिम को सजा दिलाने की बात है तो ये खिलाड़ी कह रहे हैं कि जरूरत पड़ी तो यह रास्ता भी अख्तियार किया जाएगा। हालांकि, वह रास्ता काफी लंबा और पेचीदा है। इस दौरान कई खिलाड़ियों का करियर भी खत्म हो जाने का खतरा है। लेकिन आरोपों के दबाव में कुछ लोगों को पद से हटा देने या उनसे इस्तीफा दिलवा देने से यह साफ नहीं होगा कि आरोपों में सचमुच सचाई थी या नहीं। उस स्थिति में दोनों पक्ष खुद के सही होने का दावा करते रहेंगे। चूंकि देश और दुनिया के तमाम लोगों की नजर इस मामले पर लगी है, इसलिए थोड़ा वक्त भले लगे, लेकिन दूध का दूध और पानी का पानी होना ही चाहिए। इसके साथ ही यह देखना भी जरूरी है कि समय-समय पर खेल जगत से ऐसे आरोप क्यों लगते रहते हैं। ऐसा न हो और देश की बेटियां सुरक्षित महसूस करते हुए खेल में करियर बनाएं यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न फेडरेशनों के अंदर विभिन्न स्तरों पर शिकायत निवारण का एक स्थायी और कारगर तंत्र बनाने पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए।



वर्ल्ड चैंपियनशिप, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में मेडल जीत चुकी पहलवान विनेश फोगाट और उनके साथ खड़े साथी पहलवानों का यह आरोप बहुत गंभीर है कि रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (WFI) के अध्यक्ष समेत कई कोच महिला खिलाड़ियों का यौन शोषण करते हैं। ध्यान रहे, भारतीय खेल जगत में ऐसे आरोप पहली बार नहीं लगाए जा रहे। बास्केटबॉल, टेनिस, हॉकी, एथलेटिक्स में करियर बनाने की कोशिश कर रही कई महिला खिलाड़ियों ने समय-समय पर ऐसी शिकायतें की हैं। ऐसे में कुश्ती संघ के ताजा मामले को हलके में नहीं लिया जा सकता। वैसे, WFI के अध्यक्ष ने इन आरोपों को गलत बताया है। सच यह भी है कि मामले की जांच होने तक किसी को भी दोषी नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन यह कैसे और क्यों हुआ कि इन तमाम खिलाड़ियों को फेडरेशन के अंदर या खेल मंत्रालय के बनाए ढांचे में कहीं भी अपनी बात पर सुनवाई का भरोसा नहीं हुआ और वे अपनी मांगों के साथ जंतर-मंतर पर धरना देने को मजबूर हो गए? खेल मंत्रालय से गुरुवार को इन खिलाड़ियों की बातचीत का पहला दौर बेनतीजा रहा है।

## कुछ अलग

# चीन की आबादी घटने का क्या असर होगा

**एक** देश की आबादी का पिछले साल से कम निकलना दुनिया की सबसे बड़ी खबर बन जाएगी, हाल तक यह कौन सोच सकता था। लेकिन मामला अगर दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के बल पर हर माल की ग्लोबल कीमत जमीन पर ला देने वाले चीन का हो तो सबका चौंकना लाजमी है। चीन के नैशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स ने अभी हाल में आंकड़ा जारी करके बताया कि साल 2023 की शुरुआत में वहां की जनसंख्या 2022 की उसी तारीख की तुलना में साढ़े आठ लाख कम निकली। दूसरे शब्दों में चीन की आबादी घटने की शुरुआत हो चुकी है। मानव इतिहास में बच्चों का पालन-पोषण गांव-पड़ोस-मोहल्ले और मामा-मौसी, चाचा-बुआ के पारिवारिक ढांचे के जरिये ही होता आया है। लेकिन चीन में ऐसी एक पूरी पीढ़ी जवान हो चुकी है, जिसने इन रिश्तों का नाम ही नहीं सुना है। अगर मां-बाप के कोई भाई-बहन ही नहीं होंगे तो मामा-मौसी, चाचा-बुआ कहां से आएंगे? अकेले बच्चों से जुड़ी असुरक्षाएं लोगों में पड़ोसियों को भी संभावित शत्रु की तरह देखने की प्रवृत्ति पैदा कर देती हैं। चीन के समाजशास्त्री इस तरह की सारी समस्याएं लंबे अर्से से गिनाते आ रहे हैं। इसके बावजूद वहां की सरकार 'एक बच्चा' की नीति पर 35 साल अड़ी रही तो इसका मूल कारण उसका यह खौफ था कि बढ़ती आबादी को रोजगार और बुनियादी सुविधाएं न करा पाने से असंतुष्ट लोग कहीं उसके एकदलीय शासन के लिए मुश्किलें न खड़ी कर दें। कम्युनिस्ट चीन के जनसंख्या रुझानों पर एक नजर डालें तो इसमें आश्चर्यजनक उतार-चढ़ाव दिखाई देते हैं। सवाल है कि अभी जब चीन का नीतिगत चक्का जब जनसंख्या वाली अपनी धुरी से पीछे पलटने की ओर है, तो क्या उसके विकास का किस्सा पहले जैसा ही आगे बढ़ता रहेगा? सन 2027 तक अमेरिका को पीछे छोड़कर उसके संसार की नंबर एक अर्थव्यवस्था बन जाने की जो संभावना जताई जा रही थी, क्या वह अब भी ज्यों की त्यों बनी रहेगी? इन सवालों का जवाब कुछ साल बीतने के बाद ही मिल सकेगा, जब अपनी जनसंख्या को स्थिर करने की चीनी कोशिशों पर कोई अंतिम राय बनेगी और 2025 तक तकनीकी आत्मनिर्भरता हासिल कर लेने के उसके दावों की असलियत परखी जाएगी। मोटे तौर पर कहें तो अगर बीच में ही कोई बड़ी जंग न छिड़ जाए तो 2026-27 तक हम चीन के भविष्य को लेकर कुछ नतीजे निकालने की हालत में होंगे। अभी तो सिर्फ इतना कि अगले पांच वर्षों में विश्व अर्थव्यवस्था में उसकी घेरी हुई कुछ जगहें निश्चित रूप से खाली होंगी, जिनका हकदार भारत को ही बनना चाहिए।



मानव इतिहास में बच्चों का पालन-पोषण गांव-पड़ोस-मोहल्ले और मामा-मौसी, चाचा-बुआ के पारिवारिक ढांचे के जरिये ही होता आया है। लेकिन चीन में ऐसी एक पूरी पीढ़ी जवान हो चुकी है, जिसने इन रिश्तों का नाम ही नहीं सुना है। अगर मां-बाप के कोई भाई-बहन ही नहीं होंगे तो मामा-मौसी, चाचा-बुआ कहां से आएंगे? अकेले बच्चों से जुड़ी असुरक्षाएं लोगों में पड़ोसियों को भी संभावित शत्रु की तरह देखने की प्रवृत्ति पैदा कर देती हैं। चीन के समाजशास्त्री इस तरह की सारी समस्याएं लंबे अर्से से गिनाते आ रहे हैं। इसके बावजूद वहां की सरकार 'एक बच्चा' की नीति पर 35 साल अड़ी रही तो इसका मूल कारण उसका यह खौफ था कि बढ़ती आबादी को रोजगार और बुनियादी सुविधाएं न करा पाने से असंतुष्ट लोग कहीं उसके एकदलीय शासन के लिए मुश्किलें न खड़ी कर दें।

## भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक ने विभिन्न राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी

# विपक्ष एकजुट तो हो रहा है मगर यह 'साथ' कब तक बरकरार रहेगा?

**ललित गर्ग**

भापजा ने राजधानी दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक में जिस तरह का जोश और जितना आत्मविश्वास दिखाया, उसे स्वाभाविक ही कहा जा सकता है और माना जा रहा है कि इस वर्ष के विधानसभा चुनावों के साथ-साथ अगले वर्ष के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भापजा चमत्कार घटित करने की तैयारी में है। पिवक्षी दलों का उत्साह एवं जोश भी कम नहीं है। केन्द्रीय एवं राष्ट्रीय राजनीति में एक बार फिर राष्ट्रीय दल व क्षत्रप संगठित होते दिख रहे हैं। छोटे-से-छोटा दल भी यह माने बैठा है कि हम ही सत्ता प्राप्ति में संतुलन बिठायेंगे। चुनावी गणित जिस प्रकार से बनाने के प्रयास हो रहे हैं, उसमें क्या तीसरी शक्ति निर्णायक बनने की मुद्रा में आ सकेगी? राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का भी इन चुनावों में असर देखने को मिल सकता है।

**नया** वर्ष शुरू होते ही राजनीतिक दलों की सरगर्मियां भी नए मोड़ पर आने लगी हैं। क्योंकि इस वर्ष 9 राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं एवं अगले वर्ष लोकसभा के चुनाव होने हैं। खास तौर से अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने अभी से कमर कसना शुरू कर दिया है। भाजपा ने राजधानी दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक में जिस तरह का जोश और जितना आत्मविश्वास दिखाया, उसे स्वाभाविक ही कहा जा सकता है और माना जा रहा है कि इस वर्ष के विधानसभा चुनावों के साथ-साथ अगले वर्ष के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा चमत्कार घटित करने की तैयारी में है। विपक्षी दलों का उत्साह एवं जोश भी कम नहीं है। केन्द्रीय एवं राष्ट्रीय राजनीति में एक बार फिर राष्ट्रीय दल व क्षत्रप संगठित होते दिख रहे हैं। छोटे-से-छोटा दल भी यह माने बैठा है कि हम ही सत्ता प्राप्ति में संतुलन बिठायेंगे। सरकार कोई बनाए हम कुछ सीटों के आधार पर ही सत्ता की कुर्सी पर जा बैठेंगे। चुनावी गणित जिस प्रकार से बनाने के प्रयास हो रहे हैं, उसमें क्या तीसरी शक्ति निर्णायक बनने की मुद्रा में आ सकेगी? राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का भी इन चुनावों में असर देखने को मिल सकता है। बावजूद इन सब स्थितियों एवं जोड़-तोड़ के राजनीतिक गणित के लगता नहीं है कि केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने में कोई बड़ा अवरोध खड़ा करने में विपक्षी दल सफल होंगे। दिल्ली में सम्पन्न भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक ने विभिन्न राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी है। पार्टी की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब 2024 के लोकसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं, साथ ही उससे पहले नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इनमें से पांच राज्यों में बीजेपी या तो अकेली या सहयोगी दलों के साथ सरकार में है। पिछले वर्ष जिन दो राज्यों में विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुए हैं, उसमें कोई दो राय नहीं कि गुजरात में पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, लेकिन हिमाचल प्रदेश में एक फीसदी की जो कसर रह गई, उससे कांग्रेस के हौसले बुलंद हुए हैं। भाजपा के अपराजेय रहने का लक्ष्य हासिल नहीं करने दिया, जिसकी बीजेपी समर्थक उम्मीद कर रहे थे। ऐसे में अब और जरूरी




हो गया है कि उस कसर की भरपाई भाजपा नेतृत्व कार्यकर्ताओं के जोश और उनके मनोबल को कई गुना बढ़ाकर करे। आश्चर्य नहीं कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि 2023-24 में पार्टी एक भी चुनाव ना हारे। यह जोश भरने का एवं कार्यकर्ताओं को संगठित प्रयास करने का आह्वान पार्टी को कुछ अनोखा करने की भूमिका है। सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन की संभावनाएं बन रही हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन है। विपक्ष संगठित हो, अच्छी बात है लेकिन इससे राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगने चाहिए। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा क्या राजनीतिक दलों को जोड़ पायेगी? नजरें उनकी इस यात्रा में शामिल होने वाले राजनीतिक दलों पर भी लगी हैं, लेकिन ऐसा कोई दल अभी तक तो सामने नहीं आया है। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने आगामी चुनावों में अकेले लड़ने का ऐलान कर पार्टी की रणनीति साफ कर दी है, वहीं कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर 30 जनवरी को विपक्षी दलों को आमंत्रण देकर नए सिरे से विपक्षी एकता की ताकत आंकने का पासा फेंका है। इतना ही नहीं, दूसरे छोटे-बड़े राजनीतिक दल भी अपने राजनीतिक फायदे के लिए गठजोड़ की राजनीति के गुणा भाग में व्यस्त हो गए हैं। कांग्रेस में एक ओर दांव खेला जा रहा है भाजपा के नेता वरुण गांधी को पार्टी में लाने एवं दो भाइयों का राजनीतिक मिलन कराने का। यह भी आगामी चुनावों के मद्देनजर किया जा रहा है। प्रजातंत्र में टकराव भी हो, तो मिलन भी हो। विचार फर्क भी हो तो उद्देश्यों में भी फर्क हो। मन-मुटाव भी हो, पर मर्यादापूर्वक। लेकिन राजनीति की विडम्बना है कि अब मर्यादा एवं राजनीतिक मूल्यों के इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बड़े रूप में देखने को मिल रहा है और जैसे-जैसे चुनावों का समय नजदीक आयेगा, ये दृश्य व्यापक रूप में दिखाई देंगे। चुनाव के मौकों पर नए समीकरणों के साथ गठबंधन की बातों से इंकार नहीं किया जा सकता। लेकिन, अब तक का अनुभव तो यही बताता है कि इन समीकरणों के पीछे विचारधारा का जोड़ कम और राजनीतिक फायदे का तोड़ अधिक नजर आता है। वर्ष 1977 के बाद से गठजोड़ की राजनीति का गवाह रहे देश ने कई समीकरण बनते-बिगड़ते देखे हैं। कभी भाजपा का चौधरी चरण सिंह से गठजोड़, तो कभी कांग्रेस को रोकने के लिए वीपी सिंह के नेतृत्व में भाजपा और वाम दलों का परोक्ष रूप से हाथ मिलाना। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में बसपा के साथ मिलाकर सरकार बनाई और जम्मू-कश्मीर में महबूबा मुफ्ती के साथ मिलकर भी सरकार चलाई। पिछले लोकसभा चुनाव में शिवसेना, जनता दल-यू और अकाली दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ी भाजपा बदले समीकरणों में अगला चुनाव इनके खिलाफ लड़ सकती है। लेकिन, चिंता इस बात की है कि ऐसे बनते-बिगड़ते समीकरणों का सीधा मकसद विचारधारा का आधार नहीं, बल्कि सत्ता में भागीदारी करना भर रह गया है। राजनीतिक मूल्यों एवं लोकतंत्र को मजबूती देने का लक्ष्य किसी के भी सामने दिखाई नहीं देता। गठबंधन की राजनीति की शुरुआत में ही टूटन एवं निराशा के बादल छाये हैं। इस बात का आभास कांग्रेस ने 30 जनवरी की श्रीनगर रैली के लिए कुछ विपक्षी दलों को आमंत्रण नहीं भेज कर दिया है। न चंद्रशेखर राव की बीआरएस को बुलाया और न वाइएसआर कांग्रेस के जगनमोहन रेड्डी को। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से भी किनारा किया है, तो एआइएमआइएम और असम की एआइयूडीएफ से भी दूरी बनाई है। वैसे पूर्व के व्यापक राजनीतिक दलों के गठबंधन के गणित भी असफल ही रहे हैं, अब भी कोई व्यापक संभावनाएं सत्ता की लालसा एवं सर्वोच्च पद को लेकर जारी जद्दोजहद के कारण नहीं दिखती। नरेन्द्र मोदी एवं नड्डा के जोश भरे आह्वान सिर्फ शाब्दिक नहीं, प्रभावी हैं। संगठन को मजबूती देने की भाजपा की तैयारी ऐसी है, जिस पर भाजपा ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करके दिखाया है।

# कैसे घर-घर पहुंचा रामचरितमानस

वाल्मीकि कृत रामायण संस्कृत में थी। सर्वसामान्य की पहुंच से बाहर तुलसीदास जी राम को, राम के आदर्श को, राम के मूल्यों को घर-घर पहुंचाना चाहते थे। तुलसीदास जी के लिए राम सिर्फ उनके आराध्य देवता नहीं थे, बल्कि एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति और आदर्श राजा थे। उस दौर में सत्ता के लिए भाई-भाई की हत्या कर देते थे, पुत्र पिता को बेदखल कर देते थे। राजा-रजवाड़े अपना राजपाट बचाने के लिए अनैतिक समझौते कर रहे थे। मगर राम अपने पिता की वचनपूर्ति के लिए राज्याभिषेक छोड़कर वनवास चले जाते हैं। पूरी दुनिया सत्ता के लोभ में खून-खून खेल रही थी, मनुष्यता रोज शर्मसार हो रही थी, तब तुलसीदास ने राम का त्याग परोसने का बीड़ा उठाया। एक विद्वान, परम भक्त और कर्मकांडी ब्राह्मण के अंदर छटपटाहट हो रही थी। राम को जन-जन तक पहुंचाना है। मगर कैसे? संस्कृत की सीमाएं थीं। हिंदी तब ठीक से जन्मी नहीं थी इसलिए उन्होंने वाल्मीकि के रामायण को अवधी में लिखना शुरू किया। रामायण के राम नायक थे, राजा थे। तुलसीदास जी ने राम की पूजा की। उन्हें तमाम पुरुषों में उत्तम, मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में सेलिब्रेट किया। ढाई साल के लेखन के बाद जब अयोध्या के राजा ठेठ अवधी में अवतार लिए तो बनारस के संस्कृत विद्वानों में हड़कंप मच गया, उन्होंने विद्रोह कर दिया।

**मानस** की कुछ चौपाइयों के कारण तुलसीदास फिर से विवादों में आ गए हैं। वह जीते-जी भी हमेशा विवादों में रहे बल्कि देखा जाए तो विवाद उनके जन्म से ही शुरू हो गया था। कहते हैं, वह मां की कोख से बारहवें महीने में पैदा हुए थे। जब पैदा हुए तो उनके मुंह में सारे बत्तीस दांत थे। ऐसे मुहूर्त में पैदा हुए थे कि पिता की मृत्यु का कारण हो सकते थे। माता-पिता ने उन्हें त्याग दिया। घर की नौकरानी ने दूर ले जाकर उन्हें पाला-पोसा। वह भी जल्दी चल बसी। फिर एक ब्राह्मण ने उन्हें संभाला। उन्होंने उन्हें रामायण के बारे में बताया। बाद में उन्होंने बनारस आकर संस्कृत की विविधवत शिक्षा ली। संस्कृत के प्रकांड विद्वान बन गए। यह भक्ति काल था। तभी सूरदास, रहीम और मलिक मुहम्मद जायसी अपने-अपने सांचे में ढल रहे थे। बच्चे जब पैदा होते हैं तो रोते हैं। कहते हैं, जब तुलसीदास जी पैदा हुए तो रोए नहीं थे, राम बोले थे। इसलिए इनका पहला नाम रामबोला था। बहरहाल, रामबोला तुलसीदास बनके राम की कथा सुनाने के लिए बेचैन हो रहे थे। वाल्मीकि कृत रामायण संस्कृत में थी। सर्वसामान्य की पहुंच से बाहर। तुलसीदास जी राम को, राम के आदर्श को, राम के मूल्यों को घर-घर पहुंचाना चाहते थे। तुलसीदास जी के लिए राम सिर्फ उनके आराध्य देवता नहीं थे, बल्कि एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पिता और आदर्श राजा थे। उस दौर में सत्ता के लिए भाई-भाई की हत्या कर देते थे, पुत्र पिता को बेदखल कर देते थे। राजा-रजवाड़े अपना राजपाट बचाने के लिए अनैतिक समझौते कर रहे थे। मगर राम अपने पिता की वचनपूर्ति के




लिए राज्याभिषेक छोड़कर वनवास चले जाते हैं। पूरी दुनिया सत्ता के लोभ में खून-खून खेल रही थी, मनुष्यता रोज शमर्सार हो रही थी, तब तुलसीदास ने राम का त्याग परोसने का बीड़ा उठाया। एक विद्वान, परम भक्त और कर्मकांडी ब्राह्मण के अंदर छटपटाहट हो रही थी। राम को जन-जन तक पहुंचाना है। मगर कैसे? संस्कृत की सीमाएं थीं। हिंदी तब ठीक से जन्मी नहीं थी। इसलिए उन्होंने वाल्मीकि के रामायण को अवधी में लिखना शुरू किया। रामायण के राम नायक थे, राजा थे। तुलसीदास जी ने राम की पूजा की। उन्हें तमाम पुरुषों में उत्तम, मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में सेलिब्रेट किया। ढाई साल के लेखन के बाद जब अयोध्या के राजा ठेठ अवधी में अवतार लिए तो बनारस के संस्कृत विद्वानों में हड़कंप मच गया, उन्होंने विद्रोह कर दिया। बॉलिवुड की फिल्मों की तरह तुलसीदास जी का बॉयकॉट करने की धमकी दे दी। विद्वानों का तर्क था कि हमारे धर्म ग्रंथ सिर्फ संस्कृत में ही लिखे जा सकते हैं। दूसरी भाषा में लिखा तो अधर्म हो जाएगा। वैसे ही जैसे जर्मन पुजारी मार्टिन लूथर ने बाइबल का जर्मन भाषा में अनुवाद किया तो पूरे यूरोप में सन्नाटा छा गया था। चर्च ने कहा था कि बाइबल सिर्फ लैटिन में ही लिखा-पढ़ा जा सकता है। लूथर लड़े। तुलसीदास जी भी लड़े। अपनी बोली से उन्हें अगाध प्यार था और उसकी ताकत पर विराट विश्वास। उनका विश्वास तोड़ने की कई किंवदंतियां हैं। कहते हैं, विद्वानों ने मंदिर के एक कमरे में मानस को कई हिंदू धर्म ग्रंथों के नीचे रखकर बंद कर दिया। सुबह दरवाजा खुला तो मानस सबसे ऊपर था। फिर भी विद्वान हार नहीं माने। क्षुब्ध होकर तुलसीदास जी ने कहा, 'धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूत कहौ, जोलहा कहौ कोऊ...' मिसद (मिस्जद) में रहूंगा, मगर राम नाम गाता रहूंगा। विद्वत परिषद उनकी धमकी से डर गई। आखिर सुलह हुई। फिर इतिहास की धार बही। रामायण के जो राम संस्कृत के विद्वानों की कथा में रहे, वही राम अवधी में घर-घर पहुंच गए। लोग अपनी भाषा में मानस की चौपाइयां गाने लगे। आज भी गा रहे हैं। तुलसीदास का यही विजन था। अगर तुलसीदास ने रामचरितमानस नहीं लिखा होता, तो क्या राम की कथा इतना मजबूत खूंटा गाड़ पाती? शायद नहीं। तुलसीदास यहीं नहीं रुके। उन्होंने रामलीला का मंचन शुरू करवाया। कहते हैं, बनारस की पहली रामलीला मंडली तुलसीदास जी ने बनाई। अपनी चौपाइयों को राग और धुन दिए। तब से उत्तर भारत में रामलीला का जो मंचन शुरू हुआ, आज तक जारी है। उत्तर भारत के गांव-गांव में और दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों में आज जो रामलीलाएं होती हैं, वह तुलसीदास की दूरदर्शिता की देन हैं। आईने अकबरी में अबुल फजल ने सब कुछ लिखा है। वेद, पुराण और महाभारत से लेकर सारे अवतारों पर। राम की कथा का जिक्र नहीं है क्योंकि तब तक रामायण के राम ज्ञान की सीमाओं में कैद थे। उन्हें खुले मैदान में विराट स्वरूप में विराजित करने के लिए उपस्थित हुआ रामचरितमानस शैशव काल में था। वह शहंशाह अकबर का दौर था। अकबर के नवरत्नों में से एक रहीम तुलसीदास के खास मित्र थे। अकबर ने रहीम से संदेशा भिजवाया कि वह तुलसीदास को अपने दरबार का दसवां रत्न बनाना चाहते हैं। स्वाभिमानी ब्राह्मण ने शहंशाह का प्रस्ताव विनम्रतापूर्वक ठुकरा दिया। अकबर तुलसीदास से मिलने बनारस आए और गोस्वामी जी के साथ राम कथा में ऐसी डुबकी लगाई कि दीवाने हो गए। उन्होंने भी राम कथा पर आधारित झांकियां शुरू करवाईं। इलाहाबाद में आज भी वे झांकियां निकलती हैं। शहंशाह अकबर के फरमान के साथ।

## नागरिक बोध

# सांसारिक जीवन का संतोष सबसे बड़ा आनन्द है

**संतोष** को छोड़कर शेष सारी वृत्तियां दुःखमयी है। इसलिए हर परिस्थिति में व्यक्ति को संतुष्ट रहना चाहिए। आज का युग अर्थ की दिशा में बढ़ता जा रहा है। दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुओं और शहरी जीवन की प्रतिस्पर्धी सभ्यता ने महंगाई को इतना ऊंचा उठा लिया है कि हर व्यक्ति को अपने श्रम से उपार्जित द्रव्य में परिवार को सुखी बनाये रखना असंभव सा हो गया है। इस शहरी संस्कृति की अंध प्रतिस्पर्धा का ही परिणाम है कि वर्तमान युग का मानव जिस किसी स्त्रोत से आधिकारिक धनार्जन करना चाहता है।

धनार्जन की इस लालसा सभी एक दूसरे की वंचना में जिस तरह लगे हुए है उसे देखने मे ऐसी अनुभूति होने लगी है कि धनार्जन की यह प्रतिस्पर्धी लालसा यदि इसी क्रम से बढ़ती रही तो वह दिन दूर नही जब संतोष शब्द का व्यवहार सिर्फ लिखने पढ़ने के काम ही आया करेगा। मानवीय गुणों में यह एक प्रमुख गुण है ।हम अपने गौरवशाली इतिहास और वर्तमान युग के तीन दशक पहले की सामाजिक स्थितियां पर दृष्टिपात करे तो यह स्पष्ट दिखती है कि उस काल का मानव धनार्जन की कामना तो करता था किन्तु उस कामना के पीछे सद उपायों शुभ आकांक्षाओ की शुभ भावनाएं रहती थी। इसलिए वह कभी भी गलत मार्ग को धनार्जन का माध्यम स्वीकार करना हितकर नही मानता था।

जितना वह श्रम से अर्जित कर पाता, उससे उसे पूर्ण संतोष प्राप्त होता था और अपनी इस सीमित आय में ही अपना परिवार का भरण पोषण करने की समुचित व्यवस्था बना लेता था। सभी मे संतोषी वृतिया थी ।लेकिन वर्तमान में गौण है। आज कुछ रुपए के लिए पारिवारिक रिस्तो में जहर घोल देता है। चंद रुपयों के लिए आदमी की हत्या तक कर देता है। उस दौर में प्रेम और सहयोगी भावना रहती थी। एक दूसरे की उन्नति में हाथ भी बंटाते थे। इस पारस्परिक सौहार्द को देखकर दुनिया के समृद्ध राष्ट्र भी भारतीय जीवन की निश्छलता पवित्रता सादगी और ईमानदारी की भूरी भूरी प्रशंसा किया करते थे।

आज इस लालसा ने मनुष्य को बेनामी आय की तरफ धकेला है। करोड़ो रुपए की फंडिंग होती है ।करोड़ो रुपये घर की चार दिवारी से मिलते है ।इस देश मे वे विरले ही है जो ईमानदारी की रोटी खाते है। देश की यह प्रतिस्पर्धा कहा जाकर खत्म होगी। आज पागलों की तरह मनुष्य पैसों की तरफ पड़ा हुआ है।

आज युगीन मान्यताएं बदल चुकी है। संस्कृति का संक्रमण युग चल रहा है। हमारे भारतीय बन्धु भी पाश्चातय दुनिया की साधना संपन्न परिस्थितियों के लिए लालायित हो उठे है।

इस लालसा ने उन्हें ऐसे प्रयासों की और मोड़ दिया,जिनसे आज का एक नागरिक हर दूसरे नागरिक की कब्र पर अपने जीवन की अट्टालिका खड़ी करने की उधेड़बुन में ही सारा दिन बिताने लगा है। हमारे देश के कर्णधार भी जनजीवन में तृष्णा लोभ और लालसा की अभिवृद्धि के ही वातावरण का निर्माण करते आ रहे है।

## देश दुनीया से

# प्रधान न्यायाधीश पर पूरा यकीन

**पहला** प्रश्न तो यह है कि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश किस प्रकार नियुक्त किए जाएं? इस प्रश्न के संबंध में जो संशोधन उपस्थित किए गए हैं, उनका वर्गीकरण करने से वे तीन प्रकार के दिखाई देते हैं। एक प्रस्ताव यह है कि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से नियुक्त किए जाएं। यह एक दृष्टिकोण है। दूसरा दृष्टिकोण इस प्रकार है कि राष्ट्रपति जो नियुक्तियां करें, उनका समर्थन संसद के दो-तिहाई बहुमत से होना चाहिए। तीसरा सुझाव है कि वे राज्य परिषद से परामर्श लेकर नियुक्त किए जाने चाहिए। ...जो प्रश्न उठाया गया है, वह बहुत महत्वपूर्ण है। इस संबंध में सभा में किसी प्रकार का मतभेद नहीं होना चाहिए कि हमारी न्यायपालिका का कार्यपालिका से कोई संबंध नहीं होना चाहिए और उसमें योग्य व्यक्ति होंगे। प्रश्न यह है कि इन दो उद्देश्यों की पूर्ति किस प्रकार हो। अन्य देशों में इस प्रश्न को दो प्रकार से हल किया गया है। इंग्लैंड में सम्राट बिना किसी परिसीमा के नियुक्तियां करता है, जिसका अर्थ यह है कि सामयिक कार्यपालिका नियुक्तियां करेगी। संयुक्त राज्य अमेरिका में इससे बिल्कुल भिन्न प्रणाली प्रयोग में है और वहां उच्चतम न्यायालय के पदों तथा राज्य के अन्य पदों के लिए नियुक्तियां सीनेट की सहमति से ही की जाती हैं। मुझे यह दिखाई देता है कि अपनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए... इस देश में उत्तरदायित्व की भावना अभी उतनी नहीं है, जितनी संयुक्त राज्य अमेरिका में है। यह खतरनाक सिद्ध होगा कि राष्ट्रपति बिना किसी परिसीमा के नियुक्तियां करें अर्थात सामयिक कार्यपालिका के परामर्श से ही नियुक्तियां करें, इसी प्रकार कार्यपालिका की प्रत्येक नियुक्ति के संबंध में विधानमंडल की सहमति प्राप्त करना भी बहुत उपयुक्त उपबंध नहीं है। इस प्रथा के बहुत बोझिल होने के अतिरिक्त उसके अधीन यह भी आशंका रहेगी कि राजनीतिक दबाव तथा राजनीतिक बातों का नियुक्तियों पर प्रभाव पड़ेगा। मसौदे में जो अनुच्छेद है, उसमें मध्यम मार्ग का अनुसरण किया गया है। उसके अधीन नियुक्तियों के संबंध में राष्ट्रपति उच्चतम तथा अंतिम प्राधिकारी नहीं है और न विधानमंडल का ही प्रभाव पड़ता है। इस अनुच्छेद में इस प्रकार का उपबंध है कि ऐसे लोगों से परामर्श लिया जाए, जो इतने सुयोग्य हों कि ऐसे विषयों पर यथोचित परामर्श दे सकें और मेरे विचार से ऐसा उपबंध फिलहाल पर्याप्त समझा जाए। मुख्य न्यायाधिपति की सहमति के संबंध में मुझे यह दिखाई देता है कि जो लोग इस प्रस्ताव के समर्थन में हैं, उनका मुख्य न्यायाधिपति की निष्पक्षता और ठीक निर्णय पर विश्वास है, मेरी अपनी यह धारणा है कि मुख्य न्यायाधिपति निस्संदेह एक प्रख्यात व्यक्ति होगा, किंतु फिर भी न्यायाधिपति में भी साधारण मनुष्यों की कमजोरियों तथा भावनाएं होंगी। मेरे विचार से न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में मुख्य न्यायाधिपति के मत को मानने का अर्थ यह होगा कि उसे वह अधिकार प्राप्त हो जाएगा, जो हम न तो राष्ट्रपति को और न तत्कालीन सरकार को देने के लिए तैयार हैं। इसलिए मेरे विचार से यह भी एक खतरनाक प्रस्ताव है...। यह नहीं माना जा सकता कि पैंसठ वर्ष की आयु में मनुष्य के बौद्धिक बल का शून्यन हो जाता है। साथ ही, मेरे विचार से जिन माननीय सदस्यों ने इस आशय के संशोधन उपस्थित किए हैं, वे उस उपबंध को भूल गए हैं, जो हमने अनुच्छेद 107 में रखा है और जिसमें कहा है, मुख्य न्यायाधिपति को स्वतंत्रता होगी कि वह किसी निवृत्त न्यायाधीश से किसी विशेष मामले या मामलों के संबंध में निर्णय करने को कहें। इसलिए अनुच्छेद 107 के इस उपबंध के फलस्वरूप, मैं यह कहूंगा कि इसकी संभावना न रह जाएगी कि ऐसे लोगों के बुद्धि बल का प्रयोग न किया जा सके, जो उच्चतम न्यायालय में कार्य कर चुके हों। इसलिए मेरा यह निवेदन है कि आयु संबंधी विचार-विमर्श के समय जो तर्क पेश किए गए और जो भय प्रकट किया गया, उसका कोई आधार नहीं है...। न्यायपालिका प्रायः नागरिकों के आपसी मामलों का निर्णय करती है और यदा-कदा नागरिकों और सरकार के बीच किसी मामले का निर्णय करती है।

प्रश्न यह है कि इन दो उद्देश्यों की पूर्ति किस प्रकार हो। अन्य देशों में इस प्रश्न को दो प्रकार से हल किया गया है। इंग्लैंड में सम्राट बिना किसी परिसीमा के नियुक्तियां करता है, जिसका अर्थ यह है कि सामयिक कार्यपालिका नियुक्तियां करेगी। संयुक्त राज्य अमेरिका में इससे बिल्कुल भिन्न प्रणाली प्रयोग में है और वहां उच्चतम न्यायालय के पदों तथा राज्य के अन्य पदों के लिए नियुक्तियां सीनेट की सहमति से ही की जाती हैं। मुझे यह दिखाई देता है कि अपनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए... इस देश में उत्तरदायित्व की भावना अभी उतनी नहीं है, जितनी संयुक्त राज्य अमेरिका में है।



# मुश्किल में अमेरिकी राष्ट्रपति : जो बाइडन के घर चली 12 घंटे तक तलाशी, छह और गोपनीय दस्तावेज उठा ले गए अधिकारी

**वाशिंगटन ।**
अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मुश्किलें आए दिन बढ़ती जा रही हैं। घर से गोपनीय दस्तावेज मिलने के मामले में उनकी परेशानी कम होती नहीं दिख रही है। दरअसल, जो बाइडन के घर पर एक बार फिर से छापेमारी की गई है। अमेरिकी न्याय विभाग की छापेमारी के दौरान बाइडन के घर से छह और गोपनीय दस्तावेज मिले हैं जो कि उनकी मुश्किलें और बढ़ा सकती हैं। इस बात की पुष्टि बाइडन के निजी वकील बॉब बाउर ने की है। वकील बॉब बाउर ने बताया कि यह तलाशी करीब 12 घंटे तक चली।

### बाइडन के उपराष्ट्रपति के दौरान के गोपनीय दस्तावेज

बाइडन के वकील के मुताबिक शुक्रवार को न्याय विभाग के अधिकारियों ने गोपनीय दस्तावेजों की तलाशी के लिए जो बाइडन के डेलवेयर स्थित घर और विलमिंगटन स्थित पूर्व ऑफिस में छापेमारी की थी। गोपनीय दस्तावेज उस वक्त के हैं जब जो बाइडन उप राष्ट्रपति थे। आरोप है कि वह पद छोड़ने से पहले गोपनीय दस्तावेज अपने साथ ले गए थे।

### मुझे कोई पछतावा नहीं: बाइडन

वहीं जांच को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि नवंबर में उनके निजी कार्यालय में गोपनीय दस्तावेज पाए जाने से पहले उनका खुलासा नहीं करने पर कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं और इसे जल्दी से हल करने के लिए उत्सुक हैं।

मुझे लगता है कि आप पाएंगे कि वहां कुछ भी नहीं है। मुझे कोई पछतावा नहीं है। वकीलों ने मुझे जो बताया है, मैं उसका पालन कर रहा हूं। घटनाक्रम के सामने आने के बाद करीब हफ्ते भर में उनकी पहली सार्वजनिक टिप्पणी आई है।

### ट्रंप के घर भी मिले गुप्त दस्तावेज

ट्रंप के घर से कुछ गुप्त क्लासिफाइड फाइलें मिली हैं जिसके बाद से उनके ऊपर जांच का खतरा मंडराने लगा है। हालांकि, इस मामले में अब डोनाल्ड ट्रंप का भी बयान सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि इन फाइलों को कुछ नफरती संघीय अधिकारियों द्वारा प्लांट किया गया है ताकि वे मुझे फंसा सकें। लेकिन मैं इसे हल्के में ले रहा हूं क्योंकि मुझे पता है कि ये सब मुझे फंसाने के लिए किया गया है और इसमें कोई भी सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान कुछ भी गलत नहीं किया। यह सब मेरे खिलाफ साजिश रचने की योजना है।

## न्यूज ब्रीफ

### आजम खान ने खैबर पख्तूनख्वा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ, राज्यपाल ने दिलाई शपथ



**इस्लामाबाद ।** पूर्व नौकरशाह मोहम्मद आजम खान ने शनिवार को आयोजित एक समारोह में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर हाजी गुलाम अली ने खान को शपथ दिलाई, जिनके नाम को निवर्तमान मुख्यमंत्री महमूद खान और विपक्ष के नेता अकरम खान दुर्रानी के बीच बातचीत के बाद अंतिम रूप दिया गया था। शपथ ग्रहण समारोह पेशावर के गवर्नर हाउस में हुआ और इसमें नागरिक और सैन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इससे पहले शनिवार को अली ने खान को औपचारिक रूप से प्रांत का कार्यवाहक मुख्यमंत्री नियुक्त किया। खान इससे पहले प्रांत के वित्त मंत्री रह चुके हैं। वह सितंबर 1990 से जुलाई 1993 तक खैबर पख्तूनख्वा के मुख्य सचिव भी रहे। निवर्तमान मुख्यमंत्री खान और दुर्रानी ने एक संवाददाता सम्मेलन में खान के नाम की घोषणा की। महमूद खान ने कहा, हमने अपने नेता के साथ विचार-विमर्श के बाद आजम खान के नाम पर फैसला किया। उन्होंने कहा, हम आजम खान को अपने सर्वसम्मत उम्मीदवार बनाने पर सहमत हुए। हमने एक ऐसे व्यक्ति को चुना है जो सभी को स्वीकार्य है। दुर्रानी ने एक प्रमुख अखबार के हवाले से कहा, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता और पूर्व रक्षा मंत्री परवेज खट्टक ने आम सहमति तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नियुक्ति के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए खान ने प्रांत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) को पूरा सहयोग देने का संकल्प लिया। रिपोर्ट के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में सुरक्षा स्थिति को और मजबूत करने और प्रांत में महंगाई को नियंत्रित करने के प्रयास किए जाएंगे। खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा बुधवार को उस समय भंग कर दी गई थी जब प्रांतीय विधायिका को भंग करने के लिए पीटीआई प्रमुख और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के आदेश पर राज्यपाल ने हस्ताक्षर किए और मुख्यमंत्री की सारांश को मंजूरी दे दी।

### राष्ट्रपति लूला ने सेना प्रमुख को किया बर्खास्त, बोलसोनारो समर्थकों के हंगामे के बाद लिया फैसला



**ब्रासीलिया ।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने शनिवार को देश के सेना प्रमुख, जूलियो सीजर डी अरुडा को सेना प्रमुख के पद से राजधानी में हुए हिंसक प्रदर्शन के कारण बर्खास्त कर दिया है। अरुडा को ब्राजील में पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के समर्थकों द्वारा सरकारी इमारतों को कब्जा में लेने के मामले में बर्खास्त किया गया है। ब्राजील के सशस्त्र बलों की आधिकारिक वेबसाइट ने कहा कि जनरल जूलियो सीजर डी अरुडा को सेना प्रमुख के पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह जनरल टॉमस मिगुएल रिबेरो पाइवा को पद पर नियुक्त किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पहले पाइवा दक्षिण पूर्व सैन्य कमान के प्रमुख थे। ब्राजील में अशांति तब भड़क उठी जब पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों ने सरकारी भवनों, ब्राजीलियाई कांग्रेस, राष्ट्रपति महल और सर्वोच्च न्यायालय पर धावा बोल दिया, प्रदर्शनकारियों ने नवनिर्वाचित लूला को उखाड़ फेंकने के लिए सैन्य हस्तक्षेप की मांग की गई थी।

### पेरू में हिंसा के बीच सरकार का बड़ा कदम, ऐतिहासिक स्थल माचू पिच्चू में पर्यटकों के प्रवेश पर लगाई रोक



**लीमा ।** पेरू के शीर्ष पर्यटन स्थलों में से एक माचू पिच्चू ने देश में अशांति के बीच यात्रियों के प्रवेश को निलंबित कर दिया है। संस्कृति निदेशालय और माचू पिचू ऐतिहासिक अभयारण्य निदेशालय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।अधिकारियों ने कहा कि जिन पर्यटकों के पास 21 जनवरी या उसके बाद का टिकट है, वे विरोध प्रदर्शन खत्म होने के एक महीने बाद तक रिफंड का दावा कर सकते हैं। गुरुवार को सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान उरुबाम्बा-ओलंटायटम्बो-माचू पिच्चू रेलवे के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके कारण अगली सूचना तक ट्रेन सेवाओं को निलंबित करना पड़ा। निलंबित ट्रेन सेवा ने माचू पिच्चू जिले में फंसे 300 विदेशी नागरिकों सहित 417 लोगों को छोड़ दिया।

# पाकिस्तान का विदेशी व्यापार अब पूरी तरह हो सकता है बंद, महंगाई दर रिकॉर्ड स्तर पर

**इस्लामाबाद ।**
गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे पाकिस्तान के हालात कोढ़ में खाज जैसे होते जा रहे हैं। पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में अब कुछ ही सप्ताह के आयात के लिए रकम बची है, जिसे देखते हुए विदेशी कंपनियों ने पाकिस्तानी सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उन्हें माल ढुलाई के लिए जल्द पैसा नहीं मिला तो वे पाकिस्तान की सभी शिपिंग लाइन बंद कर देंगे। शिपिंग कंपनियों का कहना है कि उन्हें काफी समय से माल ढुलाई का पैसा नहीं मिला है। जिस तरह के हालात हैं, उसे देखकर उन्हें आशंका है कि कहीं पाकिस्तान दिवालिया न हो जाए। पाकिस्तान शिप एजेंट्स एसोसिएशन (पीएसएए) के अध्यक्ष अब्दुल रऊफ ने एक पत्र लिखकर वित्त मंत्री इशाक डार को समय रहते जरूरी कदम उठाने के लिए कहा है। रऊफ का कहना है, अगर शिपिंग कंपनियों का उधार नहीं चुकाया गया तो पाकिस्तान की हालत श्रीलंका जैसी हो जाएगी। पीएसएए अध्यक्ष ने इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद, वाणिज्य मंत्री सैयद नवीद नमार और समुद्री मामलों के मंत्री फैसल सब्जवारी को भी पत्र लिखे हैं। रऊफ ने सभी मंत्रालय और विभागों से अनुरोध किया है, वे शिपिंग कंपनियों का उधार चुकाएं और समुद्री व्यापार को बरकरार रखने के प्रयास करें। कहा, पाकिस्तान के समुद्री व्यापार के लिहाज से पूरी तरह से विदेशी शिपिंग कंपनियों पर निर्भर है।



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से ऋण लेने के लिए पाकिस्तान को आर्थिक सुधारों की जरूरत है। वहीं, सऊदी अरब और यूएई भी कह चुके हैं कि पाकिस्तान को और ज्यादा दान नहीं दे सकते हैं। बहरहाल, पाकिस्तान सांख्यिकीय ब्यूरो के मुताबिक पाकिस्तान में बीते शुक्रवार को साप्ताहिक महंगाई दर बढ़ कर 31.83 फीसदी पहुंच गई। देशभर के 17 शहरों में 50 बाजारों के सर्वेक्षण के आधार पर 51 आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की निगरानी के आधार पर ब्यूरो ने बताया कि बीते सप्ताह में 51 में से 23 वस्तुओं की कीमतें बढ़ीं, 11 घटीं और 17 स्थिर रही हैं। भारत में आतंक फैलाने के लिए आंतकियों को पालने-पोषने वाले पाकिस्तान ने कर्ज चुकाने के लिए भी कर्ज लिया, जिसकी वजह से हालात इतने खराब हो चुके हैं कि बीते 22 वर्ष में पाकिस्तान पर कर्ज 1500 फीसदी बढ़ चुका है। पाकिस्तान सरकार ने बलोचिस्तान को चीन के हवाले करने की तैयारी की है। 1947 में जबरन कब्जा कर पाक में मिलाए गए इलाके के लोग खुद को पाकिस्तानी नहीं मानते और लंबे समय से पाकिस्तान से आजादी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### चीन में 80 प्रतिशत लोग हुए कोरोना से संक्रमित, वैज्ञानिक बोले- नई लहर की संभावना कम

**बीजिंग ।** चीन में कोरोना वायरस विकराल रूप धारण कर चुका है। आलम यह है कि यहां की आबादी का एक बड़ा हिस्सा संक्रमित हो चुका है। इस बीच चीन के एक प्रमुख वैज्ञानिक की ओर से बड़ा खुलासा किया गया है। चाइना सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेशन के मुख्य महामारी विज्ञानी वू जून्यौ का कहना है कि चीन में अगले दो से तीन महीनों में दोबारा कोरोना संक्रमण बढ़ने की संभावना बहुत कम है, क्योंकि 80 प्रतिशत लोग संक्रमित हो चुके हैं। उन्होंने कहा, 21 जनवरी से चीन में शुरू हुईं ल्यूनर नव वर्ष की छुट्टियों के दौरान बड़ी संख्या में लोग यात्राएं करेंगे, जिससे कुछ क्षेत्रों में संक्रमण बढ़ सकता है। हालांकि, दूसरी कोरोना लहर की संभावना न के बराबर है। वैज्ञानिक वू जून्यौ ने कहा, ल्यूनर नव वर्ष के दौरान चीन के शहरों से लोग अपने परिजनों से मिलने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों की यात्रा करते हैं। ऐसे में ग्रामीण इलाकों में संक्रमण दर ज्यादा हो सकती है, क्योंकि वहां पर कोरोना की रोकथाम के इंतजाम बहुत ही कम हैं। उधर, एक अन्य अधिकारी ने कहा है कि चीन में गंभीर कोरोना मरीजों की संख्या उच्चतम स्तर को पार कर चुकी है। चीन के सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 12 जनवरी तक यहां पर लगभग 60 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हाल ही में चीन ने यह आंकड़े विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ साझा किए थे। चीन ने कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या में उछाल का कारण जीरो कोविड पॉलिसी को वापस लेना बताया था।

एक्टिविस्ट ने तुर्किये के दूतावास के सामने कुरान जलाई

# स्वीडन ने पुलिस प्रोटेक्शन दिया, विरोध में तुर्किये ने रक्षा मंत्री का दौरा रद्द किया



**स्टॉकहोम ।**
स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में एक दक्षिणपंथी एक्टिविस्ट ने शनिवार को तुर्किये के दूतावास के सामने कुरान जला दी। जिसके बाद से वहां मुस्लिम समुदाय के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। जिस व्यक्ति रासमस पलूदान ने कुरान जलाई वो काफी समय से स्वीडन में इस्लाम विरोधी बयानों और हरकतों के चलते जाना जाता है। हालांकि यह मामला बड़ा इसलिए बना क्योंकि पलूदान ने इस बार पुलिस से अनुमति लेने के बाद यह काम किया। इसके लिए उसे पुलिस प्रोटेक्शन तक दी गई थी। मामला इतना गंभीर हो गया है कि कुरान जलाने की घटना के बाद तुर्किये के रक्षा मंत्री ने स्वीडन का दौरा तक रद्द कर दिया। यह दौरा स्वीडन के नाटो सदस्य बनने के लिए काफी अहम था। कुरान जलाने के बदले में तुर्किये में लोगों ने स्वीडन का झंडा फूंक दिया। रिपोर्ट के मुताबिक रासमस पलूदान ने पिछले साल अप्रैल में रमजान के दौरान घोषणा की थी कि वो कुरान को जलाने के लिए एक टूर करेगा। जिसके बाद शनिवार यानी 21 जनवरी को पलूदान ने एक लाइटर से तुर्किये के दूतावास के बाहर कुरान की एक कॉपी को जला दिया। इस दौरान उसने इस्लाम को लेकर कई विवादित बयान भी दिए।

कुरान जलाए जाने के समय रासमस के समर्थन में वहां लगभग 100 लोग मौजूद रहे। पलूदान ने कहा कि अगर तुम्हें लगता है कि अभिव्यक्ति की आजादी नहीं होनी चाहिए तो तुम स्वीडन में नहीं कहीं और जाकर रहो। कुरान जलाए जाने के बाद तुर्किये के विदेश मंत्री मेलवुत ने कहा कि स्वीडन रासमस को कुरान जलाने से रोकने में नाकामयाब रही। यह एक नस्लभेदी काम है, इसका अभिव्यक्ति की आजादी से कोई मतलब नहीं है। हालांकि स्वीडन के विदेश मंत्री इस घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि स्वीडन में अभिव्यक्ति की पूरी आजादी है। हालांकि इसका यह मतलब नहीं की इस तरह की हरकतों का हम समर्थन करते हैं। कुरान जलाने पर तुर्किये के अलावा कई इस्लामिक देशों ने आपत्ती दर्ज कराई है।

# अमेरिकी सेना और आतंकियों के बीच भीषण लड़ाई, हमले में अल-शबाब के 30 लड़ाके ढेर

**मोगादिशू ।**
अमेरिकी सेना के एक हमले में मध्य सोमाली शहर के गलकाड के पास लगभग 30 इस्लामवादी अल शबाब के लड़ाके मारे गए। यूएस अफ्रीका कमांड ने एक बयान में कहा कि सेना और लड़ाकों के बीच भीषण लड़ाई हुई। यह हमला सोमालिया की राजधानी मोगादिशू से 260 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में गलकाड के पास हुआ। यूएस अफ्रीका कमांड ने आकलन किया कि इसमें कोई भी नागरिक घायल या मारा नहीं गया। अमेरिकी बलों ने सोमालिया की राष्ट्रीय सेना के समर्थन में सामूहिक आत्मरक्षा हमला किया। जारी बयान में कहा गया कि यह आतंकी संगठन अल कायदा से जुड़ा हुआ है। मई 2022 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने आतंकवादी समूह का मुकाबला करने के लिए क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों को फिर से तैनात करने के लिए पेंटागन के अनुरोध को मंजूरी दी थी। इसके बाद से अमेरिकी सैनिक सोमाली सरकार को अपना समर्थन दे रही है। उधर, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 में देश से सभी अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने का फैसला किया था।



अमेरिका कमांड की सेना प्रशिक्षण और सलाह देना रखेगी जारी अमेरिकी सेना ने शनिवार के बयान में कहा सोमालिया पूर्वी अफ्रीका में स्थिरता और सुरक्षा का केंद्र बना हुआ है। यूएस अफ्रीका कमांड की सेनाएं अल-शबाब और सबसे घातक अल-कायदा को हराने के लिए सहयोगी बलों को प्रशिक्षण, आवश्यक उपकरण और सलाह देना जारी रखेगी। अल-शबाब के लड़ाकों के खिलाफ जंग जारी सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, हाल के महीनों में अमेरिकी सेना ने इस क्षेत्र में कई हमले किए हैं। अक्टूबर 2022 में एक अमेरिकी हमले में मोगादिशू से लगभग 218 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में अल-शबाब के दो सदस्य मारे गए। नवंबर में मोगादिशू से लगभग 285 किलोमीटर उत्तर पूर्व में अल-शबाब के 17 लड़ाके मारे गए, जबकि दिसंबर में एक और अमेरिकी हमले ने कैडेल शहर के पास अल-शबाब के छह आतंकवादियों को मार गिराया, जो राजधानी से लगभग 150 मील उत्तर-पूर्व में है।

# भारत की राह पर चीन, आईएमएफ के बेलआउट पैकेज के लिए श्रीलंका को दिया वित्तीय आश्वासन

**बीजिंग ।**
कर्ज में डूबे श्रीलंका की मदद के लिए भारत की राह पर चीन भी आगे बढ़ रहा है। उसने 2.9 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज को जारी करने के लिए आईएमएफ को वित्तीय आश्वासन दिया है। चीन का यह कदम भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के श्रीलंका दौरे के बाद उठाया गया है।

दरअसल, बीते दिनों विदेश मंत्री एस जयशंकर ने श्रीलंका की यात्रा की थी और खराब आर्थिक संकट से जूड रहे देश की मदद से के लिए आईएमएफ को वित्तीय आश्वासन भी दिया था। बता दें, श्रीलंका आईएमएफ से 2.9 अरब डॉलर का ऋण हासिल करने के लिए प्रयासरत है। वह चीन, जापान और भारत जैसे प्रमुख कर्जदाताओं से वित्तीय आश्वासन हासिल करने की कोशिश कर रहा है। आईएमएफ ने राहत पैकेज को रोक दिया है और वह श्रीलंका के प्रमुख कर्जदाताओं से वित्तीय आश्वासन चाहता है।



### चीन ने आईएमएफ को लिखा पत्र

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राहत पैकेज के लिए चीन के एक्जिम बैंक ने शनिवार को श्रीलंका को पुनर्भुगतान पर दो साल की छूट देने और विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) से सहमत होने के लिए आईएमएफ को एक पत्र लिखा है।

### बीते साल आईएमएफ ने की थी पैकेज की घोषणा

दरअसल, आईएमएफ ने पिछले साल सितंबर में श्रीलंका को 2.9 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज को चार साल से अधिक के लिए मंजूरी दे दी थी। हालांकि, देश के खराब वित्तीय आर्थिक हालातों और ऋण चूक के बाद आईएमएफ ने इस राहत पैकेज को रोक दिया था। ट्रेजरी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 के अंत तक, श्रीलंका पर द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और वाणिज्यिक ऋणों का लगभग 40 बिलियन अमरीकी डालर बकाया था।

भारतीय मूल की निक्की हेली लड़ सकती हैं राष्ट्रपति चुनाव

# बोलीं- बाइडन का नहीं हो सकता दूसरा कार्यकाल

**वॉशिंगटन ।**
रिपब्लिकन पार्टी की प्रमुख नेता निक्की हेली ने कहा कि जो अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन का दूसरा कार्यकाल नहीं हो सकता है। निक्की हेली ने कहा कि उन्हें लगता है कि वह नई नेता हो सकती हैं, जो देश को एक नई दिशा में ले जा सकती हैं। दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत हेली ने कहा कि वह अभी भी संभावित राष्ट्रपति पद के दौड़ पर काम कर रही हैं। 51 वर्षीय भारतीय मूल की अमेरिकी नेता से जब पूछा गया कि क्या वह राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने जा रही हैं, उन्होंने कहा, मैं यहां कोई घोषणा नहीं करने जा रही हूं। हालांकि, हेली ने संकेत दिया कि वह अमेरिका की नई नेता हो सकती हैं। उन्होंने कहा, जब आप राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होने की कोशिश कर रहे होते हैं तो आप दो चीजों को देखते हैं। आप पहले देखिए, क्या मौजूदा हालात नए नेतृत्व को आगे बढ़ाते हैं दूसरा सवाल यह है कि क्या मैं वह व्यक्ति हूं जो वह नई नेता हो सकती हूं। हमें एक नई दिशा में जाने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि मैं वह नेता बन सकती हूं। अक्टूबर 2018 में ट्रंप प्रशासन से इस्तीफा देने वाली हेली ने कहा कि उन्होंने गवर्नर और राजदूत के रूप में बहुत अच्छा काम किया। उन्होंने कहा, राज्यपाल के तौर पर मैंने बेरोजगारी से जूझ रहे राज्य की चुनौती को स्वीकार किया और इसे सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाया। राजदूत के रूप में, मैंने दुनिया को तब आड़े हाथों लिया जब उन्होंने हमारा अनादर करने की कोशिश की। मुझे लगता है कि मैंने दिखाया कि मैं संयुक्त राष्ट्र में क्या करने में सक्षम हूं। हेली ने कहा, मैं कभी रेस नहीं हारी। मैंने तब यही कहा था। मैं अब भी यही कहती हूं। मैं अब हारने वाला नहीं हूं। लेकिन देखते रहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अब रिपब्लिकन पार्टी में नया नेतृत्व लाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रपति पद के लिए आठ लोकप्रिय मतों में से पिछले सात में हार गए हैं। आठ में से सात रिपब्लिकन हार गए हैं। कुछ तो गलत है। और इसलिए मुझे लगता है कि यह समय है कि हम एक नई पीढ़ी लाएं जो हमारी पार्टी में अधिक लोगों को ला सके, जो वास्तव में उन समाधानों के बारे में बात कर सके जिन्हें हमें जानने की आवश्यकता है।



### जो बाइडन का नहीं हो सकता दूसरा कार्यकाल

हेली ने इस बात पर भी जोर दिया कि डेमोक्रेट राष्ट्रपति बाइडन को दूसरा कार्यकाल नहीं दिया जाना चाहिए। 80 वर्षीय बाइडन अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं। उन्होंने कहा, अगर मैं चुनाव लड़ती हूं तो मैं जो बाइडन के खिलाफ चुनाव लड़ रही हूं। मैं इसी पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं, क्योंकि जो बाइडन के लिए दूसरा कार्यकाल नहीं हो सकता है। अमेरिका में अगला राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर 2024 को होना है।

### व्यक्ति से बड़ा है अमेरिका का अस्तित्व

हेली ने स्पष्ट नहीं किया कि अगर उनके डोनाल्ड ट्रंप फिर से राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं तो क्या वह भी चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा, उनके साथ मेरे अच्छे कामकाजी संबंध थे। मैं विदेश नीति के उन सभी मुद्दों की सराहना करती हूं जिन पर हमने मिलकर काम किया। लेकिन मैं आपको यह बताऊंगी कि अमेरिका का अस्तित्व मायने रखता है और यह एक व्यक्ति से बड़ा है। उन्होंने आगे कहा, जब आप अमेरिका के भविष्य को देख रहे हैं, तो मुझे लगता है कि यह नई पीढ़ी के बदलाव का समय है। मुझे नहीं लगता कि डीसी में एक नेता बनने के लिए आपको 80 साल का होने की जरूरत है।

# सरकार आज 26 परियोजनाओं के एमओयू पर करेगी हस्ताक्षर

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में राज्य में लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपए के निवेश के लिए सोमवार को एमओयू साइनिंग सेरेमनी का आयोजन होगा। समारोह में अक्षय ऊर्जा और पर्यटन क्षेत्र की 26 परियोजनाओं के एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसकी मदद से 13000 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में सीएम गहलोत के साथ ही उद्योग व वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत, पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, ऊर्जा राज्य मंत्री भंवर सिंह भाटी समेत कई अधिकारी व मंत्री मौजूद रहेंगे। इस आयोजन को लेकर उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि राज्य के विकास के लिए सरकार निवेशकों के साथ सस्टेनेबल पार्टनरशिप बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन्वेस्ट राजस्थान कैंपेन हमें अपने हितधारकों के साथ सहयोग करने और अपने वादों को पूरा करने में मदद कर रहा है। समारोह में अक्षय ऊर्जा और पर्यटन क्षेत्र की 26 परियोजनाओं

### सृजित होंगे 13 हजार रोजगार




के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे राज्य में लगभग 13 हजार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। उद्योग विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता ने कहा कि हाल ही में राजस्थान में आयोजित इन्वेस्ट समिट के प्रति उद्योग जगत का उत्साहजनक रूझान देखने को मिला है। इस एमओयू साइनिंग सेरेमनी के बाद राजस्थान में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सरकार की ओर से गत कुछ वर्षों में उद्योगों की स्थापना प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए वन स्टॉप शॉप (ओएसएस) और सेक्टर स्पेसिफिक नीतियां जैसे एनआरआर पॉलिसी 2022, हस्तशिल्प नीति 2022, एमएसएमई नीति 2022, राजस्थान स्टार्टअप नीति 2022, राजस्थान फिल्म टूरिज्म प्रमोशन पॉलिसी 2022, राजस्थान टूरिज्म पॉलिसी 2020, राजस्थान कृषि व्यवसाय नीति 2019 आरम्भ की गई है। राज्य में अक्टूबर 2022 में राजस्थान सरकार की ओर से इन्वेस्ट राजस्थान समिट का आयोजन किया गया था। इन्वेस्ट राजस्थान समिट के तहत आयोजित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय इन्वेस्टर्स मीट के दौरान 4,192 एमओयू और एलओआई प्राप्त हुए थे। जिन एमओयू/एलओआई पर हस्ताक्षर किए गए, उनमें से अधिकांश खनन व खनिज, कृषि एवं कृषि-प्रसंस्करण, पर्यटन, कपड़ा, इंजीनियरिंग, रसायन एवं पेट्रोकेमिकल, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा, हस्तशिल्प सेक्टर से थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से तीन दोस्तों की मौत

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के लुधियाना में बीती रात जम्मू मेल की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत हो गई। मरने वाले तीनों युवक एक जगह ही ट्रक रिपेयर का काम करते थे। रात के समय तीनों ढाबा से खाना खाने के बाद वापस कमरे पर जा रहे थे। इस दौरान ट्रैक पार करते वक्त तीनों ट्रेन से कट गए। मरने वाले युवकों की पहचान पंजाब के नवांशहर निवासी लवदीप, अमृतसर के सुखमन और होशियारपुर के रवि कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तीनों युवक अच्छे दोस्त थे। दो युवक लवदीप और सुखमन पिछले पांच वर्ष से ढंडारी में ही काम करते थे। वहीं रवि पिछले 5 महीने से काम कर रहा था। मृतक रवि के भाई शिव कुमार ने जब उसके फोन पर कॉल की तो एक व्यक्ति ने फोन उठाया और कहा कि उसे ये मोबाइल रेलवे लाइन पर मिला है वह आकर अपना फोन ले जाए। इस बीच फिर से जब फोन पर कॉल की गई तो किसी ने मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पंजाब में अलर्ट

### प्रदेश भर में जारी रहेंगे सर्च आप्रेशन

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब में गणतंत्र दिवस के मौके पर आतंकी संगठन किसी प्रकार की अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल के पास इनपुट्स आने के बाद पंजाब पुलिस ने अलर्ट घोषित कर दिया है। राज्य में ऑपरेशन ईगल चलाने के बाद अब गणतंत्र दिवस तक नियमित रूप से सर्च ऑपरेशन चलाने के निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस द्वारा जिन संदिग्धों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं उनमें पंजाब की जेल में बंद गुरदासपुर निवासी जगदीप सिंह उर्फ जग्गू भगवानपुरिया का भी नाम है। वहीं अन्य संदिग्धों में कपूरथला का अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत बल, पटियाला का प्रकट सिंह, अमृतसर के तलवंडी निवासी दरमनजोत सिंह उर्फ दरमन काहलों, मोहाली के मटौर निवासी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा शामिल हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार राज्य में ऑपरेशन ईगल-2 शुरू किया गया है। इसके तहत नाकाबंदी करके पैट्रोलिंग की जा रही है। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य भीड़ वाली जगहों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक के अनुसार राज्य में 315 से अधिक गश्त पार्टियां तैनात की गई हैं। एक दिन के लिए विशेष ऑपरेशन चलाकर 281 रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों पर चेकिंग की गई। प्रदेश में 895 होटलों और सरायों की भी अचानक चेकिंग की गई और करीब 11939 संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। पुलिस द्वारा प्रदेश भर में अलग-अलग स्थानों पर 76 एफआईआर दर्ज करके 91 व्यक्तियों को काबू किया गया है।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में नड्डा देंगे विस चुनाव में जीत का मंत्र

**जयपुर ( हिंस )।** प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गहलोत सरकार को सदन से लेकर सड़क तक घेरने की रणनीति तैयार करने में प्रदेश भाजपा जुट गई है। फरवरी से भाजपा गहलोत सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार करेगी। इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि गहलोत सरकार को हर मोर्चे पर घेरने और विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी की रविवार से दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय बैठकों का दौर शुरू हो रहा है। रविवार शाम को भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक होगी, तो अगले दिन सोमवार सुबह 10 बजे जवाहर सर्किल ईपी में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी नेताओं को विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र देंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ाए जाने के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा होगा।

## किसानों का धरना तीसरे दिन भी जारी

### भाकियू प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे कैथल



किसान नेता चढ़ूनी पहुंचे कैथल

**कैथल ( हिंस )।** गन्ने के रेट बढ़ाने की मांग को लेकर कैथल शुगर मिल के बाहर भाकियू (चढ़ूनी) का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता भाकियू जिलाध्यक्ष महावीर चहल नरड व गन्ना संघर्ष समिति के प्रधान महिपाल नैन ने की। किसान लगातार धन धरने पर दिन और रात बैठकर अपनी मांगों के हकों में नारेबाजी करते रहे। रविवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चरणों में धरने पर मिल में पहुंचे। भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि वर्तमान सरकार किसान विरोधी है और सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान की फसल व नस्ल दोनों ही खतरे में हैं। सरकार की अगर लगातार ऐसी ही गलत नीतियां जारी रही तो किसानों का खेल ही 10 साल के बाद समाप्त होने वाला है। सरकार की गलत नीतियों के कारण ही आज हमारे बच्चे रोजगार के लिए विदेशों में डोंकी जैसी गलत परंपरा का सहारा ले रहे हैं और अपने जीवन को दांव पर लगाकर विदेशों में रोजगार के लिए जा रहे हैं। बेरोजगारी में हरियाणा नंबर वन है। सरकार अपने चेहते पूंजीपतियों का ख्याल तो रख रही है लेकिन मजदूर किसान का ख्याल इनको ना तो आया है ना ही आएगा। यह लोग पैसे के बल पर सत्ता में काबिज होते हैं और काबिज होने के बाद अपने पूंजीपति मित्रों का हित ही देखते हैं। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करके सत्ता में आए थे, लेकिन इन लोगों ने किसानों की आमदनी दुगनी तो कहां करनी थी किसानों को भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। महंगाई इनके राज में 7 प्रतिशत बढ़ चुकी है, लेकिन इन लोगों ने फसल के रेट मात्र 2 प्रतिशत बढ़ाई है। पंजाब में गन्ने का रेट हालांकि हरियाणा से ज्यादा है लेकिन हमारी मांग पंजाब के बराबर रेट की नहीं है। हम तो गन्ने की लागत के आधार पर रेट मांग रहे हैं। गन्ना कमेटी के सुप्रीमो मुख्यमंत्री खुद हैं। बार-बार धरना, प्रदर्शन ज्ञापन के बाद भी सरकार हमारी बात नहीं सुन रही। हम तो जिंदा रहने के लिए लड़ रहे हैं ताकि हमारे किसानों की भी दाल रोटी चलती रहे। इसीलिए भविष्य में भी किसानों को अपनी सरकार बनानी पड़ेगी। सरकार ने गन्ना की कीमतों में नाममात्र इजाफा किया है। जबकि गन्ने की खोई का रेट भी गन्ने के रेट से ज्यादा है।

## प्रदेशव्यापी आक्रोश महारैली आज

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रदेशव्यापी आक्रोश महारैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली में राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ द्वारा पूर्ण समर्थन दिया जा रहा है। संघ के महामंत्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों के हितार्थ मांगों के समर्थन सोमवार को जयपुर में प्रदेशव्यापी आक्रोश महारैली का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ महासंघ का घटक दल होने के कारण मंडल के सभी कर्मचारी सोमवार को आकस्मिक अवकाश लेकर महारैली में भाग लेकर सफल आयोजन में योगदान प्रदान करेंगे।

## केंद्र और प्रदेश सरकार में जाटों की कम भागीदारी पर जाट संसद में होगा मंथन

**कैथल ( हिंस )।** पंचकूला में 19 मार्च को होने वाली जाट संसद के आयोजक रविवार को कैथल पहुंचे। जाट शिक्षण संस्थान में आयोजित बैठक में संयोजक रामावतार पलसानियां व अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संयोजक पीएस कलवानियां ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। संयोजक रामावतार पलसानियां ने बताया कि जाट समाज कष्टों व परेशानियों से जूझ रहा है। एक वक्त हुआ करता था जब समाज प्रदेशों व केंद्र में पावर में हुआ करता था। आज हालात इस कदर हो चुके हैं कि देश की कैबिनेट में जाटों का प्रतिनिधित्व जीरो है। इसलिए जाट समाज के युवाओं और बुजुर्गों को सोचने और समझने की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद कैथल के प्रतिनिधि व जनता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. अश्विन गोयत ने बताया कि हरियाणा का जाट समाज राष्ट्रीय जाट अधिवेशन में मुख्य भूमिका निभाएगा



और देश भर से आ रही जाट सरदारी का स्वागत हरियाणा प्रदेश की संस्कृति से किया जाएगा। राष्ट्रीय जाट अधिवेशन के आयोजन के लिए हरियाणा के प्रत्येक ब्लॉक हेड क्वार्टर पर जाकर के कमेटियां बनाकर के जाट संसद के आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां करेंगे। जाट संवाद बैठक में ऑल हरियाणा कांट्रैक्टर एसोसिएशन के महासचिव मनोज चहल कोटड़ा ने समाज की वर्तमान स्थितियों पर चिंता व्यक्त की। प्रसिद्ध सिंगर व कलाकार बिंदर दनौदा ने कहां कि19 मार्च तक हरियाणा प्रदेश में घूम घूम कर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जाट अधिवेशन का प्रचार प्रसार करूंगा। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रतिनिधि डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि समाज को फिर से एकजुट करने की बहुत बड़ी जरूरत है। जिला परिषद कैथल के चेयरमैन दीपक मलिक ने कहा कि समाज की ताकत से ही उन्हें चेयरमैनी मिली है। बैठक में एडवोकेट जेपी जागलान, सतवीर मलिक, एडवोकेट पवन ढूल, खुशीराम दलाल, नवीन दलाल, काला प्योदा, बदनसिंह ढिल्लो,परमजीत भाल चौसाला, जोगिंदर ढूल व सूरज सहारण मौजूद रहे।

## यौन शोषण के आरोपी मंत्री से तिरंगा फहरवाना शहीदों का अपमान

**सिरसा ( हिंस )।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा नहीं है, बल्कि बीजेपी नेताओं की करतूतों से जनता के लिए चेतावनी बन गई है। भाजपा सरकार के मंत्री, सांसद और विधायक रेप के मामलों में लिप्त हैं। ये देश का दुर्भाग्य है कि भाजपा की सरकार में ऐसे नेता 26 जनवरी को ध्वजारोहण करेंगे। वे रविवार को पत्रकारों से बात कर रह थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी जूनियर कोच से छेड़छाड़ के आरोपी का सामना कर रहे मंत्री संदीप सिंह को 26 जनवरी को मुख्यातिथि बनाया गया है। आम आदमी पार्टी इसकी पुरजोर विरोध करेगी। गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल को अपने मंत्री संदीप सिंह को बचाने को बर्खास्त करना चाहिए था, लेकिन सरकार उनको सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश की पहलवान बेटियां जंतर-मंतर पर न्याय की लड़ाई लड़ रही हैं। केंद्रीय खेल मंत्री कहते हैं कि कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह 4 सप्ताह के लिए सभी कार्यकलापों से दूर करेंगे, वहीं कुश्ती संघ अध्यक्ष बोल रहे हैं कि जल्द ही एजीएम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में बेटियों की सुरक्षा और न्याय की बात करना बेमानी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन के खिलाफ भी 2018 में एक महिला ने रेप का आरोप




लगाया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई। ऐसी सरकार को जनता सबक सिखाने का काम करेगी। पूरे देश के कोने-कोने में महिलाओं को भाजपा के मंत्री, सांसद और विधायकों से खतरा है। आम आदमी पार्टी ये मांग करती है कि सभी आरोपियों को पद से बर्खास्त कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे। गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी व्यवस्था परिवर्तन का काम करेगी। प्रदेश में अपराध और युवाओं में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। नगर परिषद के चुनावों में आम आदमी पार्टी मजबूती से लड़ेगी और जीतेगी। 2024 में प्रदेश में आम आदमी पार्टी व्यवस्था परिवर्तन का काम करेगी। इस अवसर पर जोन प्रभारी लक्ष्य गर्ग, सह प्रभारी कुलदीप गदराना, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र एडवोकेट, जिला संगठन सचिव हैप्पी रानियां, विधानसभा अध्यक्ष हंसराज, केसी कंबोज, श्याम मेहता, सुरेंद्र खट्टर, कुलदीप भांभू, पूनम गोदारा, अनिल चंदेल, धर्मपाल लाट, प्रमोद वधवा, सिकंदर खट्टर, राजन हिंदुस्तानी, सुजल अनेजा, दुरजीत सहित आदि उपस्थित थे।

## एनआईए ने शुरू की नरवाल धमाकों की जांच घटनास्थल से जुटाए साक्ष्य

**जम्मू ( हिंस )।** जम्मू के बाहरी क्षेत्र नरवाल में शनिवार को हुए दो धमाकों की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम मौके पर पहुंची है और घटना से संबंधित साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। इससे पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए थे। पूरे इलाके को सील किया गया है और एनआईए ने अपने तरीके से घटना के साक्ष्य जुटा रही है। जम्मू के नरवाल क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 में शनिवार को 16 मिनट में 50 मीटर की दूरी पर हुए दो धमाकों से पूरा इलाका दहल गया था। एक के बाद एक हुए इन धमाकों में नौ लोग घायल हो गए थे। सुरक्षाबलों को आशंका है कि दोनों धमाकों में संदिग्ध आतंकियों की ओर से आईईडी का इस्तेमाल किया गया है। पहला धमाका एक पुरानी बोलेरो में हुआ और फिर दूसरा धमाका 50 मीटर की दूरी पर ट्रांसपोर्ट नगर जंकयार्ड में खड़े एक अन्य वाहन में हुआ। इन धमाकों में घायल हुए सभी लोगों को जीएमसी जम्मू में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, सेना व सीआरपीएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचे गए थे। पूरे इलाके को सील कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया था। रविवार को एनआईए की टीम ने पूरे इलाके में जांच कर कुछ लोगों से पूछताछ भी की है। इस मामले की जांच जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल टीम भी कर रही है।यह धमाके ऐसे समय में किए गए हैं, जब 23 जनवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जम्मू पहुंचने वाली है और गणतंत्र दिवस के मद्देनजर शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। सुरक्षाबल भी हाई अलर्ट पर हैं।

## कांग्रेस नेता बजरंग गर्ग ने पंचायत चुनाव करवाने पर उठाए सवाल

**हिसार ( हिंस )।** अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने आरोप लगाया है कि सरकार अपना तानाशाही रवैया अपनाते हुए सरपंचों के अधिकारों का हनन करने में लगी हुई है। उन्होंने सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व करवाए गए पंचायत चुनावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब काम करवाने का अधिकार सरकार के पास है तो चुनाव करवाने की क्या जरूरत थी। बजरंग गर्ग रविवार को यहां व्यापारी प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने व्यापारी प्रतिनिधियों



से बातचीत करते हुए प्रदेश की समस्याओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने ई-टेंडरिंग के विरोध में धरना दे रहे सरपंचों का समर्थन किया और कहा कि सरपंचों को अपनी मांगे मनवाने के लिए कड़ाके की ठंड में धरना-प्रदर्शन करने पड़ रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से गांवों में पूरी तरह से विकास कार्य रुके हुए हैं क्योंकि दो वर्षों से गांवों में पहले ही पंचायत के चुनाव सरकार ने नहीं करवाए। अब सरकार कहती है कि हमें सरपंचों पर विश्वास नहीं हम तो अपने आप ई-टेंडरिंग के माध्यम से टेंडर देंगे। इससे गांव की जनता को गांव के विकास व दैनिक कार्य के लिए सरकारी अधिकारी के चक्कर लगाने पड़ेगे। सरपंच गांव के नगरिकों के बीच का एक निवासी होता है, उसे अपने गांव के विकास व दैनिक कार्य के बारे में भली भांति ज्ञान होता है। सरपंचों से गांव में विकास कार्य करवाने का अधिकार छीनना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार अपने चहेतों को टेंडर देकर घोटाले करना चाहती है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि यदि उसे सरपंचों पर विश्वास नहीं है तो जो सरकार के जेई, एसडीओ, एक्शन, एसई और चंडीगढ़ में बैठे बड़े अधिकारी ठेकेदारों से हर काम पर जो मोटा कमीशन

## सीमा पर तस्करी की आशंका में बीएसएफ ने तीन युवकों को पकड़ा

**श्रीगंगानगर/जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान के श्रीगंगानगर से लगती भारत-पाक सीमा क्षेत्र के एक गांव से बीएसएफ ने तीन युवकों को पकड़ा है। तीनों युवक हरियाणा नंबर की कार में सवार थे, जिनके पास से पांच मोबाइल फोन और एक डोंगल बरामद हुआ है। शनिवार रात पकड़े जाने के दौरान तीनों नशे में धुत थे। बीएसएफ के गुप्तचर विभाग के इंस्पेक्टर आनंद कुल्लू ने बताया कि पिछले दिनों कई बार पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन की मूवमेंट हुई थी, जिसके बाद बीएसएफ की ओर से इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। साथ ही उक्त मामले में पूछताछ की जा रही थी। इसी कड़ी में बस स्टैंड के पास हरियाणा नंबर की कार में सवार तीन युवक दिखे। पूछताछ करने पर तीनों पर संदेह हुआ, जिसके बाद तीनों को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि तीनों नशे में धुत थे और इस दौरान तीनों के पास से पांच मोबाइल फोन, एक डोंगल और 48 हजार रुपये बरामद हुए हैं। इन तीन युवकों में से दो युवक हरियाणा के और एक पंजाब का रहने वाला है। आशंका जताई जा रही है कि ये तीनों युवक सीमा पार से फेंकी गई हेरोइन या अन्य मादक पदार्थों की डिलीवरी लेने के लिए आए थे। पूछताछ के बाद बीएसएफ ने तीनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में थाना प्रभारी बलवंत राम ने बताया कि तीनों युवकों का मेडिकल करवाया गया है।

## पुलिस ने डकैतों के चंगुल से तीन चरवाहों को मुक्त कराया

**धौलपुर ( हिंस )।** मध्यप्रदेश एवं राजस्थान की पुलिस ने शनिवार रात चंबल के बीहड में संयुक्त कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के विजयपुर से अगवा किए गए तीन चरवाहों को डकैतों के चंगुल से मुक्त करा लिया। करीब एक सप्ताह पूर्व अगवा किए गए तीनों चरवाहों एवं बदमाशों की लोकेशन धौलपुर जिले में चंबल के बीहड में मिल रही थी। जिसके बाद में धौलपुर एवं श्योपुर जिले की पुलिस की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान बदमाश तीनों बंधकों को बीहड में छोड़कर भागने में सफल रहे। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व 13 एवं 14 जनवरी को रात को मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के विजयपुर में बदमाशों ने तीन चरवाहों रामस्वरुप यादव, गुडडा बघेल एवं भत्तू बघेल को अगवा कर लिया था। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा की गई पडताल में बदमाशों की लोकेशन चंबल बीहड क्षेत्र ईलाका थाना सरमथुरा, सोने का गुर्जा एवं मण्डराय करौली में होने पर राजस्थान पुलिस महानिदेशक एवं मध्यप्रदेश पुलिस के एडीजी क्राईम निर्देशन में बदमाशों की तलाश के लिए श्योपुर एवं धौलपुर जिले की पुलिस टीमों का गठन किया गया। बीहड में सर्च आपरेशन के दौरान

## जेएलएफ 2023 : जिदंगी को समझने के लिए मजबूत इच्छा शक्ति जरूरी : सुधामूर्ति

**जयपुर ( हिंस )।** लेखिका सुधा मूर्ति का कहना है कि जिदंगी में हमेशा छोटी छोटी खुशियों को एन्जॉय करना चाहिए। ईमानदारी और मेहनत से काम करें तो यह आपको जीवन में सफलता जरूर देंगी। सुधामूर्ति जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि पॉवर और मनी इंसान की जिंदगी बदल सकते हैं। अगर आप जिंदगी को समझेंगे तो आपको कोई भी डिस्ट्रेक नहीं कर पाएगा। इसके लिए आपमें मजबूत इच्छाशक्ति होनी चाहिए। उनका कहना था कि कोरोना के बाद इंसान की जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। छोटे बच्चों की जिंदगी सबसे ज्यादा डिस्ट्रेक हो रही है। ऑनलाइन क्लास और गैजेट्स की वजह से उनकी आंखों पर भी इसका असर पड़ रहा है। यह हालात पूरे देश में हैं। बच्चों को गैजेट्स के बजाय किताबें पढनी चाहिए, क्योंकि गैजेट्स बच्चों को डिस्ट्रेक्ट करते हैं। बच्चों को 14 साल तक गैजेट्स से दूर रखें उन्हें किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। 14 साल बाद उन पर छोड़ दें कि वो किताबें पढ़ता चाहते हैं या नहीं। उनका कहना था कि पिछले कुछ वक्त से आम लोगों की पढ़ने की आदत छूट गई है। हम लोग किताब नहीं पढ़ते, लेकिन किंडल पर जानकारी ढूंढते हैं। जो किंडल पर नहीं ढूंढते वह विकिपीडिया पर ढूंढते हैं। आम लोगों की नॉलेज एकत्र करने की आदत अब भी बरकरार है। तरीका बदल गया है। भारतीय स्टूडेंट्स के विदेश में पढ़ने और नौकरी के सवाल पर सुधामूर्ति ने कहा कि मैं इस मामले में कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि मेरे खुद के बच्चे भी विदेश में सेटल



हैं। कोई बच्चा विदेश जाकर पढ़े या नौकरी करे। इस मामले में उनके परिवार को ही फैसला लेना होता है। उन्होंने कहा कि बस यह कहना चाहती हूं कि बच्चे जहां भी हों, उन्हें भारतीय कल्चर की जानकारी होनी चाहिए। अगर विदेश में बच्चे होंगे, तो मुश्किल होता है। यही जीवन चक्र है। मेरे लिए भारत में रहना और भारतीय होना गर्व की बात है। सुधामूर्ति ने दामाद ऋषि सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने पर कहा कि इससे मेरे जीवन पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। ये जरूर है कि लोग अब उन्हें ब्रिटेन पीएम की सास के नाम से भी जानते हैं। उनका नजरिया भी बदला है। उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। पीएम होने के नाते ऋषि सुनक के पास भले ही बाउंसर ना हो, लेकिन उनके पास जरूर हैं। हालांकि, सुधामूर्ति ने ब्रिटेन की पॉलिटिक्स पर कुछ भी नहीं बोला। उन्होंने अपने दामाद से सिर्फ कुशलक्षेम पूछने तक ही बातचीत होने का जिक्र किया। सुधामूर्ति ने कहा कि वो 45 साल से लिख रही हैं। 2002 में पहली इंग्लिश की बुक आई थी। तब से इंग्लिश में लिख रही हैं। इससे पहले कन्नड़ में ही लिखा करती थी। किताबें लिखने की सीमा और सोच बहुत ज्यादा है। एक लेखक के तौर पर लगता है कि जेएलएफ बड़ा प्लेटफॉर्म है। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग वक्ताओं की ओर से की गई अलग-अलग विषयों की चर्चा का भी जिक्र किया। साथ ही कहा कि लिटरेचर स्टूडेंट्स के लिए यहां साहित्य की काफी वैरायटी है। जब उनसे लंदन में होने वाले जेएलएफ में जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब ऑरिजनल जेएलएफ यहां है तो वो वहां क्यों जाएंगी। जहां तक पॉलिटिकल सवालों की बात है तो उसमें उनकी कोई रुचि नहीं है वो सिर्फ अपने काम को एन्जॉय करती हैं।



# मीडिया संस्थानों पर भी छंटनी की मार, सीएनएन से लेकर वाशिंगटन पोस्ट ने की कर्मचारियों को निकालने की घोषणा

**वाशिंगटन ।**
दिग्गज आईटी कंपनियों में छंटनी की मार अब मीडिया संस्थानों तक पहुंच गई है। वर्तमान चुनौतियों और आर्थिक स्तर पर अस्थिरता के चलते अमेरिकी मीडिया भी इन दिनों कठिन समय से गुजर रही है। इस बीच सीएनएन से लेकर वाशिंगटन पोस्ट जैसे बड़े संस्थानों तक में कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की गई है। वोक्स और द वर्ज वेबसाइटों के साथ-साथ लैंडमार्क न्यूयॉर्क मैगजीन और इसके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के मालिक वोक्स मीडिया ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह अपने सात प्रतिशत कर्मचारियों को बाहर निकाल रहे हैं। वोक्स मीडिया के सीईओ जिम बैंकोफ ने घोषणा की कि उद्योग को प्रभावित करने वाले चुनौतीपूर्ण आर्थिक वातावरण के कारण हमने विभागों में कर्मचारियों की लगभग सात प्रतिशत भूमिकाओं को समाप्त करने का कठिन निर्णय लिया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, वोक्स मीडिया के सीईओ की इस घोषणा के 15 मिनट बाद कर्मचारियों को निकाले जाने की सूचना दे दी गई। कंपनी ने 1900 कर्मचारियों में से लगभग 130 को बाहर का रास्ता दिखा दिया। वॉक्स मीडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि बाहर किए जाने वाले कर्मचारियों को अग्रिम वेतन देने की घोषणा की गई है। प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा 2021 के एक अध्ययन के अनुसार, अमेरिका के मीडिया संस्थानों में 2008 और 2020 के बीच 114,000 से 85,000 पत्रकारों को बाहर किया गया है। वोक्स मीडिया की तरह वाशिंगटन पोस्ट के भी कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार लटकी हुई है। कंपनी के सीईओ फ्रेड रयान ने पिछले महीने कहा था कि कई पदों में कटौती की जाएगी। इस छंटीन से करीब 2,500 पत्रकार प्रभावित हो सकते हैं। इससे पहले दो पुलित्जर अवार्ड जीत चुकी वाशिंगटन पोस्ट मैगजीन को भी दिसंबर में बंद कर दिया गया था। उधर, वाइस मीडिया के सीईओ नैन्सी डब्यूक ने शुक्रवार को कहा कि उनकी कंपनी बिक्री के लिए तैयार है। वहीं, कुछ महीनों पहले सीएनएन ने भी अपने सैकड़ों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। हालांकि, कंपनी की ओर से आंकड़ों की पुष्टि नहीं की गई है। इसके अलावा सीएनएन की नई मूल कंपनी ने नेटवर्क की 100 मिलियन डॉलर की स्ट्रीमिंग सेवा को भी अचानक बंद कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्री और गैरजरूरी खर्चों ने बिगाड़े राज्यों के हालातः बड़ी कमाई ब्याज में जा रही, फिर भी कर्ज बढ़ा रहे हैं राज्य

**नई दिल्ली।** विकास का पहिया कर्ज के दलदल में धंस रहा है। राज्यों ने अप्रैल-दिसंबर के बीच यानी 9 महीनों




में जितना कर्ज लिया था, उससे 52प्रतिशत ज्यादा तो जनवरी से मार्च के बीच लेने वाले हैं। 30 राज्यों ने अप्रैल से दिसंबर 2022 के दौरान कुल 2.28 लाख करोड़ का कर्ज लिया था और जनवरी-मार्च 2023 में 3.40 लाख करोड़ रु. का कर्ज लेने की तैयारी में हैं। कर्नाटक सर्वाधिक 936 हजार करोड़ कर्ज लेगा। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में यह तस्वीर सामने आई है। पंजाब देश में सबसे बड़ा कर्जदार है। उसने अपनी जीडीपी का 53.3प्रतिशत तक कर्ज ले रखा है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, किसी भी राज्य पर कर्ज उसकी जीडीपी के 30प्रतिशत से ज्यादा नहीं होना चाहिए। नतीजा यह कि राज्यों की आय का एक बड़ा हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च हो रहा है। पंजाब और हरियाणा अपनी कमाई का 21प्रतिशत हिस्सा ब्याज में चुका रहे हैं, जो देश में सर्वाधिक है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस कहते हैं कि इससे दूसरे जरूरी खर्चे रुक जाते हैं और विकास प्रभावित होता है। कर्ज की बड़ी वजह फ्री की योजनाएं भी हैं। राज्यों को इन पर जीडीपी का 1प्रतिशत ही खर्च करना चाहिए। लेकिन पंजाब 2.7प्रतिशत, आंध्र 2.1प्रतिशत और मप्र-झारखंड 1.5प्रतिशत तक कर रहे हैं। लोकलुभावन योजनाओं पर खर्च करने में आंध्र प्रदेश (27,541 करोड़) सबसे आगे है। मध्यप्रदेश 21 हजार करोड़ रु. और पंजाब कुल 17 हजार करोड़ रु. की फ्री योजनाएं संचालित कर रहा है। स्वास्थ्य पर खर्च में भी दिल्ली (13प्रतिशत) टॉप पर है। महाराष्ट्र (4.1प्रतिशत), पंजाब (4.2प्रतिशत) और तेलंगाना (4.3प्रतिशत) सबसे कम खर्च करते हैं।

### भारत के साथ एफटीए वार्ता बहुत आगे निकली, अगले दौर की बातचीत पर ब्रिटिश मंत्री ने दिया बड़ा बयान



**नई दिल्ली ।** ब्रिटेन और भारत के बीच महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत के साथ वार्ता का अगला दौर बहुत जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा कि एक मजबूत व्यापार समझौते से देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सकता है। भारत और ब्रिटेन आपसी व्यापार एवं निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए मुक्त व्यापार समझौता करने को लेकर बातचीत कर रहे हैं। दोनों ही देश इस समझौते को जल्द मूर्त रूप देना चाहते हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय में दक्षिण एशियाई मामलों के मंत्री लॉर्ड तारिक अहमद ने कहा कि भारत के साथ ब्रिटेन के संबंध उसकी विदेश नीति के केंद्र में हैं। अहमद गुरुवार को हाउस ऑफ लॉर्ड्स में ब्रिटेन और भारत के बीच संबंधों का महत्व शीर्षक वाली बहस का जवाब दे रहे थे। इस बहस की शुरुआत ब्रिटिश भारतीय बैरोनेस सैंडी वर्मा ने की थी।अहमद ने पुष्टि की कि द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है, और वार्ता का अगला दौर बहुत जल्द शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा, यह सच है कि भारत के साथ ब्रिटेन का संबंध हमारी विदेश नीति के केंद्र में है। हम इस संबंध को और मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में भारत-ब्रिटेन का एक प्रमुख भागीदार है।


### तेल कंपनियों ने जारी किए पेट्रोल-डीजल के दाम



**नई दिल्ली ।** तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम जारी कर दिए हैं। कंपनियों ने दिल्ली और चेन्नई में तेल के दामों में बदलाव किया है। सरकार ने कुछ महीने पहले पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाने की घोषणा की थी। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 106.31 रुपये व डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.03 रुपये जबकि डीजल का दाम 92.76 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।

महंगाई से बेहाल पाकिस्तान पर एक और संकट

# रुक सकता है निर्यात, कराची बंदरगाह पर हजारों कंटेनर फंसे



**इस्लामाबाद ।**
महंगाई और नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शिपिंग एजेंट्स ने पाक सरकार को चेताया है कि सभी निर्यात रुक सकते हैं। उन्होंने कहा है कि विदेशी शिपिंग लाइंस पाकिस्तान के लिए अपनी सेवाओं को रोकने पर विचार कर रही हैं, क्योंकि डॉलर की उपलब्धता की कमी के कारण बैंकों ने उन्हें माल ढुलाई शुल्क देना बंद कर दिया है। पाकिस्तान शिप एजेंट्स असोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल रऊफ ने एक पत्र के जरिए वित्त मंत्री इशाक डार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के अलावा पाकिस्तान से लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय रसद समुद्री मार्ग से जाती है और कोई भी व्यवधान देश के अंतरराराष्ट्रीय व्यापार के लिए गंभीर समस्या पैदा कर सकता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अंतरराष्ट्रीय व्यापार बंद होता है तो आर्थिक स्थिति और खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि विदेशी शिपिंग लाइंस पहले से ही कार्गो वॉल्यूम कम होने के कारण पाकिस्तान में अपनी सेवाएं बंद करने पर विचार कर रही हैं।

**एसबीपी गवर्नर से मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह** - मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पीएसएए अध्यक्ष ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के गवर्नर जमील अहमद, वाणिज्य मंत्री सैयद नवीद नमार और समुद्री मामलों के मंत्री फैसल सब्जवारी को भी पत्र लिखा। रऊफ ने संबंधित मंत्रालयों और विभागों से अनुरोध किया है कि वे विदेशी शिपिंग लाइंस को अतिरिक्त माल ढुलाई राशि जारी कर पाकिस्तान के समुद्री व्यापार में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करें। पत्र में कहा गया है कि संबंधित विदेशी शिपिंग लाइंस के लिए अधिशेष माल ढुलाई राशि का भुगतान रुकने के कारण पाकिस्तान के समुद्री व्यापार में बाधा आ रही है, जो विदेशी शिपिंग लाइंस पर बहुत अधिक निर्भर है।

**कराची बंदरगाह पर हजारों शिपिंग कंटेनर फंसे** - ऑल पाकिस्तान कस्टम्स एजेंट्स असोसिएशन के सदस्य रहमान मलिक ने कहा कि वह लंबे समय से इस क्षेत्र में काम रहे हैं, लेकिन पिछले 40 वर्षों में इससे बुरा समय कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि भुगतान गारंटी के कारण कराची बंदरगाह पर हजारों शिपिंग कंटेनर रुके हैं और उनमें से अधिकांश में दवाएं, कच्चे माल के नैदानिक उपकरण, रसायन और खाद्य पदार्थ जैसी आवश्यक वस्तुएं हैं। उन्होंने कहा कि समझा जा सकता है कि इससे हमारे निर्माण उद्योगों को कैसे नुकसान पहुंच रहा है। वहीं, सीमा शुल्क संघ के अध्यक्ष मकबूल मलिक ने कहा कि डॉलर की कमी के कारण हजारों कंटेनर फंसे हुए हैं।

### लीला पैलेस से 23.46 लाख की ठगी करने वाला अरेस्टः खुद को यूएई के शाही परिवार से जुड़ा बताया था, फर्जी बिजनेस कार्ड भी दिखाया

**बेंगलुरु ।** दिल्ली पुलिस ने उस शख्स को कर्नाटक से गिरफ्तार किया है जिसने खुद को यूएई के शाही परिवार से जुड़ा बताकर नई दिल्ली के लीला पैलेस होटल से 23.46 लाख रुपए की ठगी की थी। आरोपी का नाम शरीफ है जिसने 1 अगस्त को होटल में चेक इन किया और 20 नवंबर तक वहां रहा। बिल का भुगतान किए बिना ही वो होटल से भाग गया था। होटल के कर्मचारियों ने कहा कि शरीफ ने यूएई सरकार के अधिकारी का बिजनेस कार्ड दिखाया था। उन्हें बताया था कि वह यूएई में रहता है और अबू धाबी के शाही परिवार के सदस्य शेख फलाह बिन जायद अल नाहयान के कार्यालय में काम करता है।

## व्यवसाय संगमम-2023 पर केरल के सीएम और विपक्ष आमने-सामने, विजयन बोले- विकास के मुद्दों पर ना हो राजनीति



**नई दिल्ली ।**
**केरल की वाम सरकार और विपक्षी कांग्रेस नीत यूडीएफ के बीच तकरार बढ़ गई है। शनिवार को राज्य में आकांक्षी उद्यमियों को व्यावहारिक मदद और सलाह देकर कारोबार को बढ़ावा देने के लिए होने वाले कार्यक्रम पर दोनों ओर से बहस शुरू हो गई है। यह मीट उद्योग व वाणिज्य विभाग की ओर से आयोजित की गई थी।**

विपक्ष ने बहुप्रचारित कार्यक्रम व्यवसाय संगमम-2023 का बहिष्कार करते हुए आरोप लगाया है कि सरकार फर्जी आंकड़े पेश कर रही है। दिनभर के सम्मेलन का उद्घाटन करने वाले मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि यह राज्य के विकास का कार्यक्रम है और सभी को राजनीति से ऊपर उठकर इसके लिए एकजुट होना चाहिए।

अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजकों की ओर से बैठक से किसी को दरकिनार करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा मुद्दा है राज्य का भला होगा। यह एक ऐसा मुद्दा है जो हमारे राज्य को विकसित करने में हमारी मदद करेगा। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। हर किसी की अपनी पार्टी की राजनीति हो सकती है। लेकिन, हमें राज्य के विकास के लिए एकजुट होना चाहिए।

उधर, केरल के उद्योग मंत्री पी राजीव ने कहा है कि केरल में औद्योगिक क्षेत्र में निवेश में अभूतपूर्व तेजी देखी जा रही है। चालू वित्त वर्ष में एक लाख से अधिक नई सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यम (एमएसएमई) इकाइयां खोली जा रही हैं। केरल को निवेश अनुकूल गंतव्य के रूप में पेश करते हुए मंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार की उद्यमों का वर्ष पहल के तहत चालू वित्त वर्ष में अब तक केरल में 1.24 लाख से अधिक नए एमएसएमई स्थापित किए गए हैं। इससे 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित हुआ है।

## जीरो ऐड सब्सक्रिप्शन लाएंगे मस्कः ट्विटर ब्लू के 8 डालर वाले प्लान से भी महंगा होगा, कंपनी की 90प्रतिशत कमाई ऐड से



**वॉशिंगटन।**
माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर के मालिक एलन मस्क जीरो ऐड वाले हायर-प्राइस्ड सब्सक्रिप्शन मॉडल को रोलआउट करने जा रहे हैं। मस्क ने कहा, ट्विटर पर ऐड काफी फ्रीक्वेंट और बहुत बड़े हैं। आने वाले हफ्तों में इन दोनों के लिए कदम उठाए जाएंगे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि सब्सक्रिप्शन मॉडल की कीमत कैसे तय की जाएगी और किस तारीख तक रोलआउट किया जाएगा। ट्विटर अपने रेवेन्यू का लगभग 90प्रतिशत ऐड से कमाता है। अक्टूबर में मस्क के ट्विटर अधिग्रहण के बाद से कंपनी के ऐड रेवेन्यू में तेजी से गिरावट आई है। इंफॉर्मेशन की प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले मंगलवार को डेली रेवेन्यू एक साल पहले के इसी दिन से 40प्रतिशत कम था। मस्क ने रेवेन्यू में गिरावट के लिए राइट्स ऑर्गेनाइजेशन्स को जिम्मेदार ठहराया है, जिन्होंने ऐड रोकने के लिए ब्रांडों पर दबाव डाला।

**ब्लू का किफायती एनुअल प्लान पेश**

इससे पहले ट्विटर ने अपने ब्लू सब्सक्रिप्शन के लिए नया सालाना प्लान पेश किया था। ये प्लान मासिक प्लान की तुलना में किफायती है। ट्विटर ब्लू के मंथली प्लान की कीमत 8 डॉलर है लेकिन एनुअल प्लान 84 डॉलर में खरीदा जा सकता है। यानी सालाना प्लान पर 22 डॉलर की बचत होगी। इसमें अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और जापान शामिल हैं।

**एपल स्टोर पर एनुअल प्लान उपलब्ध नहीं**

एपल के आईओएस के माध्यम से ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन खरीदने वाले यूजर्स के लिए कीमत 11 डॉलर प्रति माह है। आईओएस पर एनुअल प्लान उपलब्ध नहीं होगा। ब्लू सब्सक्रिप्शन के साथ, ब्लू चेकमार्क समेत कुछ अन्य सुविधाएं दी जाती है। हालांकि ब्लू चेकमार्क प्रोफाइल पर दिखने में समय लग सकता है ।

## कारोबार के बंटवारे की योजना बना रहे गौतम अदाणी, अगले पांच साल में करेंगे बड़े बदलाव



**नई दिल्ली ।**
अरबपति गौतम अदाणी के समूह ने एक निश्चित निवेश प्रोफाइल हासिल करने के बाद 2025 और 2028 के बीच हाइड्रोजन, हवाई अड्डों, मेटल, माइनिंग, लॉजिस्टिक और डेटा सेंटर जैसे व्यवसायों के बंटवारे ( स्पिन ऑफ) करने की योजना बनाई है। इस बात की जानकारी कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी जुगशिंदर सिंह ने दी है। बता दें कि स्पिन ऑफ मूल रूप से नई व्यापार ईकाई बनाने के लिए कंपनी द्वारा उपयोग की जाने वाली रणनीति है। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड, जो फॉलो-ऑन शेयर बिक्री में 20,000 करोड़ रुपये जुटाना चाह रही है, समूह के लिए बिजनेस इनक्यूबेटर है। इन वर्षों में, अलग-अलग सूचीबद्ध कंपनियों में अलग होने या अलग होने से पहले बंदरगाहों, बिजली और शहर गैस जैसे व्यवसायों को पहले एईएल में शामिल किया गया था। अदाणी इंटरप्राइजेज में वर्तमान में हाइड्रोजन जैसे नए व्यवसाय हैं, जहां समूह अगले 10 वर्षों में मूल्य श्रृंखला में चार लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है जिनमें हवाईअड्डा संचालन, खनन, डेटा सेंटर , सड़कें शामिल हैं। बात करते हुए सिंह ने कहा कि डीमर्जर के लिए विचार किए जाने से पहले व्यवसायों को बुनियादी निवेश प्रोफाइल और परिपक्वता हासिल करनी होगी। सिंह ने कहा कि हमें लगता है कि 2025 और 2028 के बीच ये कारोबार डीमर्जर के लिए वांछित स्तर हासिल कर सकते हैं। समूह हाइड्रोजन के सबसे कम लागत वाले उत्पादकों में से एक बनना चाह रहा है। भविष्य का ईंधन जिसमें शून्य कार्बन फुटप्रिंट है। यह सरकारी सेवाओं के बाहर आने वाले वर्षों में देश में सबसे बड़ा सेवा आधार बनने के उद्देश्य से अपने हवाई अड्डे के कारोबार पर भी बड़ा दांव लगा रहा है।

## एथर एनर्जी 10 लाख और दुपहिया वाहन बनाएगी, नई ईवी फैक्ट्री लगाने का प्लान

**नई दिल्ली।**
**साल 2022 में आग लगने की कई घटनाओं के बाद इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर को अपनाने से कुछ स्थिरता देखी जा रही है। इस बीच ईवी प्लेयर एथर एनर्जी ने रविवार को कहा कि वह मांग को पूरा करने के लिए एक अतिरिक्त फैक्ट्री स्थापित करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों के साथ बातचीत कर रही है।**

एथर एनर्जी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (सीबीओ) रवनीत फोकेला ने बताया कि कंपनी विनिर्माण उत्पादन में तेजी ला रही है और मौजूदा 400,000 वार्षिक क्षमता के अलावा 10 लाख यूनिट क्षमता जोड़ने की योजना बना रही है।

रवनीत फोकेला ने कहा कि ईवी को तेजी से अपनाने के लिए हमने सार्वजनिक फास्ट-चार्जिंग नेटवर्क में निवेश करना जारी रखा है। देश भर में लगभग 1,000 चार्जर स्थापित होने के साथ, हमारे पास पहले से ही देश में दोपहिया वाहनों के लिए सबसे बड़ा फास्ट-चार्जिंग नेटवर्क है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

बेंगलुरु स्थित एथर एनर्जी ने पिछले साल दिसंबर के महीने में 9,187 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। फोकेला ने आगे कहा, उन्होंने साल 2022 को मजबूत बिक्री गति के साथ समाप्त किया और दोपहिया वाहनों की बिक्री में लगभग 40 प्रतिशत की उद्योग गिरावट के बावजूद, हमारे दिसंबर के खुदरा नवंबर में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

ईवी उद्योग को अपनाने में तेजी लाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों से मजबूत समर्थन मिला है। केंद्र सरकार ने विभिन्न प्रगतिशील नीतियां पेश की हैं जो समीकरण के मांग और आपूर्ति पक्ष दोनों को चलाने पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

एफएएमई-दूसरी नीति, विनिर्माण के लिए पीएलआई योजनाओं की शुरुआत और कम जीएसटी उन कई पहलों में से हैं जो सरकार की दीर्घकालिक दृष्टि को पूरा करने और भारत को एक वैश्विक ईवी विनिर्माण केंद्र (हब) बनाने



की दिशा में ध्यान केंद्रित करने के लिए शुरू की गई हैं। राज्य सरकारों ने अतिरिक्त सब्सिडी, रोड टैक्स माफ करने और मैन्युफैक्च रिंग आदि के लिए रियायतें देकर योगदान दिया है। फोकेला ने कहा, इन पहलों ने उपभोक्ताओं और निर्माताओं दोनों के लिए ईवी को अधिक आकर्षक और वित्तीय रूप से व्यवहार्य बना दिया है। एथर 450एक्स प्लेटफॉर्म को गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता के लिए एक बेंचमार्क के रूप में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है।

एथर सीबीओ ने बताया, एक मजबूत और बढ़ती मांग है और इस समय हमारा ध्यान इस मांग को पूरा करने के लिए अपने भौगोलिक पदचिह्न और वितरण का विस्तार करने पर है। हम अपने उत्पादों को अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए अपने खुदरा नेटवर्क का विस्तार करना जारी रखेंगे। वर्तमान में ईवी स्टार्टअप के 73 शहरों में 90 केंद्र हैं।

फोकेला ने बताया, हम मार्च 2023 तक 100 शहरों में लगभग 150 केंद्र खोलेंगे। इसके अलावा एथर सेमी-प्राइवेट लोकेशंस जैसे अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स, ऑफिस, कॉलेज और टेक पार्क आदि में एसी स्लो-चार्जर लगा रहा है।

फोकेला ने कहा, हम मानते हैं कि सार्वजनिक फास्ट-चार्जिंग और एसी स्लो-चार्जर्स के सघन नेटवर्क के संयोजन के साथ, हम किसी भी चार्जिंग चिंता को दूर करेंगे जो उपभोक्ताओं को आज महसूस हो सकती है।

# हिंदी फिल्म उद्योग में पठान बनी चर्चा का विषय

- 20 मिनट तक दर्शकों का मनोरंजन करेंगे




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान अभिनीत पठान हिंदी फिल्म उद्योग में बेहद चर्चा का विषय बनी हुई है। वाईआरएफ द्वारा इस फिल्म के साथ टाइगर और वॉर के पात्र शाहरुख-अभिनीत फिल्म में दिखाई देने की उम्मीद है। बताया गया है कि सलमान का फिल्म में कैमियो है लेकिन ट्रेड एनालिस्ट अमूल मोहन के अनुसार सलमान का कैमियो लगभग 20 मिनट का है और छोटा नहीं है। बातचीत में अमूल ने खुलासा किया हम सभी जानते हैं कि सलमान खान का फिल्म में एक विस्तारित कैमियो है। उन्होंने कहा शाहरुख का (एक फिल्म में) आना वैसे भी एक बड़ी घटना है और अगर सलमान फिल्म में एक विस्तारित कैमियो में हैं तो यह पांच मिनट की भूमिका नहीं है यह स्पष्ट रूप से बीस मिनट की भूमिका है। जब शाहरुख खान ने जून में इंडस्ट्री में अपने 30 साल पूरे होने पर एक इंस्टाग्राम लाइव होस्ट किया तो अभिनेता ने कहा कि सलमान पठान का हिस्सा हैं। हमने करण अर्जुन के अलावा एक साथ एक पूरी फिल्म नहीं की है जो कि पूरी तरह से नहीं थी क्योंकि हम इसमें बहुत लंबे समय से साथ नहीं थे। इसलिए हमें साल में कभी-कभी चार-पांच दिन काम मिल जाता है। पिछले दो साल शानदार रहे हैं क्योंकि मुझे उनकी एक फिल्म में काम करने का मौका मिला। कबीर खान के साथ मेरा कुछ दिनों का रोल था। और उन्होंने जीरो में आकर मेरे साथ गाना किया। अब पठान में। मुझे नहीं पता कि यह राज है या नहीं लेकिन इंशाअल्लाह मैं टाइगर 3 में भी ऐसा करने की कोशिश करूंगा। इसलिए उनके साथ काम करने में बहुत मजा आ रहा है। अनुमान लगाया गया है कि रितिक रोशन भी पठान में एक कैमियो में भी दिखाई दे सकते हैं क्योंकि वॉर से कबीर भी उसी जासूसी ब्रह्मांड का हिस्सा हैं। एक प्रशंसक ने शाहरुख से सलमान के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछा तो अभिनेता ने कहा सलमान खान के साथ काम करने का कोई अनुभव नहीं है। केवल प्रेम अनुभव सुखद अनुभव मैत्रीपूर्ण अनुभव और भाईचारे के अनुभव हैं। इसलिए जब भी मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिलता है तो यह अद्भुत होता है।

# प्लीज टीवी का अपमान न करें: सायंतनी घोष

-राधिका मदान पर भड़क उठीं टीवी एक्ट्रेस





**मुंबई (ईएमएस)।** एक्ट्रेस राधिका मदान के टेलिविजन इंडस्ट्री के खिलाफ दिए बयान पर सायंतनी घोष ने अपना रिएक्शन दिया है। सायंतनी ने राधिका के उस बयान को क्रिटसाइज किया है जिसमें उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में काम करने का अपना अनुभव शेयर किया था। इसी बयान को लेकर सायंतनी घोष ने कहा कि राधिका के बयान पर काफी दुख और निराशा हुई है कि राधिका ने टीवी इंडस्ट्री के लिए किस तरह से बात की है जहां से उन्होंने अपना करियर शुरू किया था। सिद्धार्थ कन्न से बातचीत में उन्होंने कहा है मैं उनकी एक्टिंग की जबरदस्त फैन हूं। मैंने उनका पूरा इंटरव्यू नहीं देखा है। लेकिन जो मैंने सुना उससे मुझे थोड़ा दिख हुआ है। मैं आपको बता दूं कि टीवा सैकड़ों महिलाओं को काम दे रहा है और मूवी के बड़े स्टार्स भी टीवी को चूज करते हैं ताकि वे अपनी फिल्मों को प्रमोट कर सकें इसलिए मुझे उनका यह अप्रोच अच्छा नहीं लगा। सायंतनी ने कहा हमारे पास मौनी रॉय भी हैं वह मेरी काफी अच्छी दोस्त भी हैं और जो इंटरव्यूज मैंने सुने हैं तो जहां से उन्होंने करियर शुरू किया है उसे लेकर एक ग्रेस है जो मुझे राधिका के क्लिप में नहीं दिखा। वह और कई सारे लोग टीवी को नीचे समझते हैं उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। सायंतनी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था यह देखकर काफी दुख हो रहा है कि कैसे टीवी को नीचे दिखाया जा रहा है एक्टर जिसने टीवी शो से ही एक प्रॉमिसिंग करियर की शुरूआत की थी। यह बहुत शर्मनाक है। यह भूलें कि टीवी लाखों लोगों के घरों तक है बहुतों को इसने रोजगार दिया है। दरअसल राधिका ने हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में यह बताया था कि उन्हें 48 से 50 घंटे तक एक शिफ्ट में काम करना पड़ता था। उन्होंने इस बातचीत में बताया था कि जब भी वह स्क्रिप्ट मांगतीं तो उनसे कहा जाता था आप सेट पर चलो स्क्रिप्ट गर्मागरम आ रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि एक बार सेट कन्फर्म हो जाता इसके बाद डायरेक्टर्स अक्सर चेंजेज किया करते और जो डायरेक्टर फ्री होते वो शूट के लिए पहुंत जाते थे। राधिका ने कहा है कि जब भी वह अपने किरदार के बारे में कुछ कहना चाहती थीं तो वो कहते कि वो इस बारे में तब सोचेंगे जब वे फिल्म बनाएंगे टीवी सीरियल में नहीं। अब राधिका की यही बातें सायंतनी को चुभ गई हैं। सायंतनी ने इंस्टाग्राम पर राधिका की शिकायत की है।

# मेरे किरदार से खुद को जोड़ पाएंगी महिलाएं : राशि खन्ना

-बोली एक्ट्रेस- मेरा फर्जी किरदार महिलाओं को आएगा पसंद



**मुंबई (ईएमएस)।** बहुत सारी महिलाएं उनके किरदार से खुद को जोड़ पाएंगी जिनका सामना वह अपने पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में हर रोज करती हैं। यह कहना है अभिनेत्री राशि खन्ना का। आगामी विजय सेतुपति और शाहिद कपूर अभिनीत वेब सीरीज फर्जी में राशि खन्ना सरकारी अधिकारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। राशि ने को बताया मेघा का मेरा किरदार एक आधुनिक लड़की का है। हम समानता और नारीवाद की बात करते हैं लेकिन फिर भी एक महिला को अपने पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में बहुत संघर्ष करना पड़ता है। वह सीरीज में अपनी मां के साथ अपने व्यक्तिगत जीवन में संघर्ष करती है। उन्होंने आगे बताया कि दर्शक उनके साथ सहानुभूति रखने के लिए बाध्य हैं और वह जो चाहती है उसे पाने के लिए उसकी अथक लड़ाईः आप उसके साथ सहानुभूति रखते हैं क्योंकि वह बहुत अथक है अगर वह अपना दिमाग लगाती है तो वह इसे किसी भी कीमत पर पूरा करती है और यह उसकी नौकरी और उसके वरिष्ठों से निपटने के तरीके में खुद को प्रकट करती है। वह मेरे लिए थोड़ी ग्रे है वास्तव में काली और सफेद नहीं है क्योंकि वह नियमों विनियमों और कानून की परवाह नहीं करती है। उन्होंने कहा- वह एक तरह से मेरे जैसी ही है और मैंने इस किरदार को निभाते हुए बहुत कुछ सीखा और मुझे कहना होगा कि बहुत सारी महिलाएं मेघा और उसके संघर्षों से खुद को जोड़ पाएंगी पुरुष सत्ता के खिलाफ महिलाओं की लड़ाई को देखते हुए जो अभी भी आधुनिक दुनिया के कामकाज को निर्धारित करती है अभिनेत्री को लगता है कि यह चरित्र बोर्ड की महिलाओं के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होगा।

## रश्मिका की फिर से छुट्टियों पर जाने की है इच्छा



सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में वो फिर से छुट्टियों पर जाने की इच्छा के बारे में बात कर रही हैं। रश्मिका को इंस्टाग्राम पर साझा की गई एक तस्वीर में काफी आरामदायक कपड़ों में देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर रश्मिका ने किसी खूबसूरत जगह से एक शानदार तस्वीर पोस्ट की और इसे कैप्शन दिया मैं वापस जाना चाहती हूं। हालांकि उन्होंने लोकेशन शेयर नहीं की। वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका अगली बार शांतनु बागची के निर्देशन में बनी मिशन मजनू में नजर आएंगी जो 20 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## सामंथा के लिए दुखी महसूस कर रहा हूं




साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया दी। एक ट्विटर हैंडल ने शाकुंतलम के ट्रेलर लॉन्च इवेंट से अभिनेत्री की एक तस्वीर पोस्ट की और तस्वीर पर लिखा सामंथा के लिए दुखी महसूस कर रहा हूं। उन्होंने अपना सारा आकर्षण और चमक खो दी है। जब सभी ने सोचा कि वह तलाक से मजबूती से बाहर आई है और वह पेशेवर जीवन ऊंचाइयों को देख रही है मायोसिटिस ने उन्हें बुरी तरह मारा जिससे वह फिर से कमजोर हो गई। सामंथा जो सफेद रंग की साड़ी में खूबसूरत लग रही थी और चश्मा पहने हुई थी ने इस ट्वीट का जवाब दिया मैं प्रार्थना करती हूं कि आपको कभी भी महीनों के इलाज और दवा से नहीं गुजरना पड़े जैसा मेरे साथ हुआ.. और यहां मेरी ओर से कुछ प्यार है। अपनी चमक में जोड़ने के लिए। सामंथा को पिछले साल मायोसिटिस नामक एक ऑटोइम्यून स्थिति का पता चला था।

# ऐश्वर्या के साथ रोमांस करने में रजनीकांत को छूट गया था पसीना

-नाम सुनते ही अनकंफर्टेबल हो गए थे रजनीकांत



**मुंबई (ईएमएस)।** पहली बार बच्चन बहू यानि ऐश्वर्या राय के साथ काम करते हुए तेलुगू सुपरस्टार एक्टर रजनीकांत पसीने छूट गए थे? इसकी वजह भी काफी दिलचस्प है। दरअसल मामला कुछ ऐसा है कि रजनीकांत दोस्त अमिताभ बच्चन की बहू और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय के साथ काम करना चाहते थे। उसके लिए उनकी ओर से चार फिल्मों के ऑफर भेजे गए थे। मगर एक्ट्रेस ने चारों प्रोजेक्ट्स को अस्वीकार किया था। हालांकि बाद में इनकी जोड़ी को एंथीरन में देखा गया था जिसका हिंदी डब रोबोट था रोबोट के जरिए ही ऐश्वर्या राय और रजनीकांत को पहली बार स्क्रीन शेयर करते हुए देखा गया था। इसमें दोनों की कैमिस्ट्री को खूब सराहा गया था। लेकिन फिल्म में लीड एक्ट्रेस के तौर पर जब थलाइवा ने पहली बार एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय का नाम सुना तो वो अनकंफर्टेबल हो गए थे। इसका खुलासा भी एक्टर ने एक इंटरव्यू में किया था। रजनीकांत ने पहली बार ऐश्वर्या राय के साथ काम करने के अनुभव के बारे में एक बार शेयर किया था कि वो उनके साथ काम करने को लेकर काफी असहज महसूस कर रहे थे। इसकी वजह थी कि उनके मन में चल रहा था कि वो दोस्त की बहू के साथ कैसे पर्दे पर रोमांस करेंगी। चूंकि ऐश्वर्या का रोल फिल्म में उनकी लेडी लव का था। थलाइवा ने इससे जुड़ा एक और किस्सा सुनाया था कि जब उनके साथ ऐश्वर्या के काम की जानकारी सभी को हुई तो लोग शॉक्ड थे ये जानकर कि वो ऐश्वर्या के साथ काम कर रहे हैं। इस पर लोगों के गजब के रिएक्शन्स रजनीकांत को देखने के लिए मिले थे जिसके बारे में एक्टर ने खुद शेयर किया था। उन्होंने बताया था कि लोग उनसे पूछकर तो बस केवल उन्हें घूरते रहते थे। कई तो अपने घर में बच्चन परिवार को लेकर बात करते थे कि ना जाने उन लोगों को क्या हो गया है। कुछ लोग तो ये तक कहने लगे थे कि लोग पैसों के लिए कुछ भी कर सकते हैं। इस बारे में थलाइवा ने खुद बिग बी को सुनाया था। इस पर वो खूब ठहाके लगाकर हंसे थे। बता दें कि तेलुगू सुपरस्टार एक्टर रजनीकांत ना केवल साउथ में बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुके हैं। उनके अनोखे अंदाज और एक्टिंग के लोग आज भी दीवाने हैं। 72 साल के रजनीकांत के साथ आज भी एक से बढ़कर एक हीरोइनें काम करना चाहती हैं। उन्होंने सदाबहार एक्ट्रेस रेखा जैसी हीरोइनों के साथ काम किया है।

# जैकलीन की जुबानी- सुकेश चंद्रशेखर ने मेरे जज्बातों से खेला मेरी जिंदगी बना दी नरक



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** अभिनेत्री जैकलीन फनार्डीज ने सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए की जबरन वसूली के मामले में बुधवार को दिल्ली की एक अदालत से कहा कि चंद्रशेखर ने उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया और उनके जीवन को नरक बना दिया। पटियाला हाउस अदालत में चल रहे मामले में अभिनेत्री ने दावा किया कि सुकेश की सहयोगी पिंकी ईरानी ने खुद को एक सरकारी अधिकारी के रूप में पेश किया और उनसे कहा कि उन्हें कार से सैर कराने ले जा रही है। जैकलीन के बयान के अनुसार सुकेश ने खुद को सन टीवी के मालिक के रूप में पेश किया था और दावा किया था कि (तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री) जे जयललिता उनकी मौसी थीं। जैकलीन ने कहा कि सुकेश ने मुझसे कहा कि वह उनका बड़ा प्रशंसक है और मुझे दक्षिण भारत में भी फिल्में करनी चाहिए। सन टीवी के मालिक के रूप में उसके पास कई प्रोजेक्ट हैं। उसने कहा कि हमें दक्षिण भारतीय फिल्मों में एक साथ काम करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुकेश ने मुझे गुमराह किया मेरा करियर और मेरी आजीविका बर्बाद कर दी। जैकलीन ने कहा कि उन्हें बाद में पता चला कि उन्हें गृह और कानून मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने दावा किया कि उन्हें सुकेश के असली नाम का पता तब चला जब उन्हें उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में बताया गया। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें पिंकी ईरानी ने धोखा दिया था। उसने कभी भी सुकेश की पृष्ठभूमि का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा कि पिंकी ईरानी चंद्रशेखर की गतिविधियों और पृष्ठभूमि से वाकिफ थी लेकिन उसने मुझे कभी इस बारे में नहीं बताया। इसी अदालत ने 16 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को अभिनेत्री द्वारा दायर एक आवेदन पर नोटिस जारी किया था जिसमें पेशे से जुड़े काम के लिए 27 जनवरी के बाद दुबई जाने की अनुमति मांगी गई है। उन्होंने आवेदन पर तत्काल सुनवाई के लिए अनुरोध किया था इसलिए अदालत ने मामले को अगली सुनवाई की तारीख 25 जनवरी तय कर दी। जैकलीन ने पिछले साल दिसंबर में बहरीन में अपनी बीमार मां से मिलने के लिए विदेश जाने की अनुमति मांगी थी।

हालांकि उन्होंने इसे वापस ले लिया क्योंकि अदालत उन्हें विदेश यात्रा की अनुमति देने को तैयार नहीं थी। चंद्रशेखर पर कथित तौर पर राजनेताओं मशहूर हस्तियों और व्यापारियों से पैसे वसूलने का आरोप है। उसने पूर्व फार्मा कंपनी रेनबैक्सी के मालिक शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह को 200 करोड़ रुपए का चूना लगाया। उसने कथित तौर पर जैकलीन को बहुत महंगे उपहार भेजे थे जबकि उसने अपनी जमानत अवधि के दौरान उनके लिए मुंबई से चेन्नई के लिए एक चार्टर्ड उड़ान भी बुक की थी। ईडी के अनुसार यह संदेह है कि कथित ठग ने सिंह से उगाही के पैसे का बड़ा हिस्सा जैकलीन को भेजा था।

## फिल्म भोला शंकर पर काम कर रहे हैं चिरंजीवी



हाल ही में प्रदर्शित हुई फिल्म वाल्टेयर वीरय्या की सफलता का सुपर स्टार चिरंजीवी आनंद ले रहे हैं। वर्तमान में चिरंजीवी अपनी आगामी फिल्म भोला शंकर पर काम कर रहे हैं। यह तमिल फिल्म वेदालम की आधिकारिक रीमेक है। बताया जा रहा हैं कि चिरंजीवी एक और रीमेक करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। अजित कुमार की विश्वसम को निर्देशक वीवी विनायक द्वारा तेलुगु में रीमेक किए जाने की संभावना है। मेगास्टार चिरंजीवी फिल्म में अजित की भूमिका को फिर से निभा सकते हैं। चिरंजीवी वर्तमान में निर्देशक मेहर रमेश की भोला शंकर की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म में कीर्ति सुरेश मेगास्टार चिरंजीवी की बहन की भूमिका निभाएंगी। बताया जा रहा हैं कि मेगास्टार तमिल सुपरहिट फिल्म विश्वसम की तेलुगु रीमेक करने के लिए बातचीत कर रहा है। इस फिल्म को वीवी विनायक द्वारा निर्देशित किए जाने की संभावना है। फिलहाल चिरंजीवी ने अभी तक अपनी हामी नहीं भरी है।

# सीरीज चार्ली कॉक्स के टाइटल कैरेक्टर डेयरडेविल पर केंद्रित



मैट कॉर्मन और क्रिस ऑर्ड द्वारा निर्मित और लिखित नई सीरीज चार्ली कॉक्स के टाइटल कैरेक्टर डेयरडेविल पर केंद्रित है। इसमें कॉक्स और डीऑनफ्रियो के अलावा जेम्स पहले से घोषित कलाकारों के सदस्य माइकल गंडोल्फिनी मार्गरीटा लेविएवा और सैंड्रिन होल्ट से जुड़ती हैं। अभिनेत्री निक्की एम. जेम्स को डिज्नी प्लस पर मार्वल की आगामी रिवाइवल सीरीज डेयरडेविलः बॉर्न अगेन में कास्ट किया गया है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक उनके कैरेक्टर के बारे में जानकारी गुप्त रखी जा रही है। मार्वल ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। वह फिलहाल फोकस फीचर फिल्म स्पॉइलर अलर्ट में नजर आ रही हैं। एक निर्देशक के रूप में अभिनेत्री निक्की एम. जेम्स ने द बाइट और द गुड फाइट के टीवी एपिसोड का निर्देशन किया है। अभिनेत्री निक्की एम. जेम्स ने हिट ब्रॉडवे संगीत द बुक ऑफ मॉर्मन में नबालुंगी की भूमिका की शुरूआत की जिसके लिए उन्होंने संगीत में सर्वश्रेष्ठ फीचर्ड अभिनेत्री के लिए टोनी पुरस्कार जीता। उन्हें हाल ही में द पब्लिक थिएटर में शाइना ताउब के सफ़्स के वर्ल्ड प्रीमियर प्रोडक्शन में देखा गया था।

## सूडोकु नवताल- 6321

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्दजाल - 7068

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शा | स | दौ | जॉ | न | अ | ब्रा | ह | म | ल्ली | क |
| ग | ह | ह | ग | ला | अ | जै | जी | ग | झ | क |
| स | क | रु | म | ह | झ | की | ना | ण | घ | को |
| ल | इ | ल | ख | हैं | प | श्रॉ | ला | र | ला | न |
| मा | श्क | ल | प | खा | रा | फ | गी | ण | ग | म |
| न | दा | ल | श | सं | न | ही | रं | व | ला | स |
| वि | वे | क | ओ | बे | रॉ | य | दे | या | ज | न्नी |
| अ | मि | ता | भ | ला | गु | य | रा | य | प | दे |
| ऋ | र | ल | प | व | ज | ना | ल | ओ | के | ओ |
| क | ति | ल | प | अ | या | दि | व्य | ब | स | ल |
| ज | जं | क | प | ख | सं | ज | य | द | त्त | म |

शब्द जाल में 10 अभिनेताओं के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

शाहरुख खान, सलमान, ऋतिक, विवेक ओबेरॉय, सन्नी देओल, जॉन अब्राहम, अजय देवगन, अमिताभ, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ

### शब्दजाल - 7067 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | रा | अ | ति | थि | ग | दा | मा | य | क | चि |
| मा | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | भू |
| द | आ | ह | झि | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | ख |
| प | जा | खि | च | ल | क | ड़ | हा | दा | र | ह |
| य | द | र | री | हा | मि | री | अ | न | प | ढ़ |
| ह | ह | प | व | झ | ह | ला | प | झ | न | ती |
| ट | ट | बु | अं | र | कू | ट | ना | ला | ह | क |
| दो | मु | सा | फि | र | छ | सौ | खू | ट | जू | ट |
| स | थो | तें | व | ह | ज | दा | न | दा | र | द |
| अं | खि | यों | के | झ | रो | खे | से | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ब | द | ल | ते | रि | श्ते | ह | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6021

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |


प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6020 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore





# नोवाक जोकोविच 15वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंचे, एंडी मरे का सफर समाप्त

**मेलबर्न ।**
सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अपने जीत के सिलसिले को कायम रखते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई। 35 साल के जोकोविच पुरुष एकल के तीसरे दौर के मैच में अपनी फिटनेस को लेकर परेशान रहे, लेकिन 27वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6(7), 6-3, 6-4 से हराने में सफल हुए। इस जीत के साथ ही जोकोविच ने अपने 10वें ऑस्ट्रेलियाई जीतने की ओर एक और कदम बढ़ा दिया। वह चौथे दौर के मुकाबले में एलेक्स डी मिनौर के खिलाफा खेलेंगे। पहला सेट जीतने के बाद पूर्व विश्व नंबर एक जोकोविच ने मेडिकल टाइमआउट लिया। अपनी हैमस्ट्रिंग चोट की चिंता के बावजूद जोकोविच ने दूसरा और तीसरा सेट जीतन के साथ तीन घंटे और सात मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। चौथे वरीय जोकोविच जब तीसरे सेट में 4-1 से आगे चल रहे थे तब भी उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया। जोकोविच ने पिछले मैच में भी हैमस्ट्रिंग की चोट का उपचार करवाया था। वह दिमित्रोव के खिलाफ मैच के दौरान तीसरे सेट में दर्द से परेशान रहे। अपनी बायीं जांघ पर पट्टी बांधकर खेलने वाले जोकोविच इस महीने की शुरुआत में एडिलेड अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतने के बाद से हैमस्ट्रिंग की चोट से परेशान हैं। ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे तीसरे दौर के मैच में रोबर्टो बातिस्ता आगुट से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। 35 साल के मरे ने टूर्नामेंट में दो मैराथन मुकाबले जीते थे, लेकिन इस बार आगुट ने उन्हें तीन घंटे और आधे मिनट तक चले मैच को 6-1, 6-7 (7), 6-3, 6-4 से जीतकर अगले दौर में जगह बना ली। मरे ने पहले औ दूसरे दौर के अपने मैच पांच सेट में जाकर जीते थे। आगुट के खिलाफ मैच में यही लग रहा था कि वह यह मैच में पांच सेट में जाकर जीत लेंगे, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। इस मैच मे सभी की निगाहें भी मरे पर ही थी और जब वह दूसरा सेट जीत गए तो दर्शकों ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका हौसला बढ़ाया। पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डैन इवांस को 6-4, 6-2, 6-3 से हराकर चार साल में तीसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। रूबलेव अंतिम 16 में नौवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून से भिड़ेंगे। डेनमार्क के 19 साल के रून ने यूगो हंबर्ट को 6-4, 6-2, 7-6 (5) से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय कुश्ती संघ की जनरल काउंसिल मीटिंग रद्द, चार सप्ताह तक नहीं होगी बैठक



**नई दिल्ली ।** भारतीय कुश्ती संघ की होने वाली आपात महापरिषद की बैठक रद्द कर दी गई है। यह बैठक अयोध्या में होने वाली थी, जिसमें कुश्ती संघ पर लगे आरोपों सहित कई मामलों पर चर्चा होनी थी। कुश्ती संघ ने अगले चार सप्ताह के लिए मीटिंग रद्द कर दी है। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर पहलवानों ने मनमाने तरीके से संघ चलाने और महिला खिलाड़ियों का यौन शोषण करने के आरोप लगाए थे। पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर में तीन दिन तक प्रदर्शन किया। इसके बाद खेल मंत्रालय ने बृजभूषण सिंह को कुश्ती संघ के कामकाज से दूर रहने के निर्देश दिए हैं। उनके ऊपर लगे आरोपों की जांच पूरी होने तक वह कुश्ती संघ के कामकाज से दूर रहेंगे। हालांकि, उन्हें उनके पद से हटाया नहीं गया है। जांच में निर्दोष पाए जाने पर वह अपने पद पर बने रहेंगे। खेल मंत्रालय ने बृजभूषण सिंह पर लगे आरोपों के बाद कुश्ती संघ की सभी गतिविधियों को रद्द करने के आदेश दिए हैं। मंत्रालय ने कहा कि उसने डब्ल्यूएफआई को तत्काल प्रभाव से चल रही सभी गतिविधियों को निलंबित करने का निर्देश दिया है, जिसमें यूपी के गोंडा में होने वाला रैंकिंग टूर्नामेंट भी शामिल है, जो महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का गढ़ है। शरण पर देश के कुछ शीर्ष पहलवानों ने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने और तानाशाही करने का आरोप लगाया गया है, जिसमें विनेश फोगट, बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और रवि दहिया शामिल हैं। मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई के सहायक सचिव विनोद तोमर को भी निलंबित कर दिया था, जो पहलवानों के आरोपों पर बयानबाजी कर रहे थे। तोमर ने बृजभूषण सिंह के समर्थन में बयान दिया था। इसके बाद तोमर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया गया, ताकि डब्ल्यूएफआई का कामकाज उचित तरीके से हो और बृजभूषण सिंह पर लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच हो सके। शरण के बेटे प्रतीक ने कहा था कि खेल संस्था की बैठक के बाद उनके पिता उन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों पर बयान जारी करेंगे।


### हॉकी वर्ल्ड कप...भारत के लिए करो या मरो मैचः न्यूजीलैंड को हराया तो क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगे, हारे तो होंगे बाहर



**भुवनेश्वर।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम हॉकी विश्वकप के क्रॉस ओवर मैच में न्यूजीलैंड की चुनौतियों का सामना करेगी। भारत को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए हर हाल में न्यूजीलैंड को हराना होगा। क्वार्टर फाइनल में सीधे पहुंचने के लिए भारत को पूल डी के अपने अंतिम मैच में वेल्स पर आठ गोल के अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत थी, लेकिन भारतीय टीम 4-2 से ही मैच जीत पाई। भारत यदि न्यूजीलैंड को हरा देता है तो उसका क्वार्टर फाइनल में सामना मौजूदा चैंपियन बेल्जियम से होगा। हॉकी विश्व कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच कुल छह मैच हुए हैं। इनमें से तीन में भारत को जीत मिली है, जबकि दो न्यूजीलैंड के नाम रहे हैं। एक मुकाबला बराबरी पर खत्म हुआ। दोनों टीमों के बीच कुल 44 मैच हो चुके हैं। इनमें से 24 मैच भारत जीता है और 15 मैच न्यूजीलैंड जीता है। पांच मैच ड्रॉ रहे हैं।

### वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया सही ट्रैक परः शमी बोले- मुझे नहीं लगता वर्ल्ड कप की तैयारी को लेकर किसी को अब भी डाउट है

**नई दिल्ली ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे मोहम्मद शमी ने वर्ल्ड कप को लेकर टीम इंडिया की तैयारियों का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में अभी काफी समय है और हमारे पास खिलाड़ियों को जानने के लिए समय है शमी ने रायपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 3 विकेट लिए। इस मैच में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर तीन वनडे मैचों की सीरीज को 2-0 से अपने पक्ष में कर लिया है। प्रेस वार्ता में जब शमी से वर्ल्ड कप को लेकर भारतीय टीम की तैयारी पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, देखिए, मुझे नहीं लगता कि टीम इंडिया को लेकर लोगों को किसी तरह का शक है। लोगों का भरोसा टीम पर है।



आज अथिया शेट्टी के हो जाएंगे केएल राहुल

# विरासत में मिली क्रिकेट...पिता की गलती से मिला नाम, कॉफी विद करण विवाद में भी फंसे

**नई दिल्ली ।**
टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल 23 जनवरी को बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी से शादी करने जा रहे हैं। खंडाला में हल्दी की रस्म हुई। इस स्टोरी में हम राहुल के करियर को पलट कर देखेंगे। पिता की गलती से नाम मिलना, 12 साल की उम्र में 2 दोहरे शतक का कारनामा करना, काफी विद करण शो में कॉन्ट्रोवर्सी होना..राहुलनामा में कई रोचक चैप्टर हैं, उन सब से गुजरेंगे।

### सबसे पहले जानिए राहुल के पिता की वह गलती...जिसके कारण उन्हें यह नाम मिला


केएल राहुल के पिता डॉ. केएन लोकेश सुनील गावस्कर के फैन थे। वे अपने बेटे का नाम गावस्कर के बेटे रखना चाहते थे। गावस्कर के बेटे का नाम रोहन था। लेकिन केएल के पिता केएन लोकेश को मालूथ था कि गावस्कर के बेटे का नाम राहुल है। उन्होंने अपने बेटे का नाम केएल राहुल पड़ गया।

### विरासत में मिली क्रिकेट

केएल राहुल के पिता भी अच्छे क्रिकेट रहे हैं। वे कॉलेज लेवल पर खेलते थे। ऐसे में केएल राहुल को खेल विरासत के रूप में मिला। राहुल ने बचपन में फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और तैराकी की प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया। आखिरकार क्रिकेट को करियर के रूप में चुना।

### एनआईटी में पले-बढ़े, वहीं से स्कूलिंग की

केएल राहुल के पिता एनआईटी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग, कर्नाटक) के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर हैं। उनकी मां भी मंगलौर यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर थी। राहुल ने अपना हाई स्कूल इंग्लिश मीडियम स्कूल और कॉलेज प्री-यूनिवर्सिटी बेंगलुरु के सेंट अलॉयसियस से पूरा किया। बाद में वे बेंगलुरु की जैन यूनिवर्सिटी में पढ़ने लगे, ताकि पूरा ध्यान क्रिकेट में लगा सकें। इस यूनिवर्सिटी की क्रिकेट टीम अच्छी थी।



### 12 साल की उम्र में 2 दोहरे शतक

राहुल ने 10 साल की उम्र में क्रिकेट अकादमी में दाखिला ले लिया था। दो साल बाद वे क्लब क्रिकेट खेलने लगे। 12 साल की उम्र में राहुल ने कर्नाटक के लिए अंडर-13 इंटर जोनल टूर्नामेंट में 2 दोहरे शतक लगाए थे। बाद में वे कर्नाटक के लिए अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 और अंडर 23 टीम का हिस्सा रहे। 18 साल की उम्र में राहुल अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में चुने गए।

इसी साल उन्हें कर्नाटक की रणजी टीम के लिए खेलने का भी मौका मिला। उन्होने पंजाब के खिलाफ अपना डेब्यू किया। उन्हें अगले सीजन में टीम में शामिल नहीं किया गया, लेकिन राहुल ने मेहनत की और 2012-13 में कर्नाटक रणजी टीम में वापसी की और उस सीजन में उन्होंने 5 मैच खेले और 50 की एवरेज से 400 रन बनाए। 2013-14 के डोमेस्टिक सीजन में उन्होंने 1,033 फर्स्ट क्लास रन बनाए, जो उस सीजन में दूसरे सबसे बड़े स्कोरर थे।

### 2013 में आईपीएल टीम आरसीबी से जुड़े

राहुल 2013 में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल फ्रेंचाइजी आरसीबी से जुड़े। उनका पहला सीजन खास नहीं रहा। अगले साल उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 1 करोड़ में खरीदा। उन्होंने 11 मैच खेले और 166 रन बनाए।

2016 के सीजन में उन्हें आरसीबी ने फिर खरीदा, तब राहुल ने आईपीएल सीजन में 397 रन बनाए। वे कंधे की चोट के कारण 2017 का सीजन नहीं खेल सके थे। पिछले साल उन्हें लखनऊ फ्रेंचाइजी ने 17 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा। राहुल ने 2014 में मेलबर्न में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया। बॉक्सिंग-डे टेस्ट उन्हें महेंद्र सिंह धोनी ने डेब्यू कैप दी थी। राहुल रोहित शर्मा की जगह टीम में शामिल हुए थे। उन्होंने सिडनी टेस्ट में मुरली विजय के साथ ओपनिंग करते हुए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक (110 रन) जमाया। केएल राहुल को 2016 में जिम्बाब्वे दौरे के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया। राहुल (100*) ने अपनी पहली ही इनिंग में शतक जड़ा। वे 100* रन बनाकर नॉट आउट रहे। यह ऐसा करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने। उन्हें मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने इसी के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना टी-20 डेब्यू भी किया।

### अब बात उस कॉन्ट्रोवर्सी की

केएल राहुल साल 2019 में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के साथ करण जौहर के टीवी शो काफी विद करण में गए थे। वहां पंड्या ने महिलाओं को लेकर अभद्र टिप्पण की। उसके बाद दोनों को बोर्ड की ओर से चेतावनी भी मिली थी। राहुल ने शो में कहा था- मैं मलाइका अरोड़ा का फैन हूं। मलाइका मेरी क्रश रही हैं, लेकिन जब मुझे पता चला कि वह अर्जुन कपूर के साथ रिलेशनशिप में है, तो उनके लिए मेरा क्रश खत्म हो गया।

# अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में हारीं सानिया मिर्जा, अब मिश्रित युगल आखिरी उम्मीद



**मेलबर्न ।**
सानिया मिर्जा और उनकी जोड़ीदार एना डेनिलिना महिला युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गईं। भारत और कजाखस्तान की खिलाड़ी की जोड़ी को बेल्जियम की एलिसन वान उइतवैंक और यूक्रेन की एनहेलिना कलिनिना ने 4-6, 6-4, 2-6 से हराया। इस हार के साथ ही सानिया के आखिरी ग्रैंड स्लैम में खिताब जीतने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है। हालांकि, मिश्रित युगल में उम्मीदें बची हुई हैं, लेकिन सानिया और रोहन बोपन्ना के लिए ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतना बेहद मुश्किल होगा। सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना ने मिश्रित युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। रियो 2016 के सेमीफाइनलिस्ट साइना मिर्जा और रोहन बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड एंट्री जैमी फोरलिस और ल्यूक सैविल को एक घंटे 14 मिनट में 7-5, 6-3 से हराया।

भारतीय जोड़ी को मैच में शुरुआती झटका लगा, चौथे गेम में उनकी सर्विस टूट गई। हालांकि, मिर्जा और बोपन्ना ने तुरंत वापसी की और अगले आठ में से छह गेम जीत पहला सेट अपने नाम किया। मिर्जा और बोपन्ना ने दूसरे सेट पर अपनी पकड़ बनाए रखी और सातवें और नौवें गेम में जेमी फोरलिस और ल्यूक सैविल को हराकर सेट और मैच जीत लिया।

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सानिया मिर्जा का सामना राउंड ऑफ 16 में निकोल मेलिचर-मार्टिनेज/मैटवे मिडेलकूप और एलेन पेरेज/हैरी हेलिओवारा के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा ने 2017 फ्रेंच ओपन में मिश्रित युगल खिताब जीता था। सानिया मिर्जा और महेश भूपति ने 2009 में ऑस्ट्रेलियन ओपन मिश्रित युगल चैंपियनशिप जीती। इससे पहले, सानिया मिर्जा और अन्ना डेनिलिना ने डालमा गल्फी और बर्नार्डा पेरा की हंगरी-अमेरिकी टीम को हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया था। इस बीच, रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन शुक्रवार को ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर और अलेक्जेंडर एर्लर से 6-3, 7-5 से हारने के बाद पुरुष युगल प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे।

# नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्विटेक ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर, ऐलेना ने सीधे सेटों में हराया

**मेलबर्न ।**
ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 में पुरुषों के बाद महिला एकल में भी उलटफेर का दौर शुरू हो चुका है। दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गई हैं। वह महिला एकल के चौथे दौर में एलेना रयबाकिना से 4-6, 4-6 से हार गईं। रयबकिना ने महिला एकल स्पर्धा में नंबर एक खिलाड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया है। स्वियातेक इस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता वाली महिला खिलाड़ी भी थीं। विंबलडन चैंपियन रयबानिका ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके अपने खिताब जीतने की प्रबल दावेदारी पेश की है।

इससे पहले इस टूर्नामेंट में पुरुष एकल में शीर्ष वरीयता वाले राफेल नडाल और दूसरी वरीयता वाले कैस्पर रुड हारकर बाहर हो चुके हैं। इन दोनों के अलावा एंडी मरे और दानिल मेदवेदेव भी इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कजाखस्तान की रयबनिका ने एक घंटे और 29 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार खेल दिखाया और स्वियातेक को टूर्नामेंट से बाहर करने के साथ ही अपने खिताब जीतने की प्रबल दावेदारी पेश की। पिछले साल यूएस ओपन अपने नाम करने वाली कजाखस्तान की खिलाड़ी ने कहा कि यह वाकई काफी मुश्किल मैच था। क्वार्टर फाइनल में रयबकिना का सामना जेलेना ओस्टापेंको से होगा। स्वियातेक ने अपने ओपनिंग सर्विस गेम में 40-0 की बढ़त बनाई और अगले गेम में रयबकिना की गेंद पर 15-40 की बढ़त बनाई। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर पीछे नहीं देखा और मैच अपने नाम किया। मैच के बाद उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं अच्छी सर्विस कर रही थी और बस एक तरफ थोड़ा संघर्ष कर रही थी, लेकिन महत्वपूर्ण क्षणों में मैंने वास्तव में अच्छा खेला और इससे फर्क पड़ा।



### कोको गॉफ भी हारीं

महिला एकल में उलटफेर का दौर जारी है। सातवीं वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को भी सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा है। 17वी वरीयता वाली जेलेना ओस्टापेंको ने उन्हें 7-5, 6-3 के अंतर से हराया।

# बृजभूषण सिंह का पक्ष लेने वाले कुश्ती संघ के सहायक सचिव पर गिरी गाज, खेल मंत्रालय ने किया सस्पेंड

**नई दिल्ली ।**
खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ के सहायक सचिव विनोद तोमर को सस्पेंड कर दिया है। विनोद तोमर ने सुबह में ही में कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के पक्ष में बयान दिया था। विनोद तोमर का मानना है कि बृजभूषण शरण सिंह ने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने कहा था, आरोप निराधार हैं। ऐसा कुछ नहीं है। तीन-चार दिन हो गए हैं और उन्होंने अभी तक कोई सबूत पेश नहीं किया है। मैं पिछले 12 सालों से उनके साथ जुड़ा हुआ हूं और मैंने ऐसा कुछ नहीं देखा।

विनोद तोमर ने आगे कहा था, जब तक जांच जारी है तब तक उन्होंने खुद को अलग रखा है। उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है, लेकिन जांच समाप्त होने तक भारतीय कुश्ती संघ की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों से खुद को दूर कर लिया है ताकि जांच प्रभावित न हो।

### कुश्ती संघ ने खेल मंत्रालय को भेजा अपना जवाब

भारतीय कुश्ती संघ ने खेल मंत्रालय के नोटिस पर दिए अपने जवाब में धरने पर बैठे अंतरराष्ट्रीय पहलवानों के आरोपों को खारिज किया है। संघ ने कहा कि उसके अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण सहित लगाए गए सभी आरोप गलत हैं। साथ ही कहा कि संघ एक निर्वाचित इकाई है, लिहाजा उसमें अध्यक्ष सहित किसी भी व्यक्ति के लिए मनमानी और अव्यवस्था के लिए कोई जगह नहीं है। अध्यक्ष कोई भी फैसला कुश्ती के हित को ध्यान में रखकर लेते हैं। कुश्ती संघ ने खेल मंत्रालय के जवाब देने के नोटिस पर अपना पक्ष रखा है। संघ ने अपना जवाब शुक्रवार रात को 72 घंटे की नोटिस की अवधि पूरा होने से पहले दे दिया था।



### क्या है पूरा मामला

भारत के 30 से ज्यादा पहलवानों ने बुधवार के दिन दिल्ली के जंतर-मंतर में भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना शुरू किया था और उन पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि, बृजभूषण ने इस आरोपों को सिरे से खारिज किया और पहलवानों पर आरोप लगा दिए। बृजभूषण के आरोपों का पहलवानों पर कोई असर नहीं पड़ा और प्रदर्शन जारी रहा। इस बीच खेल मंत्रालय और कुश्ती संघ ने बातचीत के जरिए मामला सुलझाने की कोशिश की, लेकिन सारी कोशिशें नाकाम रहीं। पहलवान अपनी मांग पर अड़े रहे। अंत में पहलवानों के सामने बृजभूषण के दांव पेंच कमजोर पड़ गए और उन्हें कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से अस्थायी रूप से हटा दिया गया।

बुधवार सुबह शुरू हुआ प्रदर्शन तीन दिन तक चला शुक्रवार रात पहलवानों ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ बात की और बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से अस्थायी रूप से हटा दिया गया और उनके ऊपर लगे आरोपों की जांच के लिए समिति बना दी गई।

खेल जगत का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल

# 150 से ज्यादा खिलाड़ी बनी थीं डॉक्टर की हवस का शिकार

**नई दिल्ली ।**
**भारतीय कुश्ती संघ में लड़कियों के साथ यौन शोषण के आरोप लगने के बाद देश में काफी बवाल मचा हुआ है। भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाले पहलवानों की अगुआई में कुश्ती जगत के 30 खिलाड़ियों ने दिल्ली के जंतर-मंतर में 18 जनवरी (बुधवार) को प्रदर्शन शुरू कर दिया। पहलवानों का कहना था कि कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कई खिलाड़ियों का यौन शोषण किया है। पुरुष कोच भी लड़कियों और महिला कोच का शोषण करते थे।**

पहलवानों के प्रदर्शन के चलते बृजभूषण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष के पद से हटा दिया गया है और उनके खिलाफ जांच के लिए टीम बना दी गई है। पहलवानों का दावा है कि बृजभूषण ने कई लड़कियों का यौन शोषण किया है। इनमें से 5-6 लड़कियां उनके साथ हैं और इन लड़कियों के पास यौन शोषण की बात को साबित करने के लिए सबूत भी हैं। हालांकि, यह पहला मामला नहीं है, जब किसी खेल से जुड़ी लड़कियों के साथ ऐसी घटना हुई है। खेल जगत का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल अमेरिका में हुआ था, जहां एक डॉक्टर के खिलाफ 150 से ज्यादा लड़कियों ने कोर्ट में यौन शोषण की बात कही थी। यहां हम इसी मामले के बारे में बता रहे हैं।

### लैरी नासर पर 150 से ज्यादा लड़कियों के शोषण का आरोप



अमेरिका के लैरी नासर ने स्पोर्ट्स मेडिसिन में लगभग एक दशक तक काम किया। उन्होंने पहले डेट्रायट स्कूल में एक छात्र एथलेटिक ट्रेनर के रूप में काम किया फिर मिशिगन विश्वविद्यालय में फुटबॉल टीम के साथ काम किया। वह 1996 में एक एथलेटिक ट्रेनर के रूप में यूएस जिम्नास्टिक राष्ट्रीय टीम के मेडिकल स्टाफ में शामिल हुए। लगभग 19 साल बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद अचानक कई लड़कियों ने उन पर यौन शोषण के आरोप लगाए।

यौन शोषण के आरोप पहली बार 2016 में सुर्खियों में आए, इसके बाद दो जिमनास्ट ने नासर पर शोषण के आरोप लगाए। इनमें से एक का कहना था कि जब उनके साथ यह सब हो रहा था, तब वह सिर्फ 15 साल की थीं। इस बीच, यूएसए टुडे ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि नासर के खिलाफ कई मौकों पर आरोप लगाए गए थे, लेकिन वह अपने पद पर बने रहे और वर्षों तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इसके बाद 125 महिलाओं ने पुलिस में शिकायतें दर्ज कीं और 300 से अधिक लोगों ने उन संस्थानों के खिलाफ मुकदमा दायर किया, जहां नास काम करते थे। इनमें पीड़ित, पीड़ितों के पति-पत्नी और माता-पिता सहित अन्य करीबी शामिल थे। आरोपी संस्थानों में यूएसए जिमनास्टिक्स और मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी प्रमुख थे।

आरोप लगाने वालों में तीन एथलीट थीं, जिन्होंने 2012 में ओलंपिक जिम्नास्टिक का स्वर्ण जीता था। इन्होंने 2017 में सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि वह भी इन सब से गुजरी हैं। इसके बाद मकायला मारोनी के बाद अमेरिकी जिम्नास्टिक टीम की तत्कालीन कप्तान एली रईसमैन और गैबी डगलस ने नासर पर शोषण के आरोप लगाए। जनवरी 2018 में, सीमोन बाइल्स ने भी कहा कि नासर ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया था। इसके बाद नासर के खिलाफ सुनवाई होती रही और उन्हें अलग-अलग मामलों में कई साल की जेल हो चुकी है। नासर की आखिरी सुनवाई में जज ने कहा था कि तुम जेल के अंदर ही मरोगै, जैसे एक चुड़ैल मरी थी।

# अखंड भारत की आजादी के स्वप्नद्रष्टा
# नेताजी सुभाष चंद्र बोस



भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने का सपना देखकर उसे साकार करने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज जयंती देश मना रहा है। गणतंत्र दिवस समारोह 24 जनवरी की जगह 23 जनवरी से शुरू होंगे। *तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा* के ओजस्वी उद्‌घोष से समग्र राष्ट्र में देशभक्ति त्याग और बलिदान के अनियंत्रित तूफान को सृजित करने वाले भारतीय स्वाधीनता संग्राम के क्रांतिधर्मा महानायक सुभाष चंद्र बोस का देश की आजादी के इतिहास में अनुपम और अतुलनीय योगदान हैं। भारत को विश्व की एक महान शक्ति बनाने के लिए संकल्पित सुभाष चंद्र बोस की अमिट छवि भारतीय जनमानस में नेताजी के रूप में अंकित है। 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में जन्मे सुभाष एक व्यवहारिक चिंतक, अद्‌भुत संगठनकर्ता और करिश्माई नेतृत्व के धनी थे जिनके स्वाभिमानी व्यक्तित्व में जादुई आकर्षण था। उनकी वाणी में अद्‌भुत ओज था। विचारों की स्पष्टता, प्रखरता, दूरदर्शिता, लक्ष्य की दृढ़ता, सिद्धांतों की प्रतिबद्धता, राष्ट्रभक्ति और जन सेवा के प्रति समर्पण एवं अपने कार्य के प्रति असीम आत्मविश्वास के साथ गहन निष्ठा का भाव उनके व्यक्तित्व में इस तरह समाहित था कि उन्होंने बिना झिझक अंग्रेज साम्राज्य के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष का आव्हान किया। उस अंग्रेजी साम्राज्य के विरुद्ध जिसमें कभी सूर्यास्त नहीं होता था और ब्रिटेन के विद्रोही कवि अर्नेस्ट जोन्स के शब्दों में वह इतना क्रूर भी हो गया था कि उसके उपनिवेशों में रक्त भी कभी नहीं सूखता था। उन्होंने साहसपूर्वक अंग्रेजी हुकूमत से टक्कर लेते हुए युवाओं में क्रांति की चेतना जागृत की और दुनिया के अन्य राष्ट्रों से चर्चा कर भारत की आजादी के पक्ष में विश्व जनमत निर्माण का ऐतिहासिक कार्य किया। सुभाष का बचपन से ही अध्यात्म की ओर झुकाव रहा। कटक में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। कोलकाता के प्रेसिडेंसी कॉलेज और कैंब्रिज विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद देश की आजादी के लिए आजीवन ब्रह्मचर्य का संकल्प लेने वाले सुभाष के मन में भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रति अगाध श्रद्धा, आस्था और अटूट प्रेम था। कलकत्ता के प्रेसिडेंसी कॉलेज के प्रोफेसर ओटन जो भारतीय छात्रों को घृणा की दृष्टि से देखता था, उन्हें गंवार और जंगली कहकर अपमानित करता था। यह स्वाभिमानी सुभाष को बिल्कुल स्वीकार्य नहीं था। अत: उन्होंने उसके विरुद्ध कॉलेज में छात्रों के साथ मिलकर हड़ताल की, कक्षाओं का बहिष्कार किया और एक दिन मौका पाकर अन्य छात्रों के साथ मिलकर कक्षा में ही उसे करारा सबक सिखाने के लिए जमकर पिटाई कर दी। उस प्रोफेसर के होश उड़ गए। अंतत: प्रोफेसर ने छात्रों से क्षमा मांगी और भारतीयों का अपमान करना बंद कर दिया। यद्यपि इस घटना के बाद सुभाष को कॉलेज से निकाल दिया गया किंतु इसका उन्हें तनिक भी अफसोस नहीं हुआ, बल्कि उनका मन प्रफुल्लित हुआ। सुभाष ने कहा कि भारतीय होने का अर्थ यह नहीं है कि हम असभ्य और गंवार हैं। हम पूरी तरह से सभ्य और सुसंस्कृत हैं। किसी को भी हमें अपमानित करने का अधिकार नहीं है तत्पश्चात स्कॉटिश चर्च कॉलेज से उन्होंने दर्शनशास्त्र में स्नातक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। उन्होंने मिलिट्री प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। पिताजी चाहते थे कि सुभाष इंग्लैंड जाएं और सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा आईसीएस होकर लौटे। किंतु जन्मजात विद्रोही सुभाष के मन में अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से उखाड़ फेंकने की बगावत का बीजारोपण तो हो ही चुका था। समाज सेवा, राष्ट्र सेवा और जन सेवा का कर्तव्य भाव उन्हें पुकार रहा था। ना चाहते हुए भी पिता की आज्ञा का पालन किया और इंग्लैंड से आईसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली, किन्तु उनकी सरकारी नौकरी करने की इच्छा बिल्कुल नहीं थी। उन्होंने दृढ़ता पूर्वक प्रतिकार करते हुए कहा कि वह शासन तंत्र जो मेरी मातृभूमि को दासता की जंजीरों में जकड़ा हुआ है उसकी कठपुतली या पुर्जा बनना मुझे स्वीकार नहीं है। विदेशी हुकूमत हमारे युवकों को गोलियों से भून रही है उन्हें जेलों में यातनाएं दे रही है और मैं उनकी गुलामी करूं यह असंभव है और 22 अप्रैल 1922 को उन्होंने पिता की इच्छा के विरुद्ध आईसीएस से त्यागपत्र दे दिया। एक अंग्रेज पुलिस अधिकारी ग्रीफीथ जो सुभाष को पूर्व से जानता था उन्हें गिरफ्तार करने के लिए गिरफ्तारी वारंट लेकर उनके कमरे पर पहुंचा जहां वे साधारण कपड़े में बैठे थे, कोने में एक तरफ मिट्टी का घड़ा रखा हुआ था। उसने कहा मैं तुम्हें गिरफ्तार करने आया हूं। तुम क्या हो सकते थे और क्या हो गए। सुभाष ने कहा कि ठीक कहा तुमने मैं गुलाम हो सकता था लेकिन आज मैं अपने देश की स्वाधीनता का सजग सिपाही हूं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुझे तुम्हारे कमरे की तलाशी भी लेनी है। हां हां क्यों नहीं तलाशी भी ले सकते हो। पुलिस अधिकारी ने कमरे की हर चीज को देखा लेकिन उसे कोई भी वस्तु आपत्तिजनक नहीं मिली। तब उसने चौकी पर रखी चांदी की डिबिया खोली पूछा कि इसमें ये चूर्ण जैसा क्या है। सुभाष ने कहा यह मेरे देश की पवित्र मिट्टी है। मैं प्रतिदिन इसकी पूजा करता हूं और देश की स्वाधीनता के अपने उद्देश्य का स्मरण करता हूं। अधिकारी ने कहा सुभाष तुम अवश्य ही पागल हो गए हो अन्यथा भला कोई मिट्टी की भी पूजा करता है। सुभाष बोले यह बात तुम्हारी समझ में नहीं आएगी। तुम्हारा जन्म इंग्लैंड में हुआ है। अगर तुम भारत भूमि में पैदा हुए होते तो जान पाते की मां और मातृभूमि की महत्ता क्या है। जिसे तुम मिट्टी कह रहे हो वह मेरी भारत माता की चरण रज है। मैं इसे माथे पर लगाता हूं। तुम इन बातों को समझने योग्य नहीं हो। मुझे गिरफ्तारी का कोई भय नहीं है। कष्ट और त्याग ये दोनों स्वराज की नींव है और इन्हीं पर हमारे स्वतंत्र राष्ट्र का निर्माण होगा। यदि देश के युवक उसके लिए स्वयं को अर्पित करने के लिए तैयार हों तो स्वतंत्रता की कल्पना को साकार करने में देर नहीं लगेगी। सुभाष के इस विलक्षण उत्तर से पुलिस अधिकारी निरुत्तर हो गया। बंगाल के देशभक्त चितरंजन दास की प्रेरणा से सुभाष राजनीति में आए स्वयंसेवक बने फिर राष्ट्रीय विद्यापीठ के आचार्य और कॉंग्रेस स्वयंसेवक दल के प्रमुख। अपने साथियों के साथ सेवादल बनाकर मानव सेवा में जुट गए। उनकी ख्याति युवा नेता और समाजसेवी के रूप में विख्यात हो गई। उत्तर बंगाल के बाढ़ पीड़ितों की अद्‌भुत सेवा की। स्वराज पार्टी के प्रमुख पत्र फॉरवर्ड के संपादक बनाए गए। 1924 में जब देशबंधु कोलकाता के मेयर बने तब सुभाष को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया। जहां उन्होंने प्रशासनिक दक्षता, राष्ट्रवादी भावनाओं और जन हितेषी कार्यों से अपनी प्रामाणिकता सिद्ध की। इस दौरान प्रिंस ऑफ वेल्स के स्वागत के बहिष्कार के संबंध में उन्हें गिरफ्तार किया गया। यहीं से उनकी जेल यात्राएं प्रारंभ हुई जो सन 1941 तक तब तक चलती रही जब तक वे चुपके से निकलकर जर्मनी नहीं चले गए। वे कुल 11 बार गिरफ्तार किए गए और लगभग 15 वर्षों तक जेल में रहे। 1928 में प्रांतीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए लगातार परिश्रम से वे बीमार हो गए। बमुश्किल 1932 में जर्मनी में चिकित्सा के लिए गए और वहां से लौटने पर 1939 में पट्टाभी सीतारमैया को चुनाव में पराजित कर पुन: कांग्रेस के अध्यक्ष बन गए। गांधीजी ने इसे अपनी व्यक्तिगत हार माना। गांधी के अहिंसा वादी विचारों का सुभाष के क्रांतिकारी विचारों से मेल नहीं होता था। अत: उन्होंने अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। उग्रवादी विचारधारा के अमर सेनानी सुभाष का दृढ़ विश्वास था कि ब्रिटिश शासन की नृशंसता का सशस्त्र बल से विरोध करने पर ही भारत मां को आजाद किया जा सकता है। अपना रक्त दिए बिना भारत को मुक्त नहीं किया जा सकता। भारतीय संस्कारों से युक्त पूर्ण स्वराज का लक्ष्य लेकर उन्होंने फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की। गांधी के व्यक्तिगत सत्याग्रह प्रारंभ करने के दौरान सुभाष बाबू ने बंगाली जनता को हालवेल, ब्लैक होल स्मारक को हटा देने एवं सामूहिक आंदोलन करने का आव्हान किया। फलस्वरुप आंदोलन के लिए उमड़ते तूफान की आशंका से भयभीत हो सुभाष को पुन: जेल में डाल दिया गया। जहां उनके अनशन प्रारंभ करने पर उन्हें छोड़ दिया गया। किंतु उनके घर में ही उन्हें फिर नजरबंद कर दिया गया। 26 जनवरी 1941 को वे वेश बदलकर गूंगे बहरे पठान जियाउद्दीन मौलवी के रूप में विषम परिस्थितियों और भयानक खतरों का सामना करते हुए काबुल होते हुए इटली से जर्मनी पहुंच गए। उनका विश्वास था कि कांग्रेस के असहयोग और सत्याग्रह आंदोलन के शस्त्र की धार इतनी पैनी नहीं है कि वे ब्रिटिश राजनीति के मोटे कवच को भेदकर उनकी ह्रदय गति को बंद कर सकें। अंतत: उन्होंने देश से बाहर जाकर विदेशी सहायता से सेना को संगठित करने का निश्चय किया। उन्होंने पश्चिमी देशों में घटित क्रांतियों, सर्वहारा वर्ग के हित में बनाए गए उन देशों के संविधानों का अध्ययन किया। लेनिन, स्टालिन, डी बलेरा, कमाल अतातुर्क, हिटलर, मुसोलिनी आदि की नेतृत्व क्षमता का तुलनात्मक अध्ययन कर वे इस नतीजे पर पहुंचे कि भारत में राष्ट्रीय चेतना का स्वरूप निस्तेज है और उसे जागृत करने के लिए युवाओं को प्रेरित करना आवश्यक है। युवा शक्ति की भागीदारी के बिना आजादी संभव नहीं है। उन्होंने देश की हालत के संबंध में रोम्याब-रोलां से भी मुलाकात की। मुसोलिनी ने जब सुभाष से पूछा कि उनका विश्वास सुधारवाद में है या क्रांति में। तो सुभाष ने उत्तर दिया क्रांति में। यह सुनकर मुसोलिनी मुस्कुराए और कहा तब तो भारत की आजादी पक्की है। 1939 में द्वितीय विश्वयुद्ध प्रारंभ हुआ। सुभाष बाबू को लगा कि इस समय इंग्लैंड संकट में है और देश की आजादी के लिए ये उपयुक्त अवसर है। किंतु कांग्रेस को अपने अनुकूल परिवर्तित करने में वे सफल नहीं हो सके।


G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

सत्यमेव जयते
असम सरकार

नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन
23 जनवरी

भारत के सुपुत्र, अक्लांत देशसेवक
नेताजी सुभाष चंद्र बोस को
उनके जन्मदिन पर असमवासियों की
ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।



डॉ. हिमंत विश्व शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, असम

23 जनवरी, 2023

सूचना और जनसंपर्क निदेशालय, असम द्वारा प्रचारित
Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in
असम वार्ता सब्सक्राइव करने के लिए 8287912158 में Assam लिखकर व्हाट्सएप करें।
-- Janasanyog /D/ 20885/ 22


मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**